




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 175 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.13 2079 गुरुवार, 8 सितंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये


## केजरीवाल पर स्टांप ड्यूटी चोरी करने का आरोप एलजी ने दिल्ली के सीएस को जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। सीएम केजरीवाल पर स्टांप शुल्क की चोरी का आरोप लगा था, जिसकी एलजी को शिकायत मिली थी। इस पर एलजी ने एक्शन लिया है। एलजी ने इस शिकायत को चीफ सेक्रेटरी के पास आगे कार्रवाई के लिए भेज दिया है। चीफ सेक्रेटरी को जो पत्र भेजा गया है उसमें लिखा है कि अरविंद केजरीवाल ने 3 प्लॉट 4.54 करोड़ रुपए में बेचे लेकिन इनको कागजों पर अंडरवैल्यू करके 72.72 लाख रुपए का दिखाया।

# सेंट्रल विस्टा में रेड ग्रेनाइट का वॉकवे

### 16 पुल और फूड स्टॉल, उद्घाटन आज



नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। दिल्ली के ऐतिहासिक राजपथ और सेंट्रल विस्टा लॉन का रीडेवलपमेंट किया गया है। अब इनका नाम बदल कर 'कर्तव्य पथ' रख दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 सितंबर को इसका उद्घाटन करेंगे।

सेंट्रल विस्टा एवेन्यू विजय चौक से इंडिया गेट तक 3.2 किमी में फैला हुआ है। प्रोजेक्ट को पूरा करने में 20 हजार करोड़ रुपए लगे हैं। इसे डिजाइन करने वाले डॉ बिमल पटेल हैं। यहां रेड ग्रेनाइट से बने 15.5 किमी के वॉकवे से लेकर 16 पुल और फूड स्टाल तक की व्यवस्था की गई है। इसे लगभग 20 महीने बाद आम लोगों के लिए खोला जाएगा। यह पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जो मोदी सरकार के सेंट्रल विस्टा रीडेवलपमेंट प्लान के तहत पूरा हुआ है। सेंट्रल विस्टा प्लान की घोषणा सितंबर 2019 में की गई थी। 10 दिसंबर 2020 को पीएम नरेंद्र मोदी ने इसकी नींव रखी थी। हालांकि यहां की कुछ इमारतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनमें राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल, हैदराबाद हाउस, रेल भवन, वायु भवन रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं।

### सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में ये डेवलपमेंट भी शामिल

* नया त्रिकोणीय संसद भवन, सामान्य केंद्रीय सचिवालय (सेक्रेट्रिएट), तीन किलोमीटर के राजपथ का सुधार
* नया प्रधानमंत्री आवास, नया प्रधानमंत्री कार्यालय, नया उपराष्ट्रपति एन्क्लेव।
* नया त्रिकोणीय संसद भवन पार्लियामेंट हाउस स्टेट के प्लॉट नंबर 118 पर तैयार हो रहा है। पूरा प्रोजेक्ट 64,500 स्कायर मीटर में फैला है। संसद की मौजूदा बिल्डिंग 16,844 वर्ग मीटर में फैली है। संसद की नई बिल्डिंग 20,866 वर्ग मीटर में फैली हुई है। यानी, पुरानी बिल्डिंग से करीब 4 हजार वर्ग मीटर ज्यादा बड़ी है। इसमें सांसदों के लिए लाउंज, महिलाओं के लिए लाउंज, लाइब्रेरी, डाइनिंग एरिया जैसे कई कम्पार्टमेंट होंगे।

## शाही जामा मस्जिद को उड़ाने की धमकी



बरेली, 7 सितंबर (एजेसियां)। किला स्थित बरेली की शाही जामा मस्जिद को उड़ाने की धमकी दी गई है। साथ ही मस्जिद के इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम को भी जान से मारने की धमकी दी गई है। इस संबंध में जामा मस्जिद के मुख्य द्वार के बराबर की दीवार पर पोस्टर चिपकाया गया है। इसकी इबारत कुछ इस तरह है, 'किसी भी जुमे को मस्जिद में बम रखा जाएगा। इस इमाम को निकाला जाए, मस्जिद से दूर रहें, खुर्शीद आलम को निकाला जाए, नहीं निकाला तो गोली पड़ेगी।' इस मामले को मस्जिद इंतेजामिया कमेटी ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में मस्जिद के मुतवल्ली (प्रबंधक) डॉ. अब्दुल नफीस खां की ओर से थाना किला प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने अपील करते हुए कहा है कि लोग शांति बनाए रखें। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उम्मीद है कि मस्जिद को बम से उड़ाने और इमाम खुर्शीद आलम को मारने की धमकी देकर दहशत का माहौल पैदा करने वाले गिरफ्तार कर लिए जाएं। इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम का कहना है कि यह मामला बहुत सुबह का लगता है किसी अज्ञात शख्स ने ऐसा पोस्टर लगाया।

# देशभर में इनकम टैक्स की रेड

### राजस्थान में मंत्री के ठिकानों पर पहुंची टीमें, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च पर भी छापा

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार को देशभर में एक साथ 100 ठिकानों पर छापा मारा। ये कार्रवाई मिड-डे मील में कमाई, पॉलिटिकल फंडिंग में टैक्स चोरी और शराब घोटालों के सिलसिले में की गई है।

दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड समेत 12 राज्यों में आईटी के छापे जारी हैं। दिल्ली स्थित स्वतंत्र थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में भी आईटी ने छापेमारी की है।

**राजस्थान और महाराष्ट्र में मिड-डे मील मामले में एक्शन**

राजस्थान के राज्यमंत्री राजेंद्र यादव और उनके रिश्तेदारों के 53 से ज्यादा जगहों पर इनकम टैक्स की रेड पड़ी है। बुधवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे से छापा चल रहा है। मामला मिड डे मील की सप्लाई में गड़बड़ी से जुड़ा है। कोटपूतली में मिड डे मील का राशन सप्लाई करने वाली जिस फैक्ट्री में छापेमारी हुई है, वह राजेंद्र यादव की बताई जा रही है। उनके जयपुर स्थित सरकारी और निजी आवास के अलावा कुछ ठिकानों पर टीमें मौजूद हैं। मिड-डे मील मामले में ही इनकम टैक्स की टीमों ने महाराष्ट्र में भी कई ठिकानों पर छापा मारा है।

**छत्तीसगढ़ में स्टील-शराब कारोबारी निशाने पर**

छत्तीसगढ़ में आईटी ने कुछ शराब कारोबारियों के यहां छापा मारा है। इनमें एक शराब कारोबारी का नाम अमोलक सिंह बताया जा रहा है। रामदास अग्रवाल, उनके बेटे अनिल, एश्वर्या किंगडम के आरके गुप्ता के घर रेड मारी गई है। ये मामला शराब घोटाले और टैक्स चोरी से जुड़ा है। आईटी की टीम यूपी के 24 शहरों में छापेमारी कर रही है। राजधानी लखनऊ में टीम बुधवार सुबह राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी चीफ गोपाल राय के घर पहुंची। गोपाल राय केंद्रीय लोक शिकायत और जांच संस्थान नाम से संस्था चलाते हैं। वह संस्था के चेयरमैन हैं। उनके घर कागजों की जांच चल रही है। मामला पॉलिटिकल फंडिंग और टैक्स चोरी से जुड़ा है।

**बेंगलुरु में टैक्स चोरी का मामला**

बेंगलुरु में 20 से ज्यादा ठिकानों पर आईटी की टीमें मौजूद हैं। मनीपाल ग्रुप पर भी कार्रवाई की गई है।

ये सभी छापे इनकमटैक्स चोरी से जुड़े हुए हैं। आईटी को इस संबंध में जानकारी मिली थी। टीमें अभी एक्शन के बारे में ज्यादा कुछ बता नहीं रही हैं। >12

# कैबिनेट ने दी 'पीएम श्री' योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक हुई। इसमें पीएम श्री योजना और पीएम गतिशक्ति से जुड़े कई अहम फैसले किए गए। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि कैबिनेट की बैठक में 'पीएमश्री' स्कूलों की स्थापना के लिए एक नई योजना शुरू करने को मंजूरी दी गई है। प्रधान ने कहा है कि देश के 14,000 से अधिक केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों को मजबूत बनाते हुए पीएमश्री स्कूलों के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम-श्री स्कूलों की स्थापना के लिए नई योजना को मंजूरी दी है। छात्र 12वीं पास कर दुनिया में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जाने के लिए तैयार हो जाएं, ये स्कूल का उद्देश्य रहेगा। इन स्कूलों में लगभग 20 लाख विद्यार्थी रहेंगे।



इसके साथ ही, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम गति शक्ति ढांचे को लागू करने के लिए रेलवे की भूमि के दीर्घकालिक पट्टे पर नीति को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि आने वाले पांच वर्षों में 300 कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पीएम मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने पीएम गति शक्ति फ्रेमवर्क को लागू करने के लिए रेलवे की नई लैंड पॉलिसी को संयोजित करने के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें कार्गो से संबंधित गतिविधियां हों, पब्लिक यूटिलिटी, रेलवे के एक्सक्लूजिव इस्तेमाल में संशोधन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये संशोधन रेलवे की भूमि नीति में बुनियादी ढांचे को और अधिक कार्गो टर्मिनल के एकीकृत विकास को बढ़ावा देगी। पीएम गति शक्ति ढांचे को लागू करने के लिए रेलवे की जमीन को दीर्घावधि पट्टे पर देने की नीति अगले 90 दिनों में लागू होगी। >12

## केंद्र ने दिल्ली हाईकोर्ट में कहा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को रेगुलेट करने पर पेश करेंगे रूपरेखा

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। केंद्र ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को विनियमित करने के लिए एक रूपरेखा पेश करेगा, जिसमें उनके द्वारा उपयोगकर्ताओं के प्लेटफॉर्म से हटाना भी शामिल है। केंद्र ने कहा कि प्रस्तावित ढांचा संभावित होगा और इसलिए सोशल मीडिया खातों के निलंबन के मौजूदा मामलों को मौजूदा नियमों के अनुसार तय करना होगा। यह बयान केंद्र सरकार के वकील ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के समक्ष दिया, जो ट्विटर उपयोगकर्ताओं सहित कई सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खातों के निलंबन के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे थे।

**सुनवाई 19 दिसंबर तक के लिए टाली**

अदालत ने कहा, हमने आपके आधिपत्य (पिछले) आदेश के संदर्भ में जांच की है। संशोधन कभी किया जाएगा, लेकिन हम नहीं जानते कब। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कीर्तिमान सिंह ने कहा कि यह संभावित होगा और इन मामलों का फैसला (मौजूदा योजना के अनुसार) करना होगा। केंद्र को बाद के घटनाक्रमों से अवगत कराने के लिए और समय देते हुए अदालत ने याचिकाओं पर सुनवाई 19 दिसंबर तक के लिए टाल दी। अगस्त में अदालत ने केंद्र से पूछा था कि क्या वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संबंधित किसी भी मसौदा नियामक उपायों पर विचार कर रहा है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल किया कि सोशल मीडिया खातों को निलंबित करने और हटाने की मौजूदा शिकायतों को प्रस्तावित ढांचे के संदर्भ में क्यों नहीं निपटाया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि वह इससे पहले के मामलों पर किसी भी नई व्यवस्था के प्रभाव को समझना चाहती है।

# एनएसई के पूर्व सीईओ रवि नारायण गिरफ्तार

### दो दिनों की ईडी हिरासत में भेजे गए



नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि नारायण को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि संघीय जांच एजेंसी को-लोकेशन घोटाला' मामले और कर्मचारियों के फोन अवैध तरीके से टैप करने के आरोपों से जुड़े दो आपराधिक मामलों के तहत नारायण की भूमिका की जांच कर रही है। समझा जाता है कि नारायण को फोन टैप करने के मामले में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

ईडी ने इससे पहले एनएसई की एक अन्य पूर्व एमडी एवं सीईओ चित्रा रामकृष्ण को कथित रूप से फोन टैप करने के मामले में गिरफ्तार किया था, जबकि मामले की समानांतर जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उन्हें को-लोकेशन मामले में गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने कथित अवैध फोन टैपिंग मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे को भी गिरफ्तार किया है।

रवि नारायण अप्रैल 1994 और मार्च 2013 के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचजेंस के एमडी और सीईओ रहे थे। अप्रैल 2013 में उनकी नियुक्ति नॉन एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन के रूप में हुई थी। उन्होंने वाइस चेयरमैन के रूप में जून 2017 तक काम किया था।

रवि नारायण पर वर्ष 2009 से 2017 तक एनएसई के कर्मचारियों का गैरकानूनी तरीके से फोन टैप करने का आरोप है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने एनएसई की पूर्व प्रमुख चित्रा रामकृष्ण और मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे के खिलाफ इसी वर्ष 14 जुलाई को इस मामले में कार्रवाई कर केस दर्ज किया था। इससे पहले सीबीआई इन तीनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर चुकी थी।

यह मामला सामने आने के बाद तत्कालीन एनएसई की प्रमुख चित्रा रामकृष्ण ने ये कहकर सनसनी फैला दी थी कि वे एनएसई से जुड़ी जरूरी और गोपनीय जानकारी हिमालय पर मौजूद एक योगी के साथ साझा कर रहीं थीं। बाद में उस तथाकथित योगी की पहचान उनके ही एक पूर्व सहयोगी के तौर पर ही हुई, जिसे उन्होंने मोटी तनख्वाह पर नियुक्त किया था। गौरतलब है कि सेबी ने चित्रा रामकृष्ण पर गोपनीय जानकारियों को लीक कर दूसरों से साझा करने का आरोप लगाया था।

## पहली बार सुप्रीम कोर्ट में बनेगी ग्रीन बेंच

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को दिल्ली और केंद्र सरकार के एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी बेंच ग्रीन बेंच होगी। उन्होंने केस से जुड़े वकीलों से भी 27 सितंबर को होने वाली सुनवाई के दौरान कोई भी कागजात या फिजिकल डॉक्यूमेंट नहीं लाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री और आईटी सेल के अधिकारी शनिवार को वकीलों को दलील देने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दे सकते हैं।

**5 जजों की बेंच कर रही है सुनवाई**

राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद की सुनवाई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हेमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की 5 जजों की बेंच कर रही थी। इसी दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, हम इसे पूरी तरह से ग्रीन बेंच रखेंगे ताकि कोई कागजात न हो। कृपया आप कागजात न लाएं। जब एक वकील ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में कठिनाई व्यक्त की, >12

# भारत जोड़ो यात्रा : कठिन राह पर निकले राहुल

### अगले 150 दिनों तक कंटेनर में सोएंगे, टेंट में बैठकर खाएंगे खाना




कन्याकुमारी, 7 सितंबर (एजेसियां)। तमिलनाडु की कन्याकुमारी से आज 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सफर मुश्किल भरा रहने वाला है। इस दौरान राहुल 12 राज्यों से गुजरकर 3,570 किलोमीटर लंबी दूरी तय करने वाले हैं। यह यात्रा पांच महीनों तक चलेगी। कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी आर्थिक विषमताओं, सामाजिक ध्रुवीकरण, राजनीतिक केंद्रीकरण की समस्याओं और विचारधाराओं की लड़ाई के रूप में यह रैली कर रहे हैं। पदयात्रा दो बैचों में चलेगी, एक सुबह 7-10:30 बजे से और दूसरी दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक। जहां सुबह के सत्र में कम संख्या में प्रतिभागी शामिल होंगे, वहीं शाम के सत्र में सामूहिक लामबंदी होगी। औसतन रोजाना लगभग 22-23 किमी चलने की योजना है।

**150 दिनों तक कंटेनर में सोने वाले हैं राहुल गांधी**

राहुल गांधी अगले 150 दिनों तक कंटेनर में सोने वाले हैं। कुछ कंटेनरों में स्लीपिंग बेड, शौचालय और एयर-कंडीशनर भी लगाए गए हैं। यात्रा के दौरान कई क्षेत्रों में तापमान और वातावरण में अंतर होगा। स्थान परिवर्तन के साथ भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए व्यवस्था की गई है।

लगभग 60 ऐसे कंटेनर तैयार किए गए हैं जहां एक गांव स्थापित किया गया है। रात्रि विश्राम के लिए कंटेनर को गांव के आकार में प्रतिदिन नई जगह पर खड़ा किया जाएगा। राहुल गांधी के साथ रहने वाले पूर्णकालिक यात्री एक साथ भोजन करेंगे। सूत्रों ने आगे कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा यात्रा को आम लोगों से जुड़ने का जरिया मानते हैं। इसलिए वह इस पूरी यात्रा को चकाचौंध और ग्लैमर से दूर एक सरल तरीके से पूरा करना चाहते हैं। राहुल गांधी इसे एक यात्रा कहते हैं लेकिन राजनीतिक विश्लेषक इसे 2024 की तैयारी मानते हैं।

## शिंदे-उद्धव विवाद में 27 सितंबर को सुनवाई

### एससी ने कहा-सभी याचिकाएं साथ सुनेंगे; सिब्बल भड़के शिंदे को शिवसेना का निशान मिला तो केस व्यर्थ




एकनाथ शिंदे 20 जून को शिवसेना के 15 विधायक और 10 निर्दलीय विधायकों के साथ पहले सूरत और फिर गुवाहाटी के लिए निकल गए थे।

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के बीच शिवसेना विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिंदे गुट के वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि पार्टी सिंबल का मामला है, चुनाव आयोग को निर्णय लेने दें, जिसका उद्धव गुट ने विरोध किया। उद्धव गुट के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि विधायकों के अयोग्यता पर सुनवाई होनी है। ऐसे में विधायकों की मांग पर चुनाव आयोग कैसे सुनवाई कर सकती है? सिब्बल ने आगे कहा- अगर शिंदे को शिवसेना का निशान मिल गया, तो सुनवाई व्यर्थ हो जाएगी। कोर्ट में अगली सुनवाई 27 सितंबर को होगी।

पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शिवसैनिक हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि शिंदे गुट में जाने वाले विधायक संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्यता से तभी बच सकते हैं, अगर वो अलग हुए गुट का किसी अन्य पार्टी में विलय कर देते हैं। उन्होंने कहा था कि उनके बचाव का कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

# आप नेता संजय सिंह ने मानहानि नोटिस फाड़ा

### बोले-मैं इससे नहीं डरूंगा; एलजी से पूछा-कैश पेमेंट में कितने का हेरफेर किया

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेसियां)। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के मानहानि नोटिस की कॉपी को फाड़ दिया।

उन्होंने कहा- एक चोर, एक भ्रष्ट इंसान की तरफ से भेजे गए इस नोटिस से मैं नहीं डरूंगा। सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत का संविधान मुझे सच बोलने का अधिकार देता है। राज्यसभा के सदस्य के रूप में मुझे सच बोलने का अधिकार है। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि खादी का चेयरमैन रहते हुए विनय सक्सेना ने करोड़ों का घोटाला किया।

संजय सिंह ने कहा कि अब हम एलजी से पूछेंगे कि खादी में कैश पेमेंट में कितने का हेरफेर किया। वहां के 4,55,000 कर्मचारियों में से सिर्फ 1,93,598 कर्मचारियों




का ही खाता खुला था। बाकी 2.5 लाख से अधिक घोस्ट एम्प्लॉई थे, जिन्हें हर महीने कैश पैमेंट जाती रही और अरबों-खरबों का घोटाला होता रहा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ऐसे भ्रष्ट एलजी को हटा कर उसकी गिरफ्तारी करे, जो 2.5 लाख कर्मचारियों का पैसा खा गया। इस एलजी के भ्रष्टाचार की पोल खोलो तो नोटिस भेजता है। इसके बाद उन्होंने मानहानि नोटिस की कॉपी को फाड़ दिया। सिंह ने कहा- मैं इस तरह के नोटिस 10 बार फाड़ सकता हूं।

**5 आप नेताओं को भेजा था नोटिस**

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने आप नेता संजय सिंह, आतिशी, दुर्गेश पाठक, सौरभ भारद्वाज और जैस्मीन शाह को नोटिस भेजा था। एलजी का आरोप था कि इन नेताओं ने उन पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप और अपमानजनक नारे लगाए थे। उन्होंने कहा था कि उनकी छवि खराब करने के लिए फेक न्यूज फैलाई गई, फिर इसका प्रचार भी किया गया। एलजी ने इन नेताओं से 48 घंटे में जवाब देने को कहा था।

एलजी के नोटिस पर आम आदमी पार्टी ने अपने बयान में कहा था कि अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो वह एलजी के छापे और जांच से इतना डरते क्यों हैं। दिल्ली के डिप्टी चीफ मिनिस्टर मनीष सिसोदिया पर शराब बिक्री नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले महीने सीबीआई की तरफ से छापेमारी के बाद से दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और आम आदमी पार्टी के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।




# डी कम्पनी : एनआईए की जांच में हुआ बड़ा खुलासा

## चोरी के फोन से डी कंपनी चलाता है अपना सिंडिकेट



### इंडिया में बना था दाउद का शूट

एनआईए की पूछताछ सलीम फ्रूट ने बताया कि अनीस इब्राहिम की बेटी की शादी में दाऊद के भाई नूरा से लेकर परिवार का हर सदस्य शामिल हुआ था इसके अलावा आईएसआई के कई बड़े अफसर भी इस शादी में शामिल हुए थे। दाऊद इस शादी में इंडिया में बने शूट पहनकर कमांडोज़ की सुरक्षा में कुछ देर के लिए शामिल भी हुआ था। लेकिन दाऊद तक पहुँचना नामुमकिन था इसलिए वो केवल दूर से दाऊद को देख पाया। सलीम फ्रूट के मुताबिक सलीम लंगड़ा कई बार केवल माप लेकर दाऊद के शूट सिलवाता था और सलीम फ्रूट के जरिए कई बार दुबई सउदी के रास्ते दाऊद इब्राहिम तक मुम्बई के बनाए गए शूट पहुँचते थे। लेकिन साल 2018-19 से कोरोना काल के बाद से कुछ नहीं भेजा गया है।

मुंबई, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के मोस्ट वांटेड डॉन दाउद से जुड़ी डी कम्पनी को लेकर एनआईए ने एक बड़ा खुलासा किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, इंटेलिजेंस ब्यूरो से लेकर एनआईए डीआरआई, कस्टम,मिलिट्री इंटेलिजेंस, स्टेट इंटेलिजेंस समेत सभी जाँच एजेन्सियों की हुई सब्सिडीटरी मल्टी इंटेलिजेस यूनिट की मीटिंग में इंटेलिजेंस शेयरिंग मीटिंग में खुलासा हुआ। जानकारी के मुताबिक, देश भर में चोरी किए गए मोबाइल फोन की आईएमईआई नम्बर बदलने के बाद बांग्लादेश के रास्ते पाकिस्तान पहुंचे फोन से डी कम्पनी का सिंडिकेट ऑपरेट होता है।

**बांग्लादेश के रास्ते पहुँचते हैं पाकिस्तान**

एजंसियों ने भी बताया कि देशभर में चोरी होनेवाले स्मार्ट फोन को मुंबई में बैठे डी-कम्पनी के टेक्नो एक्सपर्ट्स लेकर उनके आईएमईआई नम्बर मैनुप्लेट करते है और चोरी किए गए 40 से 50 मोबाइल नम्बरों के आईएमईआई नम्बर एक ही करके उन्हें बांग्लादेश पार्सल किया जाता है। बांग्लादेश के रास्ते ये मोबाइल फोन पाकिस्तान पहुँचते है और फिर वहाँ से डी कम्पनी इन मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए एक्सटॉर्शन,नार्को टेररिजम,टेरर फ़ंडिंग, टेरर ऑपरेशन और आर्म्स डिलिंग जैसे धंधों को चलाते हैं और जाँच एजंसियों की नजर तक में नहीं आते।

**इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट पता लगाने में जुटी**

स्टेट इंटेलिजेंस के एडिशनल डायरेक्टर ने जब इसपर नकेल कसने के लिए समाधान मांगा तो उन्हें बताया गया कि इस टेक्नोलॉजी और सिंडिकेट का तोड़ जाँच एजेन्सियों तक के पास नहीं है। इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट के मुताबिक वो फिलहाल इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाले सदिग्ध शख्स,लैपटॉप, और इस टेक्नोलॉजी का पता लगाने में जुटे हुए हैं। इंटेलिजेंस शेयरिंग मीटिंग के मिनिट्स में क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया कि वो पिछले कुछ दिनों से क्राइम ब्रांच, एनआईए के साथ डी कम्पनी पर नकेल कसने के लिए चल रहे ऑपरेशन में शामिल है। वहीं, एटीएस के मुताबिक जिस तरह की मोड्स ऑपरेंडी का जिक्र जाँच एजंसियां कर रही है वैसा ही एक केस आज से डेढ़ साल पहले सामने भी आया था। मुम्बई के पायधुनी इलाके में एक शख्स जर्मनी से लाए गए एक सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर रहा था। जिसकी जानकारी सभी जाँच एजेंसियों को साझा करने के निर्देश दिए गए।

**सलीम फ्रूट ने किए कई खुलासे**

जांच एजेंसियों की तरफ से दाऊद को लेकर चौंकाने वाली जानकारी भी मिली है। एनआईए की पूछताछ में छोटा शकील का बहनोई सलीम फ्रूट ने कई खुलासे किए है। सूत्रों के मुताबिक एनआईए की इंट्रोगेशन में बताया कि साल 2014 में अनीस इब्राहिम की बेटी के लिए गहने, शादी का लहंगा और दाऊद इब्राहिम का शूट मुम्बई के नागपाड़ा में बना था और अनीस इब्राहिम के कहने पर अनीस इब्राहिम के बेटी का लहंगा और दाऊद इब्राहिम के लिए बनाया गया स्पेशल शूट लेकर उमराह के नाम पर सउदी अरब के लिए निकला और कराची में उतरकर अनीस इब्राहीम की बेटी की शादी में शामिल भी हुआ। सलीम फ्रूट की पत्नी इस शादी में शामिल होने के लिए नेपाल के रास्ते पाकिस्तान कराची में दुल्हन के गहने लेकर पहुँची थी।

**बयान की कोई वैल्यू नहीं है- सलीम फ्रूट के वकील**

हालांकि एनआईए के सामने सलीम कुरेशी उर्फ सलीम फ्रूट के दिए गए बयान को लेकर सलीम फ्रूट के वकील विकार राजगुरू का कहना है कि एनआईए का सामने दर्ज किया गया बयान कोर्ट में एडमिशेबल नहीं है। ऐसे में उस बयान की कोई वैल्यू नहीं है। असल में एनआईए किसी और दिए गए बयान,बातों और अफवाहों को ग्राउंड बनाकर उसे सलीम फ्रूट के स्टेटमेंट में मेंशन कर रही है। सूत्र ने बताया कि सलीम फ्रूट कोर्ट में अपना बयान दर्ज करवाएगा, तब वो कई चीजों का खुलासा करेगा। सलीम फूट के बयान के नाम पर मीडिया ट्रायल करने की तैयारी की जा रही है।

# जामिया में छात्रों ने लगाए भड़काऊ नारे जमकर किया विरोध प्रदर्शन

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में दंगों की साजिश की आरोपी सफूरा जरगर का एडमिशन जामिया यूनिवर्सिटी ने कैंसिल कर दिया। जिसके बाद बुधवार को जामिया विश्वविद्यालय के छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों द्वारा भड़काऊ नारे लगाए गए। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आरएसएस की कब्र खुदेगी, जामिया की धरती पर और एबीवीपी की कब्र खुदेगी, जामिया की धरती पर जैसे नारे लगाए।

# बांग्लादेश में कश्मीरी एमबीबीएस छात्रा की मौत

**छात्रों ने शव कश्मीर लाने की अपील की**



जम्मू, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कश्मीर दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की छात्रा की बंगलादेश में बुधवार सुबह मौत हो गई है। वह बांग्लादेश के ख्वाजा यूनुस अली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थी। कॉलेज छात्रों ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा से छात्रा के शव को कश्मीर वापस लाने की अपील की है। सूत्रों के अनुसार, जिला अनंतनाग के बिजबिहाड़ा निवासी खुशबू मंजूर पुत्री मंजूर अहमद बांग्लादेश के ख्वाजा यूनुस अली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एमबीबीएस की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि खुशबू, बुधवार सुबह चौथी मंजिल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। कॉलेज के छात्रों ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से शव को ढाका से घाटी में वापस लाने की मांग की है।

# गुवाहाटी के कार शोरूम में आग, करोड़ों के वाहन व अन्य संपत्ति खाक

गुवाहाटी, 7 सितंबर (एजेंसियां)। असम की राजधानी गुवाहाटी के वशिष्ठ इलाके में बेनेली और इसुजु के शोरूम में आग लग गई। आग में बड़ी संख्या में कारें और मोटर साइकिलें जलकर खाक हो गईं। वाहनों व अन्य संपत्तियों को मिलाकर शोरूम को 4-5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। शोरूम की विक्रय प्रबंधक के अनुसार आग में कम से कम डेढ़ करोड़ रुपये की इसुजु कारें जल गईं, जबकि 6.17 लाख रुपये की बेनेली मोटर साइकिलें जल गईं।

# ओडिशा में 3 साल पहले नाबालिग से किया था रेप, कोर्ट ने सुनाई 20 साल जेल की सजा

गंजम, 7 सितंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के गंजम जिले की अदालत ने नाबालिग से बलात्कार के जुर्म में एक शख्स को 20 की सजा सुनवाई है। शख्स ने नाबालिग से तीन साल पहले रेप किया था और अदालत ने मंगलवार को सजा सुनवाई है। इसके साथ ही इस शख्स पर कोर्ट ने 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। ब्रुंडबन नाइक नाम के इस शख्स पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इस मामले पर सरकारी वकील मोहन सिंगारी ने जानकारी देते हुए कहा कि बरहामपुर के पोक्सो कोर्ट जज गणेश्वर पति ने ब्रुंडमन नाइक नाम के शख्स को सजा सुनवाई है। साथ ही साथ कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता को मुआवजे के तौर पर 5 लाख रुपये देने का आदेश भी दिया है। ये मामला साल 2019 का है जब एक 14 साल की नाबालिग लड़की से साथ दुष्कर्म किया गया था।

# संजय राउत से जेलर के कमरे में मिलना चाहते थे उद्धव ठाकरे

**अथॉरिटी ने इजाजत देने से मना किया**



मुंबई, 7 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई की एक विशेष अदालत राज्यसभा सांसद और शिवसेना नेता संजय राउत की न्यायिक हिरासत को 19 सिंतबर तक के लिए बढ़ा चुकी है। यानी वह 19 तक जेल में रहेंगे। इस बीच खबर मिली है कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संजय राउत से मुलाकात करने के लिए आर्थर रोड जेल से परमिशन मांगी थी। उद्धव ने परमिशन मांगते हुए कहा था कि वह जेलर के कमरे में संजय राउत से मुलाकात करना चाहते हैं। हालांकि जेल अथॉरिटी ने परमिशन देने से मना कर दिया और कहा कि आपको कोर्ट से परमिशन लेकर आना पड़ेगा और जेलर के कमरे में तो मुलाकात बिल्कुल नहीं हो सकती। अथॉरिटी ने कहा कि जैसे आम कैदी जाली के उस तरफ से मिलते हैं, उसी तरीके से आपको मिलना पड़ेगा, लेकिन उसके लिए भी कोर्ट की परमिशन चाहिए।

**राउत के करीबियों पर भी लगे आरोप**

हालही में बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने शिवसेना नेता संजय राउत के करीबी सुजीत पाटकर के खिलाफ घोटाले का आरोप लगाया था और एफआईआर दर्ज करवाई थी। किरीट सोमैया ने इस मामले की ईडी और आयकर विभाग से जांच की भी मांग की थी। उनका आरोप था कि कोरोना महामारी के दौरान, अस्पताल और कोविड के इलाज के नाम पर 100 करोड़ का घोटाला किया गया। किरीट का आरोप था कि सुजीत पाटकर ने फर्जी कंपनी बनाकर बीएमसी से 100 करोड़ का कॉन्ट्रैक्ट लिया था। कंपनी का कोई अस्तित्व नहीं होने के बावजूद उन्हें इतना बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिला। किरीट सोमैया ने उद्धव ठाकरे और उनके करीबियों पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी के ब्लैक लिस्ट किए जाने के बाद भी आदित्य ठाकरे ने उन्हें कई दूसरे मेक शिफ्ट हॉस्पिटल के कॉन्ट्रैक्ट दिए।

सोमैया ने ईडी और आयकर से जो अपील की है, उसके बाद दोनों एजेंसियों ने उन्हें जांच का आश्वासन दिया है। किरीट के आरोपों के मुताबिक, सुजीत पाटकर ने ब्लैक लिस्ट होने के बाद एक और कंपनी बनाई। पाटकर ने फर्जी कागजों पर जो कंपनी बनाई थी, उसमें कई तरह का झोल था। कंपनी के कागज पर ऊपर के पेपर पर साल 2020 की तारीख थी, जबकि आखरी पन्ने पर जहां पार्टनर्स के हस्ताक्षर थे, वहां तारीख 2010 की लिखी थी। किरीट सोमैया ने बीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि इतना फर्जी कागज था, फिर भी बीएमसी को समझ क्यों नहीं आई?

# बीएसएफ ने नाकाम की बड़ी साजिश

## पाक तस्करों पर की फायरिंग, 38 करोड़ की हेरोइन पकड़ी, कारतूसों का जखीरा मिला



फाजिल्का (पंजाब), 7 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पंजाब में लगातार नशे की खेप भेजी जा रही है। वहीं मुस्तैद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान नापाक इरादों पर पानी फेर देते हैं। 24 घंटे के भीतर ही बीएसएफ जवानों ने फाजिल्का में पाकिस्तानी तस्करों के प्लान को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ की 66 बटालियन के जवानों ने गांव मुहर जमशेर में 38 करोड़ रुपये की 6.370 किलोग्राम हेरोइन, 190 ग्राम अच्छी गुणवत्ता वाली अफीम और बड़ी तादाद में कारतूस पकड़े हैं। रात में ही बीएसएफ जवानों ने तस्करों पर फायिंग की। मगर वह अंधेरे का फायदा उठा भगाने में कामयाब हो गए। इससे पहले मंगलवार को बीएसएफ ने सरहद पर लगी फेंसिंग पार खेत में छिपाकर रखे हेरोइन के चार पैकेट पकड़े। ये पैकेट पाक तस्करों ने रखे थे, जिन्हें भारतीय तस्कर उठाकर फेंसिंग के इस तरफ लाए थे। उक्त हेरोइन का वजन तीन किलो 780 ग्राम आंका गया है। बीएसएफ अधिकारी उस किसान से पूछताछ करने में लगे जिसके खेत से हेरोइन मिली है। बीएसएफ बटालियन-66 के अधिकारियों के मुताबिक उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि पाक तस्करों ने भारतीय खेतों में हेरोइन की खेप छिपाकर रखी है, ये खेप भारतीय तस्करों ने मंगवाई है।

बीएसएफ ने सरहद से सटे गांव झंगड़ भैणी और राम सिंह वाली के बीच के क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। जवानों को फेंसिंग पार खेत में से एक प्लास्टिक के लिफाफे में चार पैकेट हेरोइन के मिले हैं, पीली टेप वाले तीन पैकेट व किसी प्लास्टिक के लिफाफे में बंद एक पैकेट मिला है। हेरोइन का वजन तीन किलो 780 ग्राम है।

# कर्नाटक के फूड सिविल सप्लाई मंत्री उमेश कट्टी की हार्ट अटैक से मौत

**मुख्यमंत्री बी आर बोम्मई ने जताया दुख**



बेंगलुरु, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंत्री उमेश कट्टी का मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 61 साल के थे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री और वन मंत्री कट्टी के परिवार में पत्नी, बेटा और बेटी हैं। सूत्रों के मुताबिक, कट्टी यहां डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास के स्नानगृह में गिर गए थे और उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। राज्य के राजस्व मंत्री आर अशोक ने बताया कि डॉक्टरों के अनुसार, जब कट्टी को अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी नब्ज रूक गई थी। उन्होंने कट्टी के निधन को भारतीय जनता पार्टी और बेलगावी जिले के लिए बहुत बड़ी क्षति बताया। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत कई नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है।

**सीएम ने जताया दुख**

सीएम बोम्मई ने ट्वीट किया- "मेरे करीबी सहयोगी कर्नाटक के वन मंत्री उमेश कट्टी के असामयिक निधन से गहरा दुख हुआ है। उनके निधन से राज्य ने एक कुशल राजनयिक, सक्रीय नेता और वफादार लोक सेवक खो दिया है।" उमेश कट्टी बसवराज बोम्मई सरकार में दो विभागों वन-खाद और नागरिक आपूर्ति को संभाल रहे थे।

# ठाकरे परिवार के प्रति आखिर किस रणनीति पर चल रहे हैं सीएम शिंदे?

**आदित्य ठाकरे पर दिया बयान**



मुंबई, 7 सितंबर (एजेंसियां)। इस साल उद्धव ठाकरे सरकार का तख्तापलट कर महाराष्ट्र का सीएम बनने वाले एकनाथ शिंदे अभी तक ठाकरे परिवार के प्रति लगातार नरमी बरत रहे थे। लेकिन अब लगता है कि वे आदित्य ठाकरे के प्रति अपनी इस रणनीति में बदलाव कर रहे हैं। शिंदे ने हाल में शिवसेना के बागी नेताओं की आलोचना करने के लिए आदित्य ठाकरे पर निशाना साधा है।

**विद्रोही नेताओं पर लगातार आक्रामक हैं आदित्य ठाकरे**

असल में महाराष्ट्र में अपने पिता की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिरने के बाद आदित्य ठाकरे लगातार विद्रोही नेताओं पर करारे हमले करते आए हैं। वे पिछली सरकार के खिलाफ बगावत करने वालों को 'धोखेबाज' और 'पीठ में छुरा घोंपने' वाला कहते रहे हैं। इतना कुछ होने के बावजूद एकनाथ शिंदे अभी तक आदित्य ठाकरे और उनके पिता उद्धव ठाकरे के खिलाफ तीखी टिप्पणी करने से हमेशा बचते नजर आए थे। हालांकि मंगलवार को यह अघोषित रणनीति बदलती दिखी।

**आदित्य ठाकरे को अपनी उम्र के हिसाब से बोलना चाहिए**

सीएम एकनाथ शिंदे ने आदित्य ठाकरे पर करारा निशाना साधा। शिंदे से जब बागी विधायकों को आदित्य ठाकरे की ओर से 'धोखेबाज' कहे जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'उन्हें अपनी उम्र मालूम होनी चाहिए और उन्हें उसी के अनुसार बोलना चाहिए। आज हम जो कुछ भी हैं, वह स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे और उनके विचारों की वजह से हैं। लेकिन वह (आदित्य) और अन्य लोग सत्ता के लिए बालासाहेब के विचारों से दूर हो गए है, जिसने हमें (विद्रोह करने का) यह कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर किया।'

**बीएमसी का चुनाव जीतने की रणनीति**

बताते चलें कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला शिवसेना गुट और बीजेपी मिलकर अब मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) का चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। बीएमसी देश का सबसे बड़ा नगर निकाय है, जिसका सालाना बजट उत्तर पूर्व के कई राज्यों के सालाना बजट से भी ज्यादा बड़ा है। इस निगम पर पिछले कई वर्षों से लगातार शिवसेना का कब्जा बना हुआ है, जिसे अब बीजेपी तोड़ना चाहती है।

# सिविक सेंटर की 28वीं मंजिल से कूदकर युवक ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के सिविक सेंटर की 28वीं मंजिल से एक युवक ने छलांग लगा दी। घायल हालात में युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। युवक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। युवक का नाम देवेश है और यह इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में डाटा ऑपरेटर का काम करता है। उम्र लगभग 40 के आसपास है। यह बिल्डिंग रामलीला मैदान के ठीक सामने है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही दिल्ली मेट्रो की 'ब्लू लाइन' खंड के तिलक नगर स्टेशन पर बृहस्पतिवार को एक यात्री (65) ट्रेन के आगे कथित तौर पर कूद गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान तिलक नगर के निवासी सतीश मल्होत्रा के तौर पर हुई।

# दिल्ली सरकार का प्रदूषण पर बड़ा फैसला पटाखों पर 1 जनवरी 2023 तक पूरी तरह बैन

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में 1 जनवरी 2023 तक पटाखों पर पूरी तरह बैन लगाया गया है। राज्य के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि दिल्ली में पटाखों के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर 1 जनवरी 2023 तक पूरी तरह रोक रहेगी।

**ट्वीट करके दी जानकारी**

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने ट्वीट करते हुए कहा, 'दिल्ली में लोगों को प्रदूषण के खतरे से बचाने के लिए पिछले साल की तरह ही इस बार भी सभी तरह के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जा रहा है, तांकि लोगों की जिंदगी बचाई जा सके।'

**ऑनलाइन बिक्री पर भी रोक**

उन्होंने आगे कहा, 'इस बार दिल्ली में पटाखों की ऑनलाइन बिक्री / डिलीवरी पर भी प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध 1 जनवरी 2023 तक लागू रहेगा। प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करने को लेकर दिल्ली पुलिस, डीपीसीसी और राजस्व विभाग के साथ मिलकर कार्य योजना बनाई जाएगी।'

**पिछले साल भी लगी थी रोक**

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने पिछले साल भी 28 सितंबर से एक जनवरी 2022 तक राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की बिक्री और उनके इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था। पटाखे जलाने से होने वाले प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए शहर की सरकार ने 'पटाखे नहीं दिए जलाओ' अभियान भी शुरू किया था। पटाखों का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों और विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी।

# मुंबई-गोवा में हाई प्रोफाइल ड्रग की तस्करी करने वाला गिरोह पकड़ाया

ग्वालियर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। ग्वालियर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एमडीएमए ( मि था इ ली न डा इ ऑ क्स सी मेथाम्फेटामाइन) जैसे महंगे ड्रग्स की सप्लाई करने वाले एक बड़े गिरोह के आधा दर्जन से अधिक सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पकड़े गए आरोपी ग्वालियर, दतिया और झांसी के बताए जा रहे हैं।

वहीं, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 40 लाख रुपये से अधिक की एमडीएमए ड्रग्स, 2 अवैध हथियार और दो मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल पकड़े गए आरोपियों से ग्वालियर क्राइम ब्रांच और थाना मुरार पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस को और भी अहम खुलासे होने की उम्मीद है। ग्वालियर एसएसपी अमित सांगी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि महाराष्ट्र से लाकर ग्वालियर में एमडीएमए जैसे खतरनाक ड्रग्स की तस्करी की जा रहा है। इसके लिए ग्वालियर क्राइम ब्रांच और मुरार थाने की पुलिस को लगाया गया था।

हाल ही में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को दबोचा है और उनके कब्जे से करीब 40 लाख की एमडीएमए बरामद की है। फिलहाल पकड़े गए आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस अंतिम छोर के आरोपियों के पकड़ने की कोशिश कर रही है।

# बेंगलुरु में टूटा बारिश का 90 साल का रिकॉर्ड

## अगले दो दिन भारी बारिश का अलर्ट



बेंगलुरु, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक बेंगलुरु में बारिश कहर बरपा रही है। यहां बारिश का 90 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। आसमानी आफत में यहां अबतक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक बारिश का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। भारी बारिश की वजह से बेंगलुरु के कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। आलीशान घर, लग्जरी गाड़ियां, सब की सब डूब चुकी हैं ऐसी स्थिति में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है जबकि कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम का निर्देश दिया है।

**जनजीवन अस्तव्यस्त**

बेंगलुरु में भारी बारिश की वजह से आम जनजीवन पटरी से उतर गया । देश की आईटी राजधानी के नाम से प्रसिद्ध शहर में मंगलवार को जगह-जगह दो पहिया वाहन चालकों को पानी से भरी सड़कों पर अपने वाहनों को धकेलते और पैदल यात्रियों को घुटनों तक पानी से गुजरते देखा गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शहर में पानी भरने के लिए भारी बारिश और पिछली कांग्रेस सरकारों के कुप्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हर मुश्किल का सामना करते हुए शहर में बारिश से उपजी समस्याओं को दूर करने की चुनौती स्वीकार की है और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि भविष्य में फिर ऐसी दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

**90 साल में ऐसी बारिश नहीं हुई**

बोम्मई ने कहा, 'कर्नाटक, विशेष रूप से बेंगलुरु में पिछले 90 साल में ऐसी अप्रत्याशित बारिश नहीं हुई थी। सभी जलाशय भर गए हैं और उनमें क्षमता से अधिक पानी है। लगातार बारिश हो रही है, हर दिन वर्षा हो रही है।' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि ऐसी छवि बनाई जा रही है कि पूरे शहर में समस्या व्याप्त है, जबकि ऐसा नहीं है। बोम्मई ने कहा, 'वस्तुतः दो जोन में समस्या है, विशेष रूप से महादेवपुरा में क्योंकि उस छोटे से क्षेत्र में 69तलाब हैं और सभी भर गए हैं। दूसरा, सभी प्रतिष्ठान निचले इलाकों में हैं और अतिक्रमण हुआ है।' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी, इंजीनियर और एसडीआरएफ के कर्मी 24 घंटे काम कर रहे हैं।

# मंगोलिया के राष्ट्रपति ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को गिफ्ट में दिया घोड़ा, नाम रखा गया 'तेजस'



नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। मंगोलिया की यात्रा करने वाले पहले भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को देश के राष्ट्रपति ने बुधवार को एक घोड़ा उपहार स्वरूप दिया। सात वर्ष पूर्व मंगोलिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी ऐसा ही तोहफा मिला था। सिंह ने सफेद घोड़े की तस्वीर के साथ बुधवार को ट्वीट किया, 'मंगोलिया में मेरे खास दोस्तों की ओर से दिया गया विशेष उपहार। मैंने इस सुंदर घोड़े का नाम 'तेजस' रखा है। राष्ट्रपति खुरेलसुख को धन्यवाद। **मंगोलिया को धन्यवाद।'**

सिंह ने मंगलवार को मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। उन्होंने ट्वीट किया, "उलानबटोर में मंगोलिया के राष्ट्रपति यू. खुरेलसुख से अच्छी मुलाकात हुई। मैं उनसे पिछली बार 2018 में मिला था जब वह देश के प्रधानमंत्री थे। हम मंगोलिया के साथ बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2015 में मंगोलिया की यात्रा पर गए थे तब उनके समकक्ष सी। साईखानबिलेग ने उन्हें एक भूरा घोड़ा भेंट किया था।

सुविचार: अपने दोष ढूँढ निकालना ज्ञान वीरों का काम है।

# बीएसी बैठक में आमंत्रित नहीं करने पर भाजपा विधायक ने सरकार पर साधा निशाना



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीजेपी विधायक एम. रघुनंदन राव ने मंगलवार को यहां राज्य विधानसभा में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक आयोजित करने के लिए राज्य सरकार के रवैये पर आपत्ति जताई। राव ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त आंध्र प्रदेश में राज्य विधानसभा में बीएसी की बैठक के लिए एक विशेष पार्टी के एक विधायक को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने पूछा कि कृपया हमें यह जानने के लिए नियम बताएं कि बीएसी की बैठक के लिए किसी पार्टी को कितने सदस्यों को आमंत्रित करना है।

उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या राज्य सरकार ने कोई नया नियम पेश किया है जिसके आधार पर तीन सदस्यों वाली पार्टी को बीएसी की बैठक में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव के कार्यकाल से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के रोसैया तक सरकार ने विधायकों को आमंत्रित किया, भले ही उनकी पार्टी में कम से कम एक विधायक हो।

राव ने पूछा कि क्या राज्य सरकार ने कोई नियम पेश किया या राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया कि किसी विशेष पार्टी के विधायकों को बीएसी की बैठक के लिए तभी आमंत्रित किया जाएगा जब उसके पास विशिष्ट संख्या में विधायक हों? उन्होंने कहा कि वह विधानसभा नियमों पर चर्चा के लिए विधानमंडल मामलों के मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी के साथ किसी भी तरह की बहस के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने मंगलवार को विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत के दौरान स्पीकर पोचारम श्रीनिवास रेड्डी के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए भाजपा विधायक एटाला राजेंद्र को नोटिस जारी करने की सरकार की मंशा पर भी आपत्ति जताई।

**दिल्ली शराब घोटाले के आरोपियों के साथ बीजेपी ने कविता की तस्वीर ट्वीट की**

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने एक तस्वीर जारी की है और दावा किया है कि दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी अभिषेक राव और अरुण रामचंद्र पिल्लई कविता के करीबी दोस्त हैं। ये आरोप दिल्ली सरकार की अब वापस ली गई आबकारी नीति को बदनाम करने के भाजपा के एक बड़े अभियान का हिस्सा हैं। दिल्ली शराब कांड को लेकर ईडी ने मंगलवार को पिल्लई और राव के घरों की तलाशी ली थी। इसके अतिरिक्त, भाजपा ने दावा किया कि उन्हें केसीआर के जन्मदिन 17 फरवरी को तिरुपति में एक साथ देखा गया था। जवाब में, टीआरएस नेता खलीकुर रहमान ने कहा कि टीआरएस एमएलसी कविता ने पहले ही भाजपा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक तस्वीर से कोई निष्कर्ष निकालना नासमझी है। उन्होंने राजनेताओं और प्रमुख हस्तियों के साथ फोटो खिंचवाने वाले लोगों की प्रथा का समर्थन किया। इससे पहले, टीआरएस नेता कविता ने कहा था कि केंद्र सरकार की नीतियों की केसीआर की आलोचना के परिणामस्वरूप भाजपा उनके परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा था कि वे सांसद परवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा पर मानहानि का दावा करेंगी।

# आईआईटी हैदराबाद के एक पूर्व छात्र ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक भयावह घटना में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद, संगारेड्डी के एक अन्य छात्र ने बुधवार को संगारेड्डी के एक लॉज से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, मृतक की पहचान राजस्थान के जोधपुर के रहने वाले मेघा कपूर के रूप में हुई है, जिसने तीन महीने पहले आईआईटी हैदराबाद से बीटेक पूरा किया था।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। घटना से छात्रों और अभिभावकों में दहशत का माहौल है। इससे पहले बीते 31 अगस्त को राहुल नाम का एक छात्र छात्रावास के कमरे में संदिग्ध रूप से फांसी पर लटका पाया गया था।

# गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन पर कोई रोक नहीं : तलसानी



**टैंकबंड पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेते हुए मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव साथ में जीएचएमसी की महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी, जीएचएमसी ऑयुक्त डीएस लोकेश कुमार व अन्य।**

हैदराबाद 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने दोहराया है कि हुसैन सागर झील में गणेश मूर्तियों के विसर्जन पर कोई प्रतिबंध नहीं है और विसर्जन प्रक्रिया 9 सितंबर को तय कार्यक्रम के अनुसार होगी। खैरताबाद गणेश की पूजा करने के बाद बुधवार को यहां मीडिया से बात करते हुए, मंत्री श्रीनिवास यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता गणेश विसर्जन का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं और त्योहार के नाम पर जानबूझकर लोगों में भ्रम पैदा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अधिकारी नौ सितंबर को टैंक बंड में गणेश प्रतिमाओं के सामूहिक विसर्जन की व्यवस्था में व्यस्त हैं और विसर्जन स्थलों पर क्रेनें तैनात की जा चुकी हैं। तलसानी ने कहा कि अधिकारी व्यवस्था में लगे हुए हैं और विसर्जन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत कदम उठा रहे हैं। लेकिन, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा नेता शहर में विसर्जन के नाम पर रैलियां और विरोध प्रदर्शन क्यों कर रहे हैं। बाद में, तलसानी श्रीनिवास यादव ने एनटीआर मार्ग पर तैनात क्रेनों का दौरा किया और चल रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए टैंकबंड के चारों ओर चले गए। इस बीच, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) पुलिस विभाग की मदद से हुसैनसागर और सरूरनगर झील और 74 कृत्रिम तालाबों सहित लगभग 60 जल निकायों में गणेश विसर्जन करने की योजना बना रहा है।




# एक शाम देवनारायण भगवान के नाम पड़वाचन जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अब्दुलापुरमेट स्थित देवधाम कवाड़पल्ली मंदिर प्लॉट पर वीर गुर्जर समाज तेलंगाना के तत्वावधान में श्री देवनारायण भगवान की भादवा सुदी छठ पर 22वाँ सम्मेलन, पड़वाचन व जागरण भव्यरुप से आयोजित किया गया। प्रचार मंत्री बहादुर मोटर ने बताया कि मंदिर प्लॉट पर श्री देवनारायण भगवान की तस्वीर पर माल्यापर्ण, पुजा-अर्चना व ज्योत प्रज्वलितकर आरती के पश्चात् पड़वाचन व जागरण का आयोजन किया गया। पड़वाचन मे मरुधरा के पड़वाचक रामलालजी भोपा एंड पार्टी द्वारा देवनारायण भगवान के चरणों मे कथा की प्रस्तुति दी।

पड़वाचन के मध्य बोलियाँ लगायी गयी। जिसमे भगवान गणेश की बोली राणाराम कटारिया, तिलक की बोली बहादुरराम कालस, पुष्प-हार की बोली चेनाराम लिड़िया, ज्योत की बोली श्यामलाल गोरसिया, भोग की बोली भीकाराम चांदीला के नाम रही। जागरण में पधारे अतिथियों का सम्मान राजस्थानी परम्परा साफे व पुष्प माला से किया गया। अवसर पर आगामी कार्यकाल के लिए समाज बन्धुओं की सहमति से नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बहादुरराम कालस, मंत्री सुभाष फागणा, सहमंत्री पप्पुराम फामड़ा, कोषाध्यक्ष विष्णुराम भावला, उपाध्यक्ष हीरालाल नरषण, मांगीलाल चाड़, दूदाराम चौहान, भीखाराम चांदीला, प्रचार मंत्री बहादुर मोटर, खेल मंत्री चेनाराम चाड़ को चुना गया।

सर्वसहमति से अध्यक्ष चुने जाने पर अध्यक्ष बहागुरराम कालस ने पधारे समाज बन्धुओं का तहदिल से आभार प्रकट कर, देवनारायण भगवान भादवा सुदी छठ की शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि चुनी गयी नयी कार्यकारिणी व समाज बन्धुओं के सहयोग से मंदिर प्लॉट पर देवनारायण भगवान के मंदिर निर्माण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराके हर सम्भव कार्य करेंगे।

नवनिर्वाचित मंत्री सुभाष फागणा व कोषाध्यक्ष विष्णुराम भावला के धन्यवाद ज्ञापन व महाआरती के पश्चात् कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़



हैदराबाद 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए लगभग 20.5 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। सूचना मिलने पर एलबी नगर जोन की स्पेशल ऑपरेशंस टीम ने सरूर नगर पुलिस के साथ मिलकर सरूरनगर थाने की सीमा में स्थित भगत सिंह नगर में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एशिया कप के दौरान आयोजित क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया और आरोपी टी. अशोक और एम. किशोर को पकड़ा। जबकि दो अन्य मो. खादर और जी. सुब्बा राव फरार है। एक्सिस बैंक और दो आईसीआईसीआई खातों में 1,90,000 रुपए और 9,63,476 रुपये की जमा राशि को जब्त कर लिया।

# 50वां रामायण मेला के संदर्भ में बैठक आज

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जिविशन सोसायटी मेला समिति द्वारा नुमाईश मैदान में भव्य रामायण मेला का आयोजन किया गया है। इस संदर्भ में समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल एवं महामंत्री प्रधान संयोजक गोविन्द राठी ने प्रेस विज्ञप्ति बताया कि कल गुरुवार 8 सितंबर को राजस्थानी प्रगति समाज कार्यालय, सुल्तानबाजार में 3.45 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अलग-अलग समितियों का गठन किया जाएगा। बैठक में सभी युवा एवं सभी उत्साही कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है। सभी धर्म प्रेमी कार्यकताओं को बैठक में समल्लित होने का आग्रह किया गया।




# नरसापुर और यशवंतपुर के बीच चार विशेष ट्रेनें

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को दूर करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे नरसापुर और यशवंतपुर के बीच चार विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। विशेष ट्रेन (सं. 07153) 9 और 11 सितंबर को दोपहर 3.20 बजे नरसापुर से निकलेगी और अगले दिन सुबह 10.50 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इसी तरह, विशेष ट्रेन (सं. 07154) 10 और 12 सितंबर को दोपहर 3.50 बजे यशवंतपुर से निकलेगी और अगले दिन सुबह 8.30 बजे नरसापुर पहुंचेगी।

# श्री शांतिनाथजी महाराज का जागरण 10 को

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता मंदिर में श्री विष्णु समाज जीडिमेटला के तत्वावधान में एक शाम परम् पुज्य पीरजी, श्री शांतिनाथजी महाराज के नाम विशाल जागरण शनिवार 10 सितम्बर रात्रि 8.31 बजे से गुरुवर के भक्तों के सानिध्य मे आयोजित किया जाएगा। जिसमें मरुधरा भजन सम्राट संग्रामजी देवासी एंड पार्टी भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। गुरुभक्त जितेन्द्रसिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति गुरुवर शांतिनाथजी महाराज अखाड़ा जलंधरनाथ पीठ सिरे मंदिर जालोर की पुण्यतिथि महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार 10 सितम्बर सायं 7 बजे गुरुवर के भक्तों के सानिध्य में पूजा-अर्चनाकर महाआरती व ज्योत प्रज्वलितकर रात्रि 8.31 बजे से भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पधारे सम्मानित अतिथियों का विशेष सम्मान गुरुभक्तों द्वारा किया जाएगा। 11 सितम्बर रविवार प्रात: वेला में पुजा-अर्चनाकर गुरुभक्त गुरुवर के चरणों मे श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंटकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे विष्णु समाज जीडिमेटला के सभी भक्त सपरिवार उपस्थित रहेंगे।



**तेलंगाना के वारंगल के सांसद पी. दयाकर ने रेल निलयम सिकंदराबाद में दमरे के प्रभारी महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने अपने क्षेत्र की रेल परियोजनाओं को लेकर महाप्रबंधक के साथ चर्चा की।**

# श्री मेघवाल समाज का जागरण कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नारसिंगीपरम् पुज्य संत श्री सुधांसुजी महाराज अमृत धाम आश्रम में श्री मेघवाल समाज तेलंगाना समाज बन्धुओं द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अध्यक्ष श्रवणकुमार भाटी ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी दशम् सोमवार 5 सितम्बर प्रात: वेला मे श्री बाबा रामदेवजी का विशेष दरबार सजाकर शाम 6.15 बजे पुजा-अर्चनाकर, भोजन प्रसादी व रात्रि 9.15 बजे से एक शाम बाबा रामदेवजी के नाम जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें संत श्री राघवनाथजी महाराज लवेरा ने बाबा के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में बत्तौर मुख्यअतिथि गादिपति पीर चेतनदासजी ढालोप, स्थानीय विधायक प्रकाश गौड़, जाट समाज ट्रस्ट अध्यक्ष दूदाराम बाबल, पत्रकार परबत सोलकी व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनका विशेष सम्मान किया गया।

मंगलवार 6 सितम्बर भादवा सुदी ग्यारस प्रात: वेला मे 7.15 बजे समाज की महिलाओं द्वारा कलश-यात्रा, हवन-यज्ञ, पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। बत्तौर मुख्यअतिथि पीर चेतनदासजी महाराज ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दी। अध्यक्ष श्रवणकुमार भाटी ने पधारे समाज बन्धुओं व अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए एक ही छत के नीचे समाज बन्धुओं का सपरिवार एकत्रित होकर कार्यक्रम आयोजित करने पर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम मे समाज बन्धु व महिलाएँ राजस्थानी वेष-भूषा मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे अध्यक्ष श्रवणकुमार भाटी, उपाध्यक्ष उमेश चूडावत, सचिव डूंगाराम जयपाल, सहसचिव राजकुमार परिहार, कोषाध्यक्ष नाथुराम परिहार, प्रचार मंत्री रविन्द्रकुमार सोलंकी, सलाहकार मंत्री प्रकाश तिडिया, उपसलाहकार रामलाल सोनल, कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश मींडा, बाबुलाल, श्यामलाल, राधेश्याम, जगदीश परिहार व समाज बन्धुओं का विशेष सहयोग रहा। सचिव डूंगाराम जयपाल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।



## बदमाशों की फायरिंग में कान्स्टेबल की मौत

सीवान, 7 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार के सीवान में बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। वहीं, फायरिंग की आवाज सुनकर घर की खिड़की पर पहुंचे एक व्यक्ति को भी गोली लग गई। फायरिंग के बाद सभी आरोपी भाग निकले। घटना ग्यासपुर गांव के पास हुई। पुलिस की 4 मेंबर वाली टीम रात की गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सड़क किनारे खाट पर बैठे तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

बदमाशों की गोली से सिसवन पुलिस स्टेशन में तैनात कॉन्सेटबल बाल्मीकि यादव (39) की मौके पर ही मौत हो गई। वे पटना जिले के मसौढ़ी के रहने वाले थे। घायल हुए व्यक्ति की पहचान ग्यासपुर गांव के 55 साल के सेराजुद्दीन खान के तौर पर हुई है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सीवान सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे जिले में नाकाबंदी कर अपराधियों की तलाश की जा रही है।

## विधायक अरविंद गिरि को राजकीय सम्मान के साथ दी गई समाधि

### लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

बरेली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भाजपा विधायक अरविंद गिरि को बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ उनके फार्म हाउस समाधि पर दी गई। राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ाकर गारद ने सलामी दी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत जिला प्रशासन से डीएम और एसपी ने विधायक के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाए। बुधवार की सुबह 9 बजे लालहपुर स्थित विधायक अरविंद गिरि फार्म हाउस से फूल मालाओं से सजे आसन पर समाधि की मुद्रा में उनकी विशाल शव यात्रा निकाली गई। नगर की सड़कों पर विशाल जनसमूह अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन को उमड़ पड़ा। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी संजीव सुमन ने पुष्प चक्र चढाया। दोपहर 11:45 बजे विधायक के परिजनों और उनके पुत्र अमन गिरि ने उन्हें समाधि दी। उपमुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री सहित राजनेताओं ने समाधि पर मिट्टी दी। इस दौरान परिजन दहाड़े मार कर रो रहे थे। हर किसी की आंखें नम थीं।

## सूखे की मार झेल रहे किसानों को बड़ी राहत

### दलहन-तिलहन और सब्जी के बीज मुफ्त देगी योगी सरकार

लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसियां)। सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए राहत की खबर है। सरकार ने फैसला किया है कि जिन इलाकों में बारिश कम हुई है वहां दलहन-तिलहन के बीज के मिनी किट किसानों को मुफ्त दिए जाएंगे। इसके अलावा सिचाईं विभाग को आदेश दिया गया है कि वो नहरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति को भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को सिचांई आदि में दिक्कत ना हो। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मंगलवार को जून जुलाई में हुई खरीफ गोष्ठियों की समीक्षा की गयी। इस बैठक में किसानों से जुड़ी 125 समस्याओं पर चर्चा हुई और किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागों को निर्देश दिए गए। कृषि मंत्री ने इस दौरान बताया कि जल्द ही आंवला को कृषि उपज से वन उपज की सूची में डाला जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 12वीं किश्त इसी महीने जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि भूलेख अनिवार्य किये जाने से 21 लाख किसान अपात्र पाये गये। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 62 लाख किसानों का डाटा किसान पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

# यूपी विधानसभा में अनोखी पहल

## धुर विरोधी पार्टियों के विधायक साथ-साथ कर रहे काम



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विपक्ष के नेता अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष, यूपी के विधायकों के साथ।

लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसियां)। 86 वर्षीय आलम बादी और 42 वर्षीय हर्षवर्धन बाजपेयी के बीच बहुत कम समानता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रतिद्वंद्वी दलों के सदस्य – बादी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और बाजपेयी दूसरी बार विधायक बने हैं – दोनों का अक्सर गलियारा में आमना-सामना होता है। हाल ही में दोनों विधायक, जो सदन में इंजीनियर-विधायकों के एक समूह का हिस्सा थे, चर्चा करने के लिए बैठ गए कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों की मदद के लिए अपनी पेशेवर डिग्री का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

आलम के पास इंजीनियरिंग में डिप्लोमा है, जो लगभग पांच दशक पुराना है, बाजपेयी ने 2007 में यूके के शेफील्ड यूनिवर्सिटी से बीटेक की डिग्री हासिल की है। उत्तर प्रदेश की राजनीति की ध्रुवीकृत और पक्षपातपूर्ण दुनिया के लिए पहली बार विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों का उनकी पेशेवर डिग्री, लिंग और विधायी कार्यकाल के अनुसार समूह बनाने की एक कवायद शुरू की है। इससे उन्हें पार्टी व्हिप और विचारधारा की बाध्यता से अलग हटकर अपने विचारों और अनुभवों के आदान-प्रदान में मदद मिल रही है।

विधायकों के साथ "बेहतर तालमेल विकसित करने" और 403 सदस्यीय मजबूत सदन के "बेहतर कामकाज" के लिए स्पीकर ने लगभग डेढ़ महीने पहले एक मंच शुरू किया था, जहां विधायक पार्टी लाइन से अलग हटकर साझा चिंताओं को समझते और समाधान निकालते हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, यूपी विधानसभा में 50 फीसदी से अधिक विधायकों की आपराधिक पृष्ठभूमि है। वहां इस तरह का अभ्यास शुरू किया गया है। विधायकों के बारे में कुछ नए तथ्य सामने आए हैं। 18 वीं विधानसभा में 18 डॉक्टर, 16 इंजीनियर, 15 प्रबंधन डिग्री, 70 से अधिक कानून की डिग्री, 47 महिलाएं हैं। इसके अलावा 126 ऐसे हैं जो पहली बार विधायक बने हैं, और लगभग 50 विधायक ऐसे हैं जो 40 से कम उम्र के हैं।

अध्यक्ष महाना ने कहा, "लोग विधायकों को अशिक्षित और उपद्रवी समझते हैं। तीन दशकों से अधिक समय से यूपी विधानसभा के सदस्य के रूप में, मैं जानता हूं कि यह सच नहीं है। मैं सदस्यों को उनके नेतृत्व गुणों के साथ-साथ अपने पेशेवर कौशल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करके उस धारणा को बदलने की उम्मीद करता हूं।" उन्होंने कहा, "मैंने विभिन्न समूहों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों की बेहतरी के लिए अपने पेशेवर कौशल का उपयोग करने के लिए कहा है। उदाहरण के लिए, मेडिकल डिग्री वाले विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों और सरकार में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के बीच एक कड़ी के रूप में काम कर सकते हैं और प्रस्तावों को आगे बढ़ा सकते हैं।" स्पीकर के कार्यालय ने विधायकों का समूह बनाया, उन्होंने महसूस किया कि फर्रुखाबाद के कायमगंज से अपना दल (सोनेलाल) की विधायक डॉ. सुरभि जैसे लोगों को कई ग्रुप में रखना होगा। साथ ही उन्हें कई बैठकों में भाग लेना होगा। सुरभि ट्रेनिंग से डेंटिस्ट हैं और उन्होंने आईआईएम कलकत्ता से डिग्री भी हासिल की है। इसके अलावा, एक महिला विधायक के रूप में उन्हें महिला विधायकों के समूह में भी होना होगा। अध्यक्ष के साथ इस तरह के एक सत्र में, महिला विधायकों ने पार्टी लाइनों से हटकर बताया कि आमतौर पर कैसे उनके पुरुष सहयोगी एजेंडा तय किया, जबकि उनके पास अपने मुद्दों को उठाने का पर्याप्त अवसर नहीं रहता है।

इस सत्र के बाद अध्यक्ष ने इस मुद्दे को सदन की कार्य मंत्रणा समिति के पास ले जाने का वादा किया और कहा कि इस महीने के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा के आगामी सत्र में महिला विधायकों के लिए एक पूरा दिन अलग रखा जा सकता है।

## टिकैत ने किसानों से कहा- ट्रैक्टरों में बंपर लगवा लें

### टैंकों के रूप में किया जाएगा इस्तेमाल



सहारनपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने चौरा खुर्द की महांपचायत में कहा कि विपक्ष से कोई भी उम्मीद करना बेमानी है। किसानों को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। किसान बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहें। वे अपने ट्रैक्टरों पर बंपर लगवा लें ताकि उन्हें टैंकों के रूप में इस्तेमाल किया जा सके।

राकेश टिकैत ने किसानों से कहा कि यह नस्ल और फसल की लड़ाई है। जमीर और जमीन को बचाना है। सरकार की नजर हमारी जमीनों पर ही नहीं रेहडी, पटरी और छोटे दुकानदारों के कारोबार पर भी है। ऐसे में इन लोगों को भी आंदोलनों से जोड़ना होगा।

भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान अपने परिवार की महिलाओं की भागीदारी भी बैठकों में कराएं। उन्होंने कहा कि भावनात्मक रिश्ता बनाने के लिए दस-दस रुपये की मेम्बरशिप गांवों में शुरू करें। जिला मुख्यालय पर होने वाली मासिक पंचायतें भी अब बड़े गांवों में होंगी। उन्होंने कहा कि जिलों के डीएम या तो पेराई सत्र से पहले गन्ना भुगतान करा दें नहीं तो आंदोलन झेलने के लिए तैयार रहें।

# नीतीश कुमार ने की शरद पवार से मुलाकात

## बोले- विपक्ष का एकजुट होना जरूरी



नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष को एकजुट करने के उद्देश्य से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस वक्त दिल्ली दौरे पर हैं। इस बीच उन्होंने दिल्ली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। एनसीपी प्रमुख से मुलाकात के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत अच्छी बातचीत हुई। भाजपा कोई काम नहीं कर रही है। विपक्ष का एकजुट होना जरूरी है। मैं बस इतना चाहता हूं कि ज्यादातर विपक्ष एकजुट हो जाए। अगर विपक्ष एकजुट होता है तो यह देश हित में होगा।

इससे पहले बीते दिन नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। बैठक में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जदयू नेता संजय झा भी मौजूद थे। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच कई राजनीतिक मुद्दों पर बातें हुईं थी।

इससे पहले उन्होंने सीपीआई-एम नेता सीताराम येचुरी और कांग्रेस नेता राहुल गाधी से भी मुलाकात की थी। इसके बाद नीतीश ने कहा था कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और न ही वे दावेदार हैं, बस कोशिश है कि पूरे देश में जो भी स्थानीय पार्टी हैं वे सभी एक साथ मिल जाएं तो बहुत बड़ी बात होगी।

**सीएम नीतीश ने राहुल गांधी से की थी मुलाकात**

इससे पहले नीतीश कुमार ने सोमवार को राहुल गांधी से 50 मिनट की मुलाकात की थी। जदयू सूत्रों ने बताया कि इस दौरान विपक्ष के नेतृत्व पर कोई बात नहीं हुई। दोनों नेताओं ने भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता पर जोर दिया। भविष्य में एक एजेंडे के तहत भाजपा के खिलाफ अभियान छेड़ने पर बातचीत हुई थी।

विपक्ष को एकजुट करने की शुरू हुई नई मुहिम के तहत नीतीश की सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, रालोद, इनेलो, टीएमसी सहित कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे।

इस दौरान नीतीश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मिलेंगे।

# निरीक्षण के लिए आधी रात को पीएमसीएच पहुंचे तेजस्वी यादव

## मच गया हंगामा, जमकर लगाई अफसरों की क्लास



पटना, 7 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार में सत्ता बदलने के साथ ही राज्य के नए उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने व्यवस्था में जबर्दस्त तेजी दिखाते हुए मंगलवार की आधी रात को पटना के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच समेत तीन अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिधर रुख किया उधर गड़बड़ी ही गड़बड़ी नजर आई। मरीजों और परिजनों ने शिकायत की कि उन्हें अस्पताल से कोई दवा या अन्य जरूरी चीजें नहीं मिलती हैं। डॉक्टर सब कुछ बाहर से लाने को कहते हैं। इस पर वहां मौजूद वरिष्ठ डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य अफसरों ने चुप्पी साध ली। उनसे कोई जवाब देते नहीं बन रहा था। निरीक्षण के दौरान रात में कई कर्मचारी और वरिष्ठ डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं रहे। तेजस्वी यादव ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सख्त एक्शन लेने की बात कही। कहा यह गंभीर बात है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी हर वक्त होनी चाहिए। नई सरकार के गठन के बाद पहली बार दौरे पर निकले तेजस्वी यादव ने पहले न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल और गर्दनीबाग अस्पताल का भी निरीक्षण किया। पीएमसीएच के टाटा वार्ड की स्थिति देख वे बहुत नाराज हुए। उन्होंने कई कर्मचारियों से पूछताछ की, लेकिन वे उनके सवालों का जवाब नहीं दे सके।

उन्होंने वहां मौजूद अफसरों से जब इस पर जानकारी मांगी तो वे भी कुछ बता पाने में असमर्थता जताए। स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अगले दिन मीटिंग में सब कुछ पता लगाकर आएं। वहां बातचीत होगी। इस दौरान पूरे अस्पताल में अफरातफरी का माहौल रहा।

**मंत्री बोले- शिकायतें पाई गई हैं, एक्शन जरूर लिया जाएगा**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, "उन्हें कई तरह की शिकायतें मिली थीं। इसके आधार पर वे निरीक्षण करने पहुंचे थे। जैसी शिकायतें मिली थीं, वह सही पाई गई। यहां बिहार के कोने-कोने से गरीब मरीज आते हैं, लेकिन उन्हें जैसे-तैसे छोड़ दिया गया था। न तो दवाओं की उपलब्धता थी और सीनियर डाक्टर थे। कर्मचारी भी नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने अधीक्षक को बुलाया। तेजस्वी ने कहा कि सभी झूठ बोल रहे थे। उनका झूठ पकड़ा गया। जो लापरवाही बरती जा रही है, उसको लेकर एक्शन जरूर लिया जाएगा।"

## प्रसपा नेता के गेस्ट हाउस पर चला बुलडोजर

### मुख्तार पर बुलडोजर चलाने वाले अधिकारी की मौजूदगी में हो रही कार्रवाई, भारी फोर्स मौजूद

कानपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। बुधवार को केडीए की टीम ने अपनी जमीन पर हुए अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू कर दी। बर्रा चौराहा के पास दिव्यांशी गार्डन के नाम से प्रसपा नेता विनोद प्रजापति ने गेस्ट हाउस का निर्माण किया था। गेस्ट हाउस पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण तोड़ा जा रहा है। भारी पुलिस फोर्स मौजूद है। योगी सरकार में माफिया मुख्तार अंसारी की प्रॉपर्टीज पर बुलडोजर चलाने वाले अधिकारी सत शुक्ला इस वक्त केडीए में बतौर ओएसडी सत शुक्ला की मौजूद हैं। इनकी निगरानी में पूरे अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है। ओएसडी सत शुक्ला ने बताया कि 2009 में केडीए की जमीन पर अवैध निर्माण कर गेस्ट हाउस का निर्माण किया गया था। इसका नक्शा भी पास नहीं था। अवैध तरीके से इसकी रजिस्ट्री कराई गई थी। निर्माण गिराने से पहले कानूनी प्रक्रिया का पूरा पालन किया गया है।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं चिराग पासवान

## भादो और पितृपक्ष के बाद होगा आधिकारिक ऐलान, लोकसभा चुनाव पर बीजेपी का फोकस



पटना, 7 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान राम और खुद को उनका हनुमान बताने वाले सांसद चिराग पासवान की तपस्या जल्द पूरी हो सकती है। चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने को लेकर बातचीत फाइनल हो चुकी है। धार्मिक मान्यताओं के तहत भादो और पितृपक्ष में कोई शुभ काम नहीं होता। इसलिए संभवतः वह अक्टूबर में वह शपथ ले सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो रामविलास के निधन के 2 साल बाद (8 अक्टूबर 2020) चिराग उनके वारिस के रूप में केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होंगे।

हालांकि, इस मामले में बिहार के भाजपा नेताओं ने कहा कि यह पूरा मामला केंद्रीय नेतृत्व का है, लेकिन लोक जनशक्ति पार्टी यानी रामविलास की पार्टी की तरफ से चिराग की होने वाली ताजपोशी की खबर पर मुहर लगाई है।

नीतीश कुमार के एनडीए से अलग होकर महागठबंधन के रथ पर सवार होते ही भाजपा बिहार में अकेली हो गई थी। जेडीयू के नुकसान की काफी हद तक भरपाई रामविलास पासवान की पार्टी और उनके बेटे चिराग पासवान ही कर सकते थे। पुराने सहयोगी होने की वजह से चिराग को एनडीए में आने से कोई परहेज नहीं था, लेकिन कुछ शर्तें थीं। भाजपा ने अधिकतर शर्तों को मान लिया है।

सबसे बड़ी शर्त चिराग के चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस को एनडीए से बाहर का रास्ता दिखाने की थी। इस पर कम ही संभावना है कि भाजपा माने, क्योंकि पशुपति के साथ चार और सांसद है। अगर रामविलास का परिवार अलग-अलग होकर लोकसभा में लड़ता है तो एनडीए को ज्यादा फायदा नहीं होगा। भाजपा चिराग को इस पर मना सकती है। हालांकि, इस पर बात बनी है या नहीं, दोनों तरफ की सीनियर लीडरशिप इस पर कुछ नहीं बोल रही है।

लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर विनित सिंह ने भी माना कि चिराग पासवान के केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने की खबर में पूरा दम है। बस सही समय का इंतजार है। अभी भादो का महीना चल रहा है।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बोले

## अपने गठबंधन की चिंता करें अखिलेश उनके कई विधायक हमारे संपर्क में



लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की नहीं अपने गठबंधन की चिंता करें। उनके कई विधायक हमारे संपर्क में हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य संगठन के प्रमाणित और भाजपा की विचारधारा के लिए समर्पित कार्यकर्ता हैं। वह सदैव हमारे साथ रहेंगे और किसी स्वार्थ में पड़ने वाले नेता नहीं है। अखिलेश यादव अपनी पार्टी व गठबंधन की चिंता करें।

बता दें कि सपा अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को लेकर अक्सर बयान देते रहते हैं और भाजपा पर पिछड़ों के साथ अन्याय का आरोप लगाते हैं जिस पर भाजपा अध्यक्ष ने पलटवार किया है।

अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा था कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों, वंचितों और अल्पसंख्यकों को धोखा दे रही है। भाजपा जातीय जनगणना की मांग पर चुप्पी साधे है। जातीय जनगणना होने से समाज के प्रत्येक वर्ग का विकास में प्रतिनिधित्व तय हो जाता। सबकी भागीदार निश्चित हो जाती। इसी तरह समाजवादी सरकार ने 17 जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की दिशा में जो कदम उठाए थे उन्हें भाजपा सरकार ने विफल कर पिछड़ों और दलितों के साथ अन्याय किया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के नेतृत्व के खिलाफ अभियान चलाने की रणनीति पर काम कर रही है। लेकिन अब भाजपा की कोई साजिश सफल नहीं होगी। समाजवादी पार्टी युवाओं की पार्टी है। वह इसकेहर अभियान को फेल कर देगी।

# 'भारत जोड़ो यात्रा' के पोस्टर में रॉबर्ट वाड्रा के फोटो पर विवाद शुरू

लखनऊ, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा फिर विवादों में घिर गए है। व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने कांग्रेस पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का पोस्टर अपने ट्विटर हैंडल से शेयर किया था। उनके इस ट्वीट पर बीजेपी नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी के पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह काफी मनोरंजक है कि रॉबर्ट वाड्रा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने पूछा कि क्या अब रॉबर्ट वाड्रा भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने का दावा करेंगे?

बता दें कि रॉबर्ट वाड्रा के ट्वीट में उनकी पत्नी और कांग्रेस महासचिव

## ट्विटर पर शेयर की थी तस्वीर




प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस के मुख्य चेहरे राहुल गांधी, कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और पूर्व पीएम राजीव गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा की तस्वीर पोस्टर पर लगाए गए थे। रॉबर्ट वाड्रा पर पहले से भी कांग्रेस पर भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार के लाभार्थी होने का आरोप लगाया गया है, हालांकि उन्होंने कहा है कि उनके पारिवारिक संबंधों के कारण उन पर गलत तरीके से हमला किया गया है। वह पहले भी कांग्रेस का समर्थन करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट डालते रहे हैं, लेकिन इसे राजनीतिक मंच पर गांधी परिवार के साथ खड़े होने की पिच के रूप में देखा जा रहा है। 2019 के चुनावों से पहले भी इसी तरह के रॉबर्ट वाड्रा सवाल रॉबर्ट वाड्रा से पूछे गए थे, जब उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में कुछ पोस्टर वायरल हुए थे। बता दें कि 'भारत जोड़ो यात्रा' या यूनाइट इंडिया मार्च की शुरुआत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज कन्याकुमारी से करेंगे। 3,500 किलोमीटर की यह यात्रा लगभग 150 दिनों में पूरी की जाएगी।

# अररिया-किशनगंज में पैदा होते हैं सबसे अधिक बच्चे

## अमित शाह के दौरे से पहले जनसंख्या विस्फोट पर बोली बीजेपी

अररिया, 7 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री अमित शाह 23 सितंबर को दो दिवसीय यात्रा पर बिहार (सीमांचाल) आ रहे हैं। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल अररिया पहुंचे तो जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बड़ा बयान दिया। संजय जायसवाल ने कहा है कि दुनिया में सबसे अधिक बच्चों का जन्मदर अररिया और किशनगंज में है। इसके मुकाबले सिर्फ इथोपिया ही एक ऐसा जगह है जहां अधिक बच्चे पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण नहीं होने की वजह से जनसंख्या विस्फोट होगा, तो जाहिर है इलाके का विकास कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कानून की बात नहीं है लोगों को खुद समझदारी विकसित करना होगा। वहीं संजय



संजय जायसवाल

जयसवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आठ बार के सीएम रह चुके नीतीश जी को लग रहा है अब उनको प्रधानमंत्री बनना चाहिए। ऐसे तो विरोधियों के बीच दो दर्जन से अधिक प्रधानमंत्री के उम्मीदवार हैं। मुख्यमंत्री जी दिल्ली गए हैं। लेकिन वहां उनसे कोई मिलने को तैयार नहीं है। बाया-मीडिया के माध्यम से नेताओं से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर को बुलाकर देख चुके हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक प्रधानमंत्री के उम्मीदवार दूसरे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार का कुर्ता खींचते हैं। एक सवाल के जबाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल ने कहा कि भारत नेपाल सीमा के नो मैंस लैंड पर बाहरी लोग आकर बस गए हैं। यह सरकार के संज्ञान में भी है। जब एनडीए की सरकार थी तक वे इस मुद्दे को मुख्यमंत्री नीतीश के पास उठा चुके हैं लेकिन सरकार के टॉप पर बैठे कुछ ऑफिसर के दबाव में नीतीश जी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस समस्या से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

## ब्लड बैंक में खून के सौदागरों की सेंधमारी, अधीक्षक के फर्जी हस्ताक्षर से खून उठाते दलाल

भागलपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भागलपुर के मायागंज क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आसपास खून के सौदागरों की खबर अक्सर सामने आती रही है लेकिन अब बल्ड बैंक में भी इन धंधेबाजों ने सेंधमारी शुरू कर दी थी। मायागंज अस्पताल के अधीक्षक का फर्जी हस्ताक्षर कर खून के दलालों ने ब्लड बैंक से खून ले लिया लेकिन ये चालाकी पकड़ में आ गयी। ब्लड बैंक के कर्मी भी इस खेल में शामिल हैं। मायागंज अस्पताल के ब्लड बैंक में खून के दलालों का प्रवेश बंद और अनावश्यक मरीजों को बिना रिप्लेसमेंट खून देने की प्रवृत्ति पर अधीक्षक ने लगाम लगा दी तो खून के सौदागरों ने नया तरीका निकाला।

# भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ब्रिटेन की होम मिनिस्टर बनीं

## ब्रेवरमैन का राजनीतिक करियर 2005 में शुरू हुआ




**हिंदू-तमिल परिवार से हैं; जॉनसन सरकार में अटर्नी जनरल थीं**

लंदन, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ब्रिटेन की होम मिनिस्टर नियुक्त की गई हैं। वह भारतीय मूल की इकलौती महिला मंत्री हैं जिन्हें ब्रिटेन की 56वीं प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने अपनी कैबिनेट में जगह दी है। पहले भी इस पद पर भारतीय मूल की महिला मंत्री थीं। बोरिस जॉनसन की सरकार में प्रीति पटेल होम मिनिस्ट्री संभाल रही थीं। उन्होंने लिज के पीएम बनते ही इस्तीफा दे दिया था। 42 साल की सुएला ब्रेवरमैन नए प्रधानमंत्री के चुनाव की शुरुआत में लिज ट्रस के खिलाफ थीं। दरअसल, पीएम की रेस में सुएला का भी नाम था, लेकिन रेस से बाहर होने के बाद उन्होंने भारतीय मूल के ऋषि सुनक के बजाय ट्रस को अपना समर्थन दिया।

**ब्रिटिश नागरिक हैं ब्रेवरमैन**

बोरिस जॉनसन की सरकार में 42 साल की सुएला ब्रेवरमैन अटर्नी जनरल थीं। वे हिंदू-तमिल परिवार से हैं। हालांकि, उनके पेरेंट्स केन्य और मॉरिशस से ब्रिटेन आए थे। सुएला का जन्म 3 अप्रैल 1980 में लंदन में ही हुआ। उनकी परवरिश वेंबले में हुई इसलिए उनके पास ब्रिटिश नागरिकता है। ब्रेवरमैन ने जुलाई में एक लीडरशीप कैंपेन के लॉन्च वीडियो में अपने माता-पिता के बारे में कहा था- वे ब्रिटेन से प्यार करते थे। उन्हें यहां आशा दिखाई दी थी। उन्हें यहां सुरक्षा मिली। इस देश ने उन्हें मौका दिया। इसलिए मेरा पॉलिटिक्स में करियर बनाने का उद्देश्य साफ है। मैं इस देश में अवसर पैदा करने के लिए काम करुंगी।

**ब्रेग्जिट के सपोर्ट में थीं**

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रेवरमैन को ब्रिटेन में शरण लेने वालों को रवांडा भेजने की सरकारी योजना का जिम्मा सौंपा गया था। हालांकि, इस योजना को काफी कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह कंजर्वेटिव पार्टी के ब्रेग्जिट (यूरोप से ब्रिटेन के अलग होने) धड़े की समर्थक रहीं।

**ट्रस की कैबिनेट में कौन-कौन**

ट्रस की शीर्ष टीम में थेरेसी कॉफे को उप प्रधानमंत्री और क्वासी क्वार्टेंग को वित्त मंत्री बनाया गया है। जेम्स क्लेवेरली को विदेश मंत्रालय सौंपा गया है। वेंडी मॉर्टन को ट्रेजरी की संसदीय मंत्री नियुक्त किया गया है। वह टोरी दल की चीफ व्हिप बन गई हैं।

## छत्तीसगढ़ में आईटी की रेड, शराब-स्टील कारोबारियों के घर और दफ्तरों में दस्तावेज खंगाल रहे अफसर

रायपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में धनकुबेरों के ठिकानों में आयकर विभाग की रेड पड़ी है। आयकर की टीम ने स्टील, शराब और कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े लोगों के रायपुर, रायगढ़ और बिलासपुर जिले के ठिकानों में दबिश दी है। इनकम टैक्स की कार्रवाई में 50 से ज्यादा अधिकारी शामिल हैं। आईटी की टीम घर, दफ्तरों में दस्तावेजों की जांच कर रही है। रेड कार्रवाई में सशस्त्र जवानों को भी साथ रखा गया है। घर और ठिकानों से किसी को आने-जाने नहीं दिया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर में शराब कारोबारी अमोलक सिंह भाटिया के घर और ठिकाने पर रेड पड़ी है। ऐश्वर्या किंगडम में आरके गुप्ता और उरला के लविस्ता में स्टील एंड पावर फैक्टी कारोबारी रामदास अग्रवाल उनके पुत्र सुनील और अनिल के यहां इनकम टैक्स की टीम ने एक साथ छापा मारा है। रायगढ़ में नटवर रतेरिया, अनिल अग्रवाल, खरसिया में कारोबारी मुकेश अग्रवाल और बिलासपुर के कुछ ठिकानों पर आईटी की टीम जांच कर रही है। आईटी की टीम कारोबार से जुड़े दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच कर रही है। कारोबारियों के सीए के दफ्तरों में भी आईटी की रेड पड़ी है। आईटी की टीम में 50 से अधिक अधिकारी शामिल हैं। छापों को लेकर अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। जिन लोगों के घरों में छापा पड़ा है, वे सभी शराब, स्टील और कंट्रक्शन से जुड़े कारोबारी हैं। आईटी की टीम दर्जनभर से अधिक जगहों पर एक साथ कार्रवाई कर रही है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतुशरद,दिशाशूल- दक्षिण -जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी - 21-03 तक उपरान्त, चतुर्दशी
मास - भाद्रपद शुक्ल पक्ष ,गुरुवार, 08 Sep
नक्षत्र - श्रवण - 13 -45 - तक उपरान्त, धनिष्ठा
योग - अतिगण्ड- 21- 39 - तक उप- सुकर्मा
करण- कौलव - 10 -33 - तक उप- तैतिल
विशेष:- प्रदोष व्रत,साक्षरता दि.
व्रत -त्योहार - पंचक रात से

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | सिंह | में | सिंह... | 04-36 | बजे |
| चंद्र- | मकर | में | कन्या | 06-43 | बजे |
| मंगल | वृष | में | तुला - | 08-48 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | वृश्चिक | 10-58 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | धनु--- | 13-12 | बजे |
| शुक्र- | सिंह | में | मकर- | 15-18 | बजे |
| शनि- | मकर | में | कुंभ - | 17-09 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मीन... | 18-46 | बजे |
| केतु- | तुला | में | मेष-- | 20-22 | बजे |
| | | | वृष-- | 22-07 | बजे |
| | | | मिथुन.. | 00-08 | बजे |
| | | | कर्क... | 02-11 | बजे |

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
13:46 से
15:18 तक

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 06:06 - 07:37 | शुभ | अमृत | 18:23 - 19:51 | शुभ |
| रोग | 07:37 - 09:09 | अशुभ | चंचल | 19:51 - 21:18 | शुभ |
| उत्पात | 09:09 - 10:41 | अशुभ | रोग | 21:18 - 22:46 | अशुभ |
| चंचल | 10:41 - 12:14 | शुभ | काल | 22:46 - 00:14 | अशुभ |
| लाभ | 12:14 - 13:46 | शुभ | लाभ | 00:14 - 01:41 | शुभ |
| अमृत | 13:46 - 15:18 | शुभ | उत्पात | 01:41 - 03:09 | अशुभ |
| काल | 15:18 - 16:51 | अशुभ | शुभ | 03:09 - 04:37 | शुभ |
| शुभ | 16:51 - 18:20 | शुभ | अमृत | 04:37 - 06:06 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आपके किसी करीबी के जीवन में कुछ समस्याएँ चल रही हैं और आज आपको उनकी बात सहानुभूति से सुननी पड़ेंगी। ऐसा हो सकता है की आप इस आदमी की बातों से निराश और बेचैन सा अनुभव करें ,लेकिन आपको बिना किसी आलोचना के इस आदमी की सहायता करनी चाहिए।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आपके मिलनसार स्वभाव के कारण आपके बहुत सारे दोस्त हैं लेकिन ये सभी विश्वसनीय नही हैं।आज किसी भी दोस्त पर विश्वास करने से पहले उसके बारे में अच्छी तरह से जान लें।आज आप बिलकुल स्पष्ट सोच रहे हैं और आप मुश्किल योजना बनायेंगे और उसे बहुत अच्छी तरह कार्यान्वित भी कर पायेंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — नकारात्मकता से भरे छली लोगों से दूर रहें। ये आपको भी नकारात्मक बनाकर असफल कर देने की कोशिश में हैं जबकि आप अपनी मंजिल के बहुत करीब हो। शांति के लिए आज अपना अधिकतर समय परिवार के साथ घर पर बिताएं और सारा बाकी काम पूरा कर लें। कुछ मीठी यादें सहेजे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे।आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता।आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप पिछले कुछ दिनों से कोई बड़ी योजना बना रहे हैं। वास्तव में आज आपको यह बात महसूस होगी कि आप क्या करने जा रहे हैं और इसका आप पर काफी प्रभाव पड़ेगा लेकिन अब आपके पास पीछे हटने का विकल्प मौजूद नही है। आपको इसी दिशा में विशवास से आगे बढना होगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज का दिन कुछ अजीब सा रहेगा।कोई ऐसी घटना घट सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी ना की होगी। आप गृहों से मिलने वाली ऊर्जा का ध्यान रखें और यह समझने की कोशिश करें कि वे आपको किस दिशा में ले जाना चाहती हैं।जीवन के इस मोड़ पर आपको सही रास्ता मिलना ही आपका आगे का भविष्य तय करेगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — वित्तीय लाभ की सूचना से आपको और आपके परिजनों को ख़ुशी होगी।इससे ये भावना आएगी कि सब अच्छा हो रहा है।आप खुशमिजाज और आकर्षक हैं,नए लोगों से मिलें।इससे आपको नए अवसर मिलेंगे जो अंतत आपके लिए फायदे का सौदा साबित होंगे।आप परिवार या घर की बनावट में कोई बदलाव लाने के बारे में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आप अपने दोस्त की गलती की जिम्मेदारी खुद लेने पर तुले हुए हैं ,लेकिन इसके नतीजों के बारे में भी सोच लें। किसी कानूनी पचड़े में भी पड़ सकते हैं। कोई ऐसी घटना होगी जो आपको कभी ना भूलने वाला सबक देगी। कुछ अलग दिखें,कपड़े या अपना बाल बनाने का तरीका बदल लें।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं।आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे।आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी। आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आपको खुद पर बहुत यकीन है लेकिन अति आत्मविश्वास और अधिकार जताने की प्रवृति से बचें। दूसरों पर अपनी राय थोपने की आदत से आज आपको नुक्सान उठाना पड़ सकता है। केवल सही होना ही काफी नही है,आपको इसक अभी ध्यान रखना होगा कि आप दूसरों को नाराज न करें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है।अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे सफलता जरुर मिलेगी।आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — कार्यस्थल पर कोई आपके खिलाफ चुपचाप काम कर रहा है लेकिन आज आपको इस बात का पक्का सबूत मिलने वाला है कि वह कौन है।लेकिन अभी इस आदमी से ना उलझें आपको केवल यह पता चल जाने से भी काफी मदद मिलेगी कि आपके खिलाफ कौन काम कर रहा है और आप अपने दुश्मनों को अपने रास्ते से हटाने में कामयाब रहेंगे।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# हरियाणा में लगेगा विपक्ष का जमावड़ा, एक मंच पर होंगे नीतीश, ममता और अखिलेश यादव

हिसार, 7 सितंबर (एजेंसियां)। नीतीश कुमार और केसीआर जैसे नेता बीते कुछ दिनों से विपक्षी एकता की कोशिशों में जुटे हैं। नीतीश कुमार ने दिल्ली तक दौरे किए हैं और केसीआर से भी पटना में मुलाकात की थी। इसके अलावा तेलंगाना के सीएम केसीआर भी कई बार मोदी सरकार को हराने का आह्वान कर चुके हैं। इस बीच हरियाणा में 25 सितबर को विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होने जा रहा है, जिसे 2024 के आम चुनाव के लिए एकता की कोशिश से भी जोड़ा जा रहा है। पूर्व डिप्टी पीएम देवीलाल की जयंती पर यह एकता रैली होने जा रही है।

**मुलाकात हुई, बात हुई; क्या केजरीवाल ने पूरी नहीं की**



**नीतीश की 'मुराद'**

हिसार के पास होने वाली इस रैली की तैयारी इंडियन नेशनल लोक दल ने की है, जिसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार, टीएमसी की नेता ममता बनर्जी और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मौजूद रहेंगे। बीते कई सालों में यह पहला मौका होगा, जिसमें देश भर के गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेसी नेता एक ही मंच पर होंगे। इनके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल, मुलायम सिंह यादव और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर तीसरे मोर्चे को लेकर भी कुछ ऐलान होने की उम्मीद जताई जा रही है। जेडीयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि मंगलवार को नीतीश कुमार और आईएनएलडी के नेता ओमप्रकाश चौटाला की मुलाकात हुई थी, जिसमें इस रैली का फैसला हुआ था।

**केसीआर, नायडू जैसे नेताओं को भी भेजा जाएगा न्योता**

त्यागी ने कहा कि इस रैली में नीतीश, तेजस्वी, अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, ममता बनर्जी और फारूक अब्दुल्ला जैसे नेताओं ने आने की बात कही है। इसके अलावा देश के कुछ और नेताओं को निमंत्रण दिया जा रहा है। ऐसे में यह संख्या और ज्यादा हो सकती है। इस रैली के लिए ओपी चौटाला की ओर से शरद पवार, तेलंगाना के सीएम केसीआर और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को भी आमंत्रित करने की तैयारी है। यही नहीं मेघालय के राज्यपाल और मोदी सरकार की लगातार आलोचना कर रहे सत्यपाल मलिक को भी आमंत्रित किया जाएगा।

**कांग्रेस का जिक्र तक नहीं कर रहे विपक्षी दल, क्या है प्लानिंग**

बता दें कि कभी हरियाणा के सीएम रहे ओमप्रकाश चौटाला आज के दौर में अपनी सियासी विरासत को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इनेलो में दोफाड़ होने के बाद जजपा अस्तित्व में आई थी, जिसके नेता दुष्यंत चौटाला हैं। वह भाजपा के साथ बनी गठबंधन सरकार में डिप्टी सीएम हैं। लेकिन चौटाला फैमिली में विवाद के चलते इनेलो कमजोर हो गई है। गौरतलब है कि 2024 की चुनावी तैयारियों में कांग्रेस नेपथ्य में ही नजर आ रही है। विपक्षी दल एकता की बात तो कर रहे हैं, लेकिन अब तक कांग्रेस को इसमें शामिल करने की कोई बात नहीं की गई है।

# 'भाजपा को जानो' पहल के तहत नड्डा 12 देशों के राजनयिकों से करेंगे संवाद

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा बुधवार को 'भाजपा को जानो' पहल के तहत 12 देशों के राजनयिकों से संवाद करेंगे। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। नड्डा इस पहल के तहत अभी तक हुए चार कार्यक्रमों में 47 विदेशी राजनयिकों से संवाद कर चुके हैं।

**पार्टी का इतिहास, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में योगदान के बारे में बताएंगे**

पार्टी मुख्यालय में बुधवार शाम को होने वाले संवाद के दौरान भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले सहित कई अन्य वरिष्ठ



नेता उपस्थित रहेंगे। इस दौरान नड्डा विदेशी राजनयिकों को अपनी पार्टी के इतिहास, उसकी विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान से अवगत कराएंगे। वह राजनयिकों के सवालों का जवाब भी देंगे।

**पार्टी के बारे में विभिन्न देशों के राजनयिकों से कर चुके हैं बात**

इससे पहले, जुलाई महीने में नड्डा ने तीन दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली आए नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की थी। 'भाजपा को जानो' पहल के तहत नड्डा वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ सदस्य न्गूयेन वैन नेन, नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन के अलावा अब तक यूरोपीय संघ सहित विभिन्न देशों के राजनयिकों से बातचीत कर चुके हैं। पिछले साल छह अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर नड्डा ने ''भाजपा को जानो'' पहल की शुरुआत की थी।

# हुड्डाः हरियाणा अपने हक का एक बूंद भी पानी नहीं छोड़ेगा

**कहा- हरियाणा के हितों के प्रति खट्टर सरकार का रवैया ढुलमुल**



चंडीगढ़, 7 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही हरियाणा के हक में फाइनल फैसला दे चुका है, इसलिए प्रदेश सरकार को कोर्ट के आदेशों की अवहेलना का मामला दाखिल करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा अपने हक का एक बूंद भी पानी नहीं छोड़ेगा। हुड्डा ने सतलुज यमुना लिंक मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अब बैठक का कोई मतलब नहीं है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही हरियाणा के हक का पानी देने के लिए अंतिम फैसला दे दिया है। केंद्र सरकार एवं पंजाब सरकार को इसका अनुपालन करना है और हरियाणा सरकार को इसके लिए प्रयत्न करना है। यही मुद्दा लेकर वह मुख्यमंत्री से लेकर पूर्व राष्ट्रपति तक से मिले थे। उनके अनुसार हरियाणा के हक में सुप्रीम कोर्ट के फैसले और सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री से समय लेने की बात तय होने के बावजूद सरकार ने कभी प्रदेश को पानी दिलवाने की दिशा में ठोस क़दम आगे नहीं बढ़ाया।

# भाजपा की रथ यात्रा सत्ता के लिए थी, कांग्रेस की सत्य के लिए है : कन्हैया कुमार

कन्याकुमारी, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने पार्टी की 'भारत जोड़ो' यात्रा को लेकर बुधवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी द्वारा 1990 में की गई रथ यात्रा सत्ता के लिए थी, लेकिन उनकी पार्टी की यह (भारत जोड़ो) यात्रा सत्य के लिए है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी के साथ जो 118 'भारत यात्री' कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा करेंगे उनमें कन्हैया कुमार भी शामिल हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ₹किसी भी भारतीय के लिए यह सौभाग्य की बात है कि वह इस यात्रा का हिस्सा बने। यह सिर्फ एक राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि इसके सांस्कृतिक, सामाजिक पहलू भी है, लोगों के साथ मेलजोल है।''

**भारत जोड़ो यात्रा सत्य के लिए हैः कुमार**

यह पूछने जाने पर यह यात्रा आडवाणी और कुछ अन्य नेताओं द्वारा अतीत में निकाली गई यात्राओं से किस तरह अलग है? कन्हैया ने कहा, इस यात्रा के तीन बिन्दू हैं,



राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक। वो (आडवाणी की यात्रा) राजनीतिक यात्रा थी और सत्ता के लिए थी, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा सत्य के लिए है। आडवाणी की यात्रा और कांग्रेस की पहल के बीच अंतर पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, मैं उस (आडवाणी की) यात्रा के नकारात्मक प्रभावों में नहीं जाना चाहता, देश उसके नकारात्मक प्रभावों को देख रहा है। उन्होंने यह भी कहा, ₹उस यात्रा से भाजपा को सत्ता मिली थी, लेकिन कांग्रेस की यात्रा सत्य को पुर्नस्थापित करने के लिए है।''

**केंद्र सरकार ने अमीर-गरीब के बीच खाई पैदा कीः कुमार**

उल्लेखनीय है कि आडवाणी ने 1990 में राम मंदिर आंदोलन के समय रथयात्रा निकाली थी जिसका भारतीय जनता पार्टी को राजनीतिक फायदा मिला था। कन्हैया ने यह भी दावा भी कहा कि केंद्र सरकार अमीर और गरीब के बीच खाई पैदा कर रही है जिस कारण इस यात्रा का महत्व है। उनका कहना था, ''बार-बार-बार यह कह कर आलोचना की जा रही है कि भारत कहां टूटा है कि यह यात्रा निकाली जा रही है। भारत भौगोलिक और ऐतिहासिक रूप से नहीं टूटा है, लेकिन सरकार की नीति के कारण अमीर और गरीब के बीच भयंकर खाई दिखेगी। यह जो खाई बढ़ रही है, यह यात्रा उसको लेकर है।''

# असम में अब खुद लोग ही तोड़ रहे मदरसे

## सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बोले- ये अल-कायदा के दफ्तर थे



दिसपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। असम में मंगलवार को चौथा मदरसा ढहा दिया। खास बात है कि बार यह कार्रवाई सरकार नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों की तरफ से की गई है। इस बात की जानकारी पुलिस अधिकारी ने दी है। पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का कहना है कि अब मुस्लिम समुदाय भी इस काम के लिए आगे आ रहा है। खास बात है कि असम में आतंकवादी गतिविधियों से कनेक्शन के आरोप में कुछ मदरसों को ढहाया जा रहा है। सीएम सरमा ने बुधवार को कहा, 'गिराए गए सभी मदरसे, मदरसे नहीं बल्कि अल-कायदा के दफ्तर थे। हमने 2-3 गिराए हैं और अब जनता अन्य को गिराने के लिए आगे आ रही है। मुसलमान समुदाय ढहाने के लिए आगे आ रहा है और कह रहे हैं कि वे ऐसा मदरसा नहीं चाहते, जहां अल-कायदा का काम होता हो। इससे मदरसा का चरित्र बदल रहा है।'

असम के गोलपारा जिले में स्थानीय लोगों ने मदरसा गिरा दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस के हवाले से बताया गया कि लोगों की तरफ से आरोप लगाए गए थे कि दो बांग्लादेशी नागरिक आतंकी गतिविधियों के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि दो बांग्लादेशी नागरिक अमीनुल इस्लाम और जहांगीर आलम अल-कायदा से जुड़े संगठन के सदस्य हैं और उन्होंने 2020-2022 के बीच मदरसा में पढ़ाया था। बुधवार को गोलपारा एसपी वीवी राकेश रेड्डी ने जानकारी दी, 'स्थानीय लोग मदरसा गिराने की पहल कर रहे हैं। इसमें सरकार शामिल नहीं है। वे इस बात को लेकर हैरान हैं की गिरफ्तार किए गए जिहादी मदरसा में शिक्षक थे। लोगों ने एक मजबूत दिया है कि वे जिहादी गतिविधियों का समर्थन नहीं करना चाहते।' खबर है कि मार्च से लेकर अब तक असम पुलिस ने आतंकी गतिविधियों के चलते 40 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। बीते महीने सीएम सरमा ने कहा था कि असम 'जिहादी गतिविधियों' का गढ़ बन गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि असम के मस्जिद और मदरसों में बाहर से आने वाले धार्मिक शिक्षकों को सरकारी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# स्कूल में संस्कृत श्लोक पर बोला सुप्रीम कोर्ट

## नैतिक मूल्य बढ़ाने वाली प्रार्थना जरूरी

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय विद्यालयों में सुबह की सभा के दौरान संस्कृत श्लोक बोलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। एक पीआईएल की सुनवाई के दौरान बुधवार को कोर्ट ने कहा कि अगर कोई प्रार्थन नैतिक मूल्य पैदा करती है तो इसे किसी धर्म विशेष से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। एक नास्तिक वकील ने केंद्र सरकार के दिसंबर 2012 के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें केंद्रीय विद्यालय में श्लोक गाने को अनिवार्य किए जाने की बात कही गई थी। जस्टिस इंदिरा बनर्जी, सूर्यकांत और एमएम सूद्रेश की बेंच ने कहा कि इस तरह की प्रर्थना छात्रों में



नैतिक मूल्यों को जन्म देती है। बेसिक एजुकेशन में इसका अलग महत्व है। नैतिक मूल्यों को जन्म देने किसी धर्म विशेष से जुड़ा नहीं है। कोर्ट 2017 की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। बता दें कि 2012 में केंद्रीय विद्यालय संगठन ने विद्यालयों में 'असतो मा सद्गमय' प्रार्थना को अनिवार्य कर दिया था। 2019 में दो जजों की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि याचिका संविधान के आर्टिकल 28 (1) के महत्व पर सवाल खड़ा कर रही है। इस आर्टिकल में कहा गया है कि कोई भी सरकारी निधि से चलने वाला विद्यालय धर्म विशेष की शिक्षा नहीं दे सकता।

याचिकाकर्ता कहना है कि केवीएस का आदेश इस आर्टिकल का उल्लंघन करता है। वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसालवीस याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा, यह एक विशेष समुदाय की प्रार्थना है। हालांकि कोर्ट ने जिस सिद्धांत की बात की है वह भी महत्वपूर्ण है। अस्पसंख्यक समुदाय और नास्तिक पैरेंट्स और बच्चे भी इस प्रार्थना से सहमत नहीं हैं। हालांकि इस याचिका में केवीएस को पार्टी नहीं बनाया गया था। अब गोंसालवीस ने अगली तारीख पर केवीएस को पार्टी बनाने को कहा है। जस्टिस इंदिरा बनर्जी इसी महीने के आखिरी में रिटायर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मामला अगले महीने तक के लिए टाला जा रहा है। 2019 की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर तुषार मेहता ने कहा था कि संस्कृत के वे श्लोक जो कि यूनिवर्सल टुथ हैं, उनपर कोई आपत्ति नहीं कर सकता। जैसे कि कोर्ट में यतो धर्मस्ततो जयः का प्रयोग होता है। यह भी उपनिषद से लिया गया है लेकिन इसका मतलब बिल्कुल नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट धार्मिक हो गया है।

## नेशनल प्लेयर नशे के 145 इंजेक्शन के साथ पकड़ा

करनाल, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कुश्ती में नेशनल लेवल पर सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी को हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स विभाग ने 145 इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। एक हादसे में पैर में फ्रैक्चर आने के बाद आरोपी खिलाड़ी ने खेलना छोड़ा और फिर नशे की गर्त में चला गया। वह न सिर्फ खुद नशा करता था बल्कि दूसरे खिलाड़ियों को भी नशे के कैप्सूल व इंजेक्शन देता था और पैसा कमाता था। नशे के इंजेक्शन का इस्तेमाल स्टैमिना को बढ़ाने के लिए किया जाता है। अब नारकोटिक्स विभाग ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 8 सितंबर, 2022

# शिक्षा में सुधार की पहल

देर से ही सही, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी की इस शिक्षक दिवस पर किए गए एक ट्वीट ने शिक्षा के प्रति उम्मीद की किरण जगा दी है।पीएम मोदी ने ट्वीट करके घोषणा की कि प्रधानमंत्री स्कूल्स फार राइजिंग इंडिया यानी पीएम-श्री योजना के तहत देश के साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत किया जाएगा। इस घोषणा ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए आशा की किरण दिखाई देने लगी है। बता दें कि देश की आजादी के इतने सालों बाद भी शिक्षा क्षेत्र की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। शिक्षा संबंधी तमाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण जब भी होते हैं तो उसमें सरकारी स्कूलों में भवन, पीने के पानी, पाठ्य सामग्री, टाट-पट्टी आदि के अभाव के साथ-साथ अध्यापकों की बेहद कमी ही दिखाई देती रही है। इसके बाद भी सरकारों ने अपने सालाना बजट में शिक्षा पर खर्च का प्रावधान आवश्यकता से बहुत कम किया। इससे स्कूलों की दशा में निरंतर गिरावट आती रही और आज हालात यह है कि सरकारी स्कूलों का ताना-बाना ही लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। इसलिए मुट्ठी भर सक्षम लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूल की मुफ्त की पढ़ाई न पढ़ा कर महंगे स्कूलों में पढ़ाने को मजबूर हो गए हैं। नतीजतन जहां सरकारी स्कूलों में ताले लग रहे हैं, वहीं निजी स्कूलों की संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। इसका नकारात्मक प्रभाव यह पड़ा है कि शिक्षा का अधिकार सांविधानिक संकल्प होने के बावजूद सभी बच्चों तक मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच मुश्किल हो गई है। इसलिए साक्षरता दर की जो अपेक्षा की गई थी उससे देश कोसों दूर हो गया है। देखा जाए तो केंद्र सरकार इन तथ्यों से अनजान नहीं हो सकती। बता दें कि शिक्षा समवर्ती सूची में आता है, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों को साथ मिल कर काम करना होता है। ऐसे में जिन राज्यों में केंद्र से अलग राजनीतिक दल की सरकारें हैं वहां वे स्कूलों की दुर्दशा का ठीकरा अक्सर एक-दूसरे पर फोड़ती नजर आती हैं। लेकिन जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकारें हैं, वहां भी स्थिति भी कोई संतोषजनक नहीं है। यही वजह है कि कोई भी राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी को अपनी उपलब्धि के तौर पर नहीं गिना रही है। इस मामले में लगभग सभी सरकारों ने चुप्पी साधने में ही भलाई समझी है। केजरीवाल सरकार के दावे के अनुसार यदि सही है तो दिल्ली को अपवाद जरूर मान सकते हैं। देखा जाए तो सरकारी स्कूलों की दुर्दशा का सिलसिला काफी पुराना हो चुका है। इसकी जो परंपरा चली आ रही है, उससे सरकारी स्कूल बर्बाद ही हुए हैं। इससे सरकारों ने भी सरकारी स्कूल खोलने की बजाय निजी क्षेत्र को स्कूलों को खोलने के लिए प्रोत्साहित किया। इच्छुक कंपनियों, उद्यमियों, संगठनों को सस्ती दर पर जमीन मुहैया कराई गई। इस नीति ने निशुल्क शिक्षा को कारोबार में बदल दिया। अब धीरे-धीरे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पैसे वाले लोगों के बच्चों की पहुंच की चीज बन कर रह गई है। इस तथ्य से केंद्र सरकार भलीभांति परिचित है। इसीलिए उसने साढ़े चौदह हजार स्कूलों को विकसित और उन्नत करने का संकल्प लिया गया है, मगर यह प्रयास तो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। इतने से शिक्षा के क्षेत्र में कितनी बेहतरी आएगी, अभी कहना जल्दबाजी होगी। देखा जाए तो अब शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं सरकारों की प्राथमिक सूची से निकल कर केवल चुनावी रणनीति का हिस्सा बन गई हैं। इस पर बात करना अब चुनावी रेवडी मानी जाने लगी है, क्योंकि हर विपक्षी दल चुनाव के वक्त शिक्षा की बदहाली रेखांकित करता देखा जाता है और सत्ता पक्ष इसे बेहतर बनाने का भरोसा दिलाता रहता है। अब केंद्र सरकार से शिक्षा क्षेत्र में बेहतरी को लेकर जो उम्मीद जगी है उससे यह मांग भी उठने लगी है कि पहले उन बुनियादी अवरोधों को हटाने का प्रयास किया जाए, जिसके चलते सरकारी स्कूल दुर्दशा के शिकार हुए हैं। नई योजना बना कर महज स्कूलों का रंग-रोगन कर देने या उनमें कुछ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा देने भर से वहां पढ़ाई-लिखाई का स्तर नहीं सुधरने वाला है। सबसे बेहतर तो यह होगा कि सरकारी और निजी स्कूलों का एक ही पाठ्यक्रम बनाया जाए ताकि सभी बच्चों का समान शिक्षा मिल सके और वे भविष्य में अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

# क्या विवाह संस्था जरूरी है?

कुछ दिन पहले केरल हाई कोर्ट में तलाक का एक केस आया। वजह तार्किक न लगने के कारण कोर्ट ने तलाक की अर्जी खारिज कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा, 'तलाक के मामले बढ़ रहे हैं। युवा पीढ़ी को शादी बुराई लगती है। वह इसे बोझ के रूप में देखती है। लिवइन रिलेशनशिप के मामले बढ़ रहे हैं। युवा पीढ़ी को शादी बुराई लगती है।' यह वाक्य पारंपरिक वैल्यू सिस्टम वाले लोगों को शूल की तरह चुभता है। इसके लिए वे फौरी तौर पर युवाओं को दोषी भी ठहरा देते हैं और जीवन मूल्यों की तमाम नसीहतें भी दे डालते हैं- परिवार कुर्बानी मांगता है, युवा बहुत ज्यादा स्वार्थी हो गए हैं वगैरह-वगैरह। समस्या की असल वजह समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा।

खेती करने वाले परिवारों की ओर देखिए, ज्यादातर परिवार संयुक्त हैं। यानी पिता, उनके बेटे और उन बेटों के परिवार साथ रहते थे। पहली नजर में पारस्परिक प्रेम इसकी वजह लगती है, लेकिन असल में कारण आर्थिक है। खेती एक ऐसा व्यवसाय, जिसके लिए काम करने वाले ज्यादा हाथों की जरूरत होती है। साथ ही खेती ज्यादा श्रम के बदले कम मुनाफा देती है। साफ है, आर्थिक जरूरतें और व्यवसाय की जरूरतें परिवार को जोड़े रहती हैं।

अब औद्योगिक क्रांति की ओर बढ़ते हैं। फैक्ट्रियां ज्यादातर शहरों के बाहरी किनारों पर होती हैं। वहां काम करने वालों ने गांव छोड़े तो परिवार टूट गए। साथ ही फैक्ट्री में काम करने वाला परिवार का मुखिया इतना कमा लेता है कि वह अपनी न्यूक्लियर फैमिली यानी बीवी-बच्चों का खर्च उठा लेता है। उसके पास अपने संयुक्त परिवार से अलग होने की आर्थिक क्षमता है। इससे थोड़ा और आगे बढ़ते हैं। अब समय है कॉरपोरेट जॉब्स का। बड़े शहरों में लड़के और लड़कियां बराबर से नौकरियां कर रहे हैं। लड़कियां आर्थिक रूप आत्मनिर्भर तो हो ही रही हैं परिवार को भी सपोर्ट कर रही हैं। वे लड़कों की तरह ही शादी जैसी संस्था में बंधे रहने की आर्थिक मजबूरी से आजाद हैं। आर्थिक संपन्नता अपने साथ इंडिविजुअलिज्म लाती है। यानी व्यक्ति की चेतना के केंद्र में वह खुद है।

वह प्रेम, दोस्ती या रिश्तों के लिए नहीं खुद के लिए जीना चाहता है। ऐसा पहले यूरोप में हुआ, अब एशियाई मुल्कों में हो रहा है। इसी वजह से युवाओं को विवाह संस्था बोझ लगने लगी है और वे बिना किसी कमिटमेंट के लिवइन में रहना चाहते हैं।

अब सवाल यह कि विवाह संस्था नहीं रही तो क्या होगा? उससे पहले यह सोचना होगा की विवाह की जरूरत ही क्यों है? जाहिर है कि समाज को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए। अगर विवाह की जगह कोई दूसरा तरीका जो कि ज्यादा उदारवादी और आजादी महसूस करवाने वाला हो तो लोग उसकी ओर बढ़ेंगे ही और यह सामाजिक बदलाव स्वतः स्फूर्त हो रहा है। बंदिशें इसमें कुछ समय के लिए बाधा जरूर पैदा कर सकती हैं पर इसे रोक नहीं सकतीं।

# पारसियों के टावर ऑफ साइलेंस न जाने की वजह

टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री का मुंबई में मंगलवार को वर्ली के श्मशान घाट पर पारसी रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। साइरस के शव को पारसियों के पारंपरिक कब्रिस्तान 'दखमा' या 'टावर ऑफ साइलेंस' में नहीं ले जाया गया। यानी उनकी पार्थिव देह को गिद्ध जैसे मांसाहारी पक्षियों के लिए नहीं छोड़ा गया। आखिर साइरस मिस्त्री का अंतिम संस्कार दखमा या टावर ऑफ साइलेंस में क्यों नहीं हुआ? क्या है दखमा से अंतिम संस्कार न करने की वजह? दुनिया का एक बहुत छोटा, लेकिन बेहद सफल समुदाय है जरथुश्ट्र। इसे ही पारसी समुदाय के नाम से जाना जाता है। पारसी धर्म दुनिया के कुछ सबसे पुराने धर्मों में से एक है। इस समुदाय के लोग फारसी लोगों के वंशज हैं। इसे ही ईरान के नाम से जाना जाता है। ये लोग 1000 साल पहले ही फारस में उन पर ढाए जा रहे अत्याचारों से बचने के लिए अपना देश छोड़कर भारत आ गए थे। पारसी समुदाय आगे चलकर भारत के सबसे अमीर लोगों का समूह बना। मुंबई के विकास में इनका बड़ा योगदान माना जाता है। पारसी समुदाय के चमकते सितारों में उद्योगपति टाटा समूह से लेकर रॉकस्टार फ्रेडी मर्करी तक शामिल हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले फिरोजशाह मेहता, दादा भाई नौरोजी और भीकाजी कामा भी पारसी ही थे। पारसियों की आबादी दुनियाभर में 1 से 2 लाख के बीच है। इनमें से सबसे ज्यादा 60,000 पारसी भारत में रहते हैं।

पारसियों के अंतिम संस्कार की परंपरा हिंदू, मुस्लिम और ईसाइयों से काफी अलग है। पारंपरिक रूप से पारसी न तो हिंदुओं की तरह अपने परिजनों के शव को जलाते हैं, न ही मुस्लिम और ईसाई की तरह दफन करते हैं। पारसियों के अंतिम संस्कार की परंपरा 3 हजार साल पुरानी है। पारसियों के कब्रिस्तान को दखमा या 'टावर ऑफ साइलेंस' कहते हैं। 'टावर ऑफ साइलेंस' गोलाकार खोखली इमारत के रूप में होता है। किसी व्यक्ति की मौत के बाद उन्हें शुद्ध करने की प्रक्रिया के बाद शव को टावर ऑफ साइलेंस में खुले में छोड़ दिया जाता है। पारसियों की अंत्येष्टि की इस प्रक्रिया को दोखमेनाशिनी कहा जाता है। इसमें शवों को आकाश में दफनाया जाता है, यानी शव के निपटारे के लिए उसे टावर ऑफ साइलेंस में खुले में सूरज और मांसाहारी पक्षियों के लिए छोड़ दिया जाता है। मुंबई में मालाबार हिल्स में जंगलों के बीच टावर ऑफ साइलेंस बना हुआ है। पारसी समुदाय के लोग पारंपरिक रूप से अपने परिजनों का अंतिम संस्कार यहीं पर करते हैं। पारसियों की मान्यता है कि आग, पानी बहुत पवित्र है; इन्हें अपवित्र नहीं करना चाहिए। आमतौर पर पारसी समुदाय अंतिम संस्कार के लिए टावर ऑफ साइलेंस में शव को खुले में छोड़ देते हैं। गिद्ध जैसे मांसाहारी पक्षी उस शव का मांस खा लेते हैं, लेकिन गिद्धों की आबादी तेजी से घटने से पारसी समुदाय के अंतिम संस्कार यानी दखमा को करना आसान नहीं रह गया। गिद्धों की प्रजातियों की आबादी पिछले कुछ सालों में करीब 99% तक घटी है। गिद्धों की आबादी घटने से मुंबई में रहने वाले कई पारसी अपने प्रियजनों की मौत के बाद उनके शवों के सम्मानपूर्वक निपटारे को लेकर चिंतित थे। गिद्धों की आबादी घटने से जब पारसी लोग शवों को टावर ऑफ साइलेंस पर रखते थे, तो शव महीनों तक वहीं पड़े सड़ते रहते थे। इसके चलते मुंबई के कई पारसी अंतिम संस्कार के लिए शव को दफनाने या दाह संस्कार जैसे विकल्प अपनाने के बारे में सोचने लगे।

मुंबई में पारसियों के लिए अंतिम संस्कार की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पहले प्रार्थना हाल की नींव 1980 के दशक में प्रसिद्ध उद्योगपति जेआरडी टाटा की वजह से पड़ी थी। एक ऐसा प्रार्थना हाल, जहां पारसियों के अंतिम संस्कार के लिए शवों को दफनाने या दाह संस्कार की व्यवस्था हो। 1980 के दशक में जेआरडी टाटा ने अपने भाई बीआरडी टाटा के निधन के बाद मुंबई के म्यूनिसिपल कमिश्नर जमशेद कांगा से पूछा था कि उनके भाई के अंतिम संस्कार के लिए मुंबई में कौन सा श्मशान घर बेहतर रहेगा। दरअसल, प्रसिद्ध उद्योगपति होने की वजह से उनके अंतिम संस्कार में कई गणमान्य लोग आने वाले थे। उस समय कुछ श्मशान घर बंद थे और उन्हें अपग्रेड किया जा रहा था, जबकि बाकी जर्जर हालत में थे। इस स्थिति से निपटने के लिए दादर में एक श्मशान घर को साफ कराया गया, लेकिन जब जमशेद कांगा जेआरडी टाटा को सांत्वना देने वहां गए, तो उनसे कहा गया कि मुंबई में श्मशान घर की सुविधाएं और बेहतर होनी चाहिए। जेआरडी टाटा ने 1980 के दशक में अपने भाई बीआरडी टाटा का अंतिम संस्कार दखमा के बजाय दादर स्थित श्मशान घर में किया था।

मुंबई के कई श्मशान घरों में से वर्ली में स्थित श्मशान घर में काफी जगह थी और साउथ मुंबई में होने की वजह से पारसियों के लिए सुविधाजनक था। जमेशद कांगा ने वर्ली में ही एक प्रेयर हॉल बनाने की योजना बनाई, लेकिन इससे पहले कि प्रोजेक्ट शुरू हो पाता, उनका ट्रांसफर हो गया। जमशेद कांगा ने ये मिशन छोड़ा नहीं और मुंबई में प्रभावशाली पारसियों के साथ मिलकर अंतिम संस्कार के वैकल्पिक तरीके की मांग के साथ 'मृतकों का सम्मान के साथ निपटान' नामक कैंपेन चलाया था। तब कांगा ने कहा था- 'टावर ऑफ साइलेंस सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा है और हमें विकल्प की जरूरत है।' पारसियों के लिए श्मशान घर बनाने की मांग जोर पकड़ती गई। एक प्रस्ताव टावर ऑफ साइलेंस के पास ही श्मशान घर बनाने का भी रखा गया, लेकिन पारसियों की सबसे बड़ी रिप्रेजेंटेटिव बॉडी बॉम्बे पारसी पंचायत यानी बीपीपी ने इसे स्वीकार नहीं किया। वैकल्पिक अंतिम संस्कार का रास्ता अपनाने वालों को पारंपरिक पारसियों का विरोध झेलना पड़ा। दरअसल, टावर ऑफ साइलेंस के जरिए शवों के अंतिम संस्कार करने वालों को ही वहां बने प्रेयर हॉल में प्रार्थना की इजाजत दी गई। जिन लोगों ने शवों को कहीं और दफनाया या जलाया था, उन्हें टावर ऑफ साइलेंस के प्रेयर हॉल में जाने से रोक दिया गया। कहीं और शवों को दफनाने और जलाने वाले दो पारसी पुजारियों पर भी प्रार्थना हॉल में जाने पर रोक लगा दी गई। इसके बाद 2015 में पारसियों के एक समूह ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के साथ मिलकर मुंबई के वर्ली में पारसियों के लिए श्मशान घर बनवाया। वर्ली श्मशान घर मुंबई के सबसे पुराने श्मशान घरों में से एक है। यहां दखमा के बजाय दफनाने या दाह संस्कार को चुनने वाले पारसियों के लिए प्रेयर हॉल भी बना है। मुंबई में कुल 202 श्मशान घर हैं।

अंग्रेजों के समय से पारसियों की जन्म, मृत्यु और शादी के रिकॉर्ड रखने वाली पर्सियाना मैगजीन के मुताबिक 2018 में मुंबई में कुल 720 पारसियों की मौत हुई थी, इनमें से 647 का अंतिम संस्कार दखमा से हुआ, जबकि करीब 11% यानी 73 पारसियों को दफनाया गया था।

दुनिया में पारसियों की आबादी 1.5 से 2 लाख के बीच है, जिनमें से 60-70 हजार पारसी भारत और 40-45 हजार पारसी मुंबई में रहते हैं। 1940 के दशक में भारत में पारसियों की आबादी 1 लाख थी, जो 2011 में घटकर 60 हजार रह गई थी। 2050 तक इनकी आबादी घटकर 40 हजार रह जाने का अनुमान है। पर्सियाना मैगजीन के मुताबिक, हाल के वर्षों में पारसियों के बीच दखमा के बजाय वैकल्पिक तरीके से अंतिम संस्कार कराने का चलन बढ़ा है। पर्सियाना के मुताबिक, वर्ली प्रेयर हॉल खुलने से पहले मुंबई में पारसियों के दफनाने या दाह संस्कार से 6% अंतिम संस्कार होते थे। जबकि इसके खुलने के बाद ऐसे अंतिम संस्कार बढ़कर करीब 15% तक पहुंच गए। मुंबई में पारसियों के पास अब अंतिम संस्कार के 3 विकल्प हैं। 0पहला-पारंपरिक दखमा यानी टावर ऑफ साइलेंस के जरिए अंतिम संस्कार करना। दूसरा-शवों को दफनाना। तीसरा-शवों का दाह संस्कार करना। साइरस मिस्त्री का अंतिम संस्कार तीसरे विकल्प के जरिए वर्ली स्थित श्मशान घर में दाह संस्कार के जरिए किया गया।

फिरोज गांधी ने जताई थी खुले में शव न छोड़ने की इच्छा। इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी भी पारसी थे। फिरोज ने अपनी मौत से पहले अपने दोस्तों से कहा था कि वो हिंदू तरीकों से अपनी अंत्येष्टि करवाना पसंद करेंगे, क्योंकि उन्हें अंतिम संस्कार का पारसी तरीका पसंद नहीं था, जिसमें शव को गिद्धों के खाने के लिए छोड़ दिया जाता है। 8 सितंबर 1960 को फिरोज गांधी की मौत के बाद हुआ भी ऐसा। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के निगमबोध घाट में हिंदू रीति-रिवाज से किया गया था। उस वक्त 16 साल के राजीव गांधी ने फिरोज की चिता को आग लगाई थी। हालांकि उनके पार्थिव शरीर को दाह संस्कार के लिए ले जाने से पहले कुछ पारसी रस्मों का भी पालन किया गया। जैसे जब फिरोज के शव के सामने पारसी रीति से 'गेह-सारनू' पढ़ा गया तो कमरे से इंदिरा और उनके दोनों बेटों के अलावा सब को हटा दिया गया। फिरोज के शव के मुंह पर एक कपड़े का टुकड़ा रख कर 'अहनावेति' का पहला पूरा अध्याय पढ़ा गया।

# तेज बढ़े तो सबके पास पहुंचे अमीरी

बीते हफ्ते की सबसे बड़ी खबरों में से एक थी- भारत और एशिया के सबसे अमीर इंसान गौतम अडानी का दुनिया के अमीरों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच जाना। खबर आई कि उन्होंने बिल गेट्स को पीछे छोड़ने हुए अब फ्रेंच फैशन ब्रांड लुई वितां के मुखिया को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। जिस दिन यह खबर आई, उस दिन बताया गया कि गौतम अडानी की संपत्ति 137 अरब डॉलर हो गई है और अब दुनिया में सिर्फ दो लोग हैं, जो उनसे ज्यादा अमीर हैं। ये थे, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क (251 अरब डॉलर) और एमेजॉन के जेफ बेजोस (153 अरब डॉलर)। कहा यह भी जा रहा था कि इसी रफ्तार से बढ़ते रहे, तो अडानी जल्दी ही जेफ बेजोस को भी पछाड़कर दूसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे।

अडानी की संपत्ति और अमीरों की सूची में उनका तेजी से ऊपर जाना पहली बार खबरों में नहीं था। इससे पहले इसी साल फरवरी में खबर आई थी कि उन्होंने संपत्ति के मामले में भारत के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, कुछ ही दिनों के बाद फिर मुकेश अंबानी इस सूची में वापस शिखर पर पहुंच गए। यह कोई हैरतअंगेज बात भी नहीं थी, क्योंकि अमीरों की सूची में ऊपर-नीचे होने का आधार शेयर बाजार में इनके शेयरों की कीमत ही होती है। इसलिए अगर दो लोगों की संपत्ति में कुछ ही फर्क रह गया हो, तो फिर इस तरह कभी कोई ऊपर तो कभी नीचे चलता है। पिछले छह महीनों में दो-तीन बार यह ऊपर नीचे का सिलसिला चला। हैरतअंगेज बात यह है कि 3 जून को जब मुकेश अंबानी ने पिछली बार गौतम अडानी को पीछे छोड़ा, तब उनकी संपत्ति थी 99.7 अरब डॉलर, जबकि उस दिन अडानी की संपत्ति थी, इससे बस एक अरब डॉलर कम, यानी 98.7 अरब डॉलर, जबकि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, 2020 की शुरुआत में मुकेश अंबानी की संपत्ति 59 अरब डॉलर और अडानी की संपत्ति सिर्फ 10 अरब डॉलर थी। यह आंकड़ा 1 जनवरी, 2020 का है। कोरोना महामारी के प्रकोप से ठीक पहले। यानी अडानी की संपत्ति में तेज बढ़त का असली सिलसिला उसके बाद शुरू हुआ। इसी साल जनवरी के बाद से उनकी संपत्ति में 60 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह रफ्तार कितनी तेज है, इसका अंदाजा लगाना हो, तो यह समझिए कि जिस दिन ब्लूमबर्ग ने अडानी को दुनिया में तीसरे नंबर का अमीर बताया, उस दिन उनकी संपत्ति 137 अरब डॉलर आंकी गई थी। लेकिन इसके तीन ही दिन बाद शुक्रवार को यह लिखे जाने तक फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर इंडेक्स में गौतम अडानी की संपत्ति दस अरब डॉलर बढ़कर 147 अरब पर पहुंच चुकी थी। यानी एक ही दिन में तीन अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल। वैसे ध्यान रहे, अमीरों की सूची बनाने का काम मोटे तौर पर शेयर बाजार का ही कमाल है, क्योंकि इसमें इन लोगों की सूचीबद्ध कंपनियों में इनकी हिस्सेदारी के बाजार भाव को ही जोड़ा जाता है। शायद इसीलिए अडानी की संपत्ति का इस तेजी से बढ़ना कोई आश्चर्य नहीं है। अडानी समूह की कुल सात सूचीबद्ध कंपनियां हैं और इनके शेयरों में 100 प्रतिशत से लेकर 1,000 प्रतिशत से ज्यादा तक का उछाल पिछले दो साल में आया है। अमीरों की इस सूची में एक और खास बात है। मुकेश अंबानी अभी भले ही अडानी से काफी पिछड़ते दिख रहे हों, लेकिन ब्लूमबर्ग के मुताबिक, दुनिया के दस बड़े अमीरों में अडानी के अलावा वही अकेले हैं, जिनकी संपत्ति इस साल बढ़ी है। बाकी सभी की दौलत में कोरोना ने सेंध लगा दी। कहीं कम, कहीं ज्यादा। इसका एक पक्ष और भी है। भारत में कुछ कंपनियों का जिस तेजी से कारोबार फैल रहा है, उसी तेजी से सवाल भी बढ़ रहे हैं। इस वक्त का सबसे बड़ा सवाल कर्ज को लेकर है। फिच रेटिंग की सहयोगी क्रेडिटसाइट्स ने एक रिपोर्ट में चेतावनी भी दी है कि हालात बहुत बिगड़े, तो कर्ज पर डिफॉल्ट का डर भी हो सकता है। यह खतरा काफी गंभीर लगता है, खासकर यह देखते हुए कि रिलायंस इंडस्ट्रीज 2020 में ही खुद को कर्जमुक्त घोषित कर चुकी है, लेकिन बताने वाले मार्च 2022 में भी उस पर लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज बता रहे हैं। उधर अडानी समूह पर कर्ज का आंकड़ा लगभग दो लाख बीस हजार करोड़ रुपये बताया जाता है।

ज्यादा चिंता यह है कि क्या अपने देश में कुछ लोग केवल कर्ज के भरोसे कारोबार बढ़ा रहे हैं? दूसरी ओर, यह बात ध्यान देने लायक है कि अडानी समूह का कर्ज भले ही बढ़ा हो, उसकी कमाई के मुकाबले कर्ज का अनुपात कम हुआ है। जिन लोगों ने तमाम आशंकाओं के बावजूद अडानी की कंपनियों में पैसा लगाया, पिछले दो साल में उन्होंने धुआंधार कमाई की है। कुछ शेयर तो 15 गुना से ज्यादा बढ़ गए हैं।

अब तो बाजार से रूठे विदेशी निवेशकों के लौटने की उम्मीद बढ़ रही है, तो इन निवेशकों के लिए शायद और अच्छे दिन आने वाले हैं। ख्यात सलाहकार फर्म मैकिन्जी के सीईओ बॉब स्टर्नफेल्स का कहना है कि अब भारत का दशक नहीं, भारत की शताब्दी आ रही है। बहरहाल, इस पर विवाद हो सकता है कि भारत में पांच प्रतिशत से ज्यादा लोग शेयर बाजार में पैसा नहीं लगाते हैं। उनमें से भी एक बहुत छोटा हिस्सा है, जिसने अडानी-अंबानी की कंपनियों में पैसा लगाया और कमाया। अडानी की संपत्ति जितनी बढ़ेगी, उनके शेयर की कीमत भी उसी हिसाब से बढ़ना तय है। अगर देश की आबादी का बड़ा हिस्सा इस रास्ते पर चले और अपनी कमाई का कुछ हिस्सा लगाकर अपनी-अपनी कमाई बढ़ाने की कोशिश करे, तो उद्योगों के लिए पूंजी जुटाना आसान हो जाएगा और बदले में कमाई का हिस्सा ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच बंटेगा।

इस रास्ते को आजमाया जा सकता है या पुराने अंदाज में हर उस आदमी पर सवाल उठाया जा सकता है, जो अपनी कमाई बढ़ाने के तरीके तलाश रहा है। कहने का मतलब यह कतई नहीं है कि जो गलत है, उसे गलत न कहा जाए, लेकिन क्या गलत है और क्या सही, इसकी जांच बारीकी से होनी चाहिए और रास्ते सबके लिए बराबर खुलने चाहिए।

# चाय पीने से मौत का खतरा कम, शोध में हुआ खुलासा

भारत में चाय पिने वालों की संख्या करोड़ो में है। देश के हर घरों में चाय से ही सुबह की शुरूआत होती है। ऐसा ही कोई घर होगा, जहां पर चाय नहीं बनता हो। आजकल तो चाय लवर्स का भी एक अलग क्रेज हो गया है। ये ऐसे लवर्स होते हैं जिन्हें चाय नहीं मिले तो पागल हो जाते हैं। अगर आप चाय लवर्स है तो आपके लिए ये खबर खास है। आज हम आपको बताएंगे कि चाय पीने से आपकी उम्र बढ़ती है। यानी जो रेगलुर चाय पिता है तो वो जल्दी नहीं मर सकता है। आइए जानते हैं कि ऐसा कैसे हो सकता है।

**चाय पीने वालों को कम खतरा**

एक हालिया अध्ययन गर्म चाय के लाभों के बारे में शोध हुआ है। चाय न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर के कई अन्य देशों में भी पिया जाता है। काली चाय पीने के संभावित मृत्यु दर लाभों की गहन जांच में, ब्रिटिश शोधकर्ताओं ने पाया कि अधिक चाय पीन से मौत के जोखिम कम हो जाते हैं। यूनाइटेड किंगडम में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के एक डिवीजन, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया। इन आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, जो लोग हर दिन दो या तीन कप चाय पीते हैं, उनमें न पीने वालों की तुलना में 9% और 13% कम मरने का जोखिम होता है। शोध के अनुसार, जो लोग रोजाना दो या दो से अधिक कप चाय पीते थे, उनमें उन लोगों की तुलना में किसी भी कारण से मरने का जोखिम 9% से 13% कम था। हृदय रोग, इस्केमिक हृदय रोग, और स्ट्रोक को उच्च चाय पीने से भी जोड़ा गया था जबकि दुनिया भर में चाय का बड़े पैमाने पर सेवन किया जाता है, जर्नल एनल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन का दावा है कि आबादी में जहां मुख्य रूप से काली चाय का सेवन करती है। चाय पीने और मृत्यु दर के बीच की कड़ी अभी भी स्पष्ट नहीं है।

**कैसे मृत्यु दरों में कमी आई**

40 से 69 वर्ष की आयु के कुल 4,98,043 पुरुषों और महिलाओं ने अध्ययन में भाग लिया। उनमें से 89% ने काली किस्म पीने की बात स्वीकार की। 2006 और 2010 के बीच, अध्ययन में भाग लेने वालों को एक सर्वेक्षण पूरा करने के लिए कहा गया था, जिसके बाद दस वर्षों से अधिक समय तक इसका पालन किया गया। प्रतिभागियों को लगभग 11 वर्षों तक ट्रैक किया गया था और मौतों पर डेटा यूके नेशनल हेल्थ सर्विस द्वारा बनाए गए एक लिंक किए गए डेटाबेस से एकत्र किया गया था। कैफीन चयापचय में आनुवंशिक अंतर के बावजूद जो लोग प्रति दिन दो या दो से अधिक कप चाय पीते थे, उनमें मृत्यु दर में कमी आई थी। इन परिणामों का अर्थ है कि चाय खपत के उच्च स्तर पर भी स्वस्थ आहार का हिस्सा हो सकती है। अध्ययन के निष्कर्ष। कोई फर्क नहीं पड़ता कि वांछित चाय का तापमान, चाहे दूध या चीनी जोड़ा गया हो, या क्या किसी व्यक्ति के आनुवंशिक मेकअप ने प्रभावित किया कि उन्होंने कैफीन को कितनी जल्दी चयापचय किया।

**चाय का इतिहास क्या है?**

इतिहासकारों के मुताबिक चाय का पौधा सबसे पहले चीन में पाया गया था। यानी हम कह सकते हैं कि चीन से चाय की खेती शुरू हुई थी। ऐसा कहा जाता है कि ईसा पूर्व 2337 चीन के सम्राट शेन नंग एक बार जंगल के रास्ता से कहीं जा रहे थे तभी उन्हें प्यास लगी और पानी पीने के लिए जब पानी को उबाल आ जा रहा था तभी उबलते हुए पानी में कुछ पत्ते जा गिरे जिसके बाद पानी का कलर चेंज हो गया।




राजा ये देखकर काफी आश्चर्यचकित हुए। राजा ने यह निर्णय लिया कि हम इसी तरह पानी को पिएंगे। जब राजा ने गर्म पानी पिया तो उन्हें पीते ही ताजगी महसूस हुई। यहीं से चाय की खोज हुई थी। हालांकि चीन 2 सालों तक इस बात को कन्फ्यूजन में ले कर रहा है कि यह शरीर के लिए लाभदायक है या नहीं। इतिहास बताता है कि 15वीं शताब्दी में पुर्तगाली और फिर डच, फ्रांसीसी और ब्रिटिश व्यापारी चीन पहुंचे और अपने देशों में चाय लाए। इसका स्वाद इतना अनोखा था कि उस समय केवल शाही परिवार ही चाय पी सकता था, क्योंकि इसकी कीमत बहुत अधिक थी। चूंकि चाय चीन के अलावा और कहीं नहीं उगाई जाती थी, इसलिए चीनी व्यापारी चांदी और सोने के बदले यूरोपीय व्यापारियों को चाय देते थे।

**अभी चाय की स्थिति क्या है?**

हमारा देश चाय उत्पादक देशों में दूसरे नंबर पर आता है। चाय के जरिए देश में तकरीबन 3 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। वही देश में चाय के स्मालहोल्डिंग 157504 है। भारत में चाय की खेती मुख्य रूप से असम और बंगाल में होती है। यहां से चाय पूरी दुनिया में भेजे जाते हैं।

# घरवाली के कसीदे



रेखा शाह आरबी

पतियों के लिए दुनिया में सबसे कठिन काम है, अपनी पत्नी की तारिफ करना, पति दुनिया की किसी भी चीज की तारीफ कर सकते है, अमावस्या की रात को पूनम की रात बता सकते है, मच्छर के शोर को संगीत बता सकते है, लेकिन पत्नी के शान में कसीदे नहीं पढ़ सकते, वह तो विपक्षी पार्टी के जैसे अच्छी बात में भी बुराई ढूंढ लेते है.. हां यह अलग बात है पत्नी के मुंह पर कहने की हिम्मत नहीं होती।

और इसी चक्रव्यूह मेंएक दिन मिस्टर शर्मा फंस गये. छुट्टी के दिन मिस्टर और मिसेज शर्मा इंजॉय कर रहे थे, सामने चलते हुए टीवी पर फिल्म का हीरो हीरोइन की जबरदस्ती लिपे-पुते रूप की तारिफ कर रहा था, हीरोइन बाग बाग भले ना हुई हो पर मिसेज शर्मा तो उस तारीफ पर घनी अभिभूत हो गई हीरो तो राइटर के चार घंटे की सोची-समझी लिखी हुई स्क्रिप्ट पढ़ रहा था लेकिन महिलाएं और जनता तो होती ही भोलेपन की मूरत... ऐसे ही थोड़े ना उन्हें वर्षों से बरगला कर उनके ऊपर शासन किया जाता रहा।

जनता और स्त्री का स्वभाव भोला हैं, तो जो काम उनसे ब्रह्मा नहीं करवा सकते उसे उनकी तारीफ करके आराम से करवाया जा सकता है.. प्रेमी और नेता जोड़ तोड़ करके ,जुगाड़ की शायरी याद करके और तारीफ करके जनता और स्त्री के सूखे हृदय में प्रेम का झरना छोड़िए समंदर बहा देते है और उसमें प्रेम की नाव ही नहीं टाइटेनिक जहाज चला लेते है ...और नेता अपने गरीब जनता के प्रति अपना स्वार्थ भरा प्रेम प्रदर्शित करके उनका वोट रूपी धन हथिया लेते हैं।

लेकिन मिसेज शर्मा को तो फिल्म देख कर भूत सवार हो गया पतिदेव आज आप भी मेरी तारीफ करिए ...देखिए तो कितने अच्छे से हीरो कर रहा है शर्मा जी तो बिल्कुल वैसे ही फंस गए जैसे कोई नेता ईडी के जाल में फंसा हो. भारी दुविधा में इधर कुआं उधर खाई अगर कुछ ना बोले तो बिन सुविधा शुल्क के काम करते बाबू के जैसा मुँह फूलने का डर और अगर कुछ ऊंच नीच मुंह से निकल गया तो जिंदगी नरक, अतः उन्होंने अपने दिल को भ्रष्ट अधिकारियों सा साइड में रखा... और किसी विपक्षी नेता के सत्तारूढ़ पार्टी में जाने के लिए लालायित नेता सा दिमाग लगाया.. और करने लगे कपोल कल्पित गुण गाथा गान- पढने लगे चंद्रमुखी पुराण, और हो गए भवसागर से पार।

# गणपति की विदाई से पहले कर लें पूजा का ये महाउपाय



हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले ऋद्धि–सिद्धि के दाता भगवान श्री गणेश की पूजा का विधान है। भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष की चतुर्थी से शुरू हुआ गणपति महोत्सव इन दिनों पूरे देश में बड़ी धूम–धाम से मनाया जा रहा है। सनातन परंपरा में गणपति की पूजा जीवन से जुड़े सभी दुःखों को दूर करके सुख–सौभाग्य दिलाने वाली मानी गई है। मान्यता है कि गणपति की पूजा करने पर साधक को सभी देवी–देवताओं का आशीर्वाद मिल जाता है।

ऐसे में आने वाली अनंत चतुर्दशी पर बप्पा की विदाई से पहले गणपति की पूजा से जुड़े उन उपायों को जरूर करें, जिसे करते ही साधक की सभी मनोकामनाएं जल्द ही पूरी हो जाती हैं।

**करिअर–कारोबार पाने का उपाय**

यदि आप लंबे समय से अपने करिअर–कारोबार के लिए भटक रहे हैं और तमाम कोशिशों के बाद भी आपको अभी तक मनचाहा करिअर या कारोबार नहीं मिल पाया है या फिर उसमें मनचाही प्रगति चाहिए तो आपको गणेश उत्सव खत्म होने से पहले आकपो गणपति की पूजा में हल्दी की पांच गांठ चढ़ाकर गणपति के ' ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का अधिक से अधिक से अधिक जप करना चाहिए। मान्यता है कि श्रद्धा और विश्वास के साथ इस उपाय को करने पर साधक को करिअर–कारोबार में मनचाही प्रगति मिलती है।

**इस पूजा से पूरी होंगी मनोकामनाएं**

यदि आपके जीवन से जुड़ा कोई कष्ट तमाम कोशिशों के बाद भी नहीं दूर हो रहा है या फिर आपकी कोई कामना अधूरी है तो आपको बप्पा की विदाई से पहले अपने पूजा घर में गणेश यंत्र को विधि–विधान से स्थापित करके उसकी प्रतिदिन पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पूजा करनी चाहिए। मान्यता है कि जिन लोगों के यहां प्रतिदिन गणेश यंत्र की पूजा होती है, उसके यहां हमेशा श्री यानि लक्ष्मी और शुभता का वास बना रहता है।

**दूर्वा से दूर होंगे सारे दुःख**

गणपति की पूजा में दूर्वा का बहुत महत्व होता है। मान्यता है कि यदि भगवान श्री गणेश की पूजा में दूर्वा की 21 गांठें चढ़ाई जाएं तो गणपति प्रसन्न होकर साधक को मनचाहा वरदान देते हैं।

साधक को गणपति को दूर्वा चढ़ाते समय श्री गणेशाय नमः दूर्वांकुरान समर्पयामि मंत्र अवश्य पढ़ना चाहिए।

## घर के आंगन में आम का पेड़ लगाना शुभ या अशुभ ?

घर पर पेड़-पौधे लगाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है और लोग आज भी घर पर पेड़-पौधे लगाते हैं। पेड़ों से हमें फल और स्वस्च्छ हवा मिलती है। घर पर पेड़ होने से घर का वातावरण भी पवित्र होता है। वास्तु में भी ऐसे कई पेड़-पौधे का जिक्र किया गया है, जिसे घर पर लगाने से सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि सभी पेड़-पौधे घर पर लगाने योग्य नहीं होते हैं। ऐसे कई पेड़-पौधे हैं, जिन्हें घर पर लगाने की मनाही होती है। फिलहाल जानते हैं आम के पेड़ के बारे में। क्या आम का पेड़ घर के आगंन में लगाया जा सकता है? क्या आम का पेड़ घर पर लगाना अशुभ होता है? अगर आपके मन में भी ये सवाल हैं तो आइये जानते हैं आम का पेड़ घर पर लगाना शुभ होता है या अशुभ। साथ ही जानते हैं इसे लगाने की दिशा के बारे में।

**क्या आम का पेड़ आंगन में लगाना शुभ या अशुभ**

ज्योतिषाचार्य पंडित गोविंद पांडे के अनुसार आम का पेड़ आंगन में या फिर घर से थोड़ी दूरी पर ही लगाएं। ऐसा कहा जाता है कि आम के पेड़ की छाया घर पर नहीं पड़नी चाहिए। इसे अशुभ माना गया है, इसलिए आम का पेड़ घर के किसी ऐसे स्थान पर लगाएं, जहां इसकी छाया घर पर न पड़े।

**कब अशुभ बन जाता है काम का पेड़**

इस बात का ध्यान रखें कि घर के ठीक सामने अगर आम का बहुत विशाल पेड़ है तो इसे अशुभ माना जाता है। इससे घर पर अशांति की स्थिति पैदा हो सकती है और कलह-क्लेश का माहौल बन सकता है, इसलिए अगर घर पर आम का पेड़ है तो इस बात को ध्यान में रखें कि यह पेड़ घर से कुछ दूरी पर हो। लेकिन अगर पहले से ही घर के पास आम का पेड़ लगा हो तो इसे बिल्कुल भी न काटे। बल्कि इसके पास आप एक तुलसी का पौधा लगा दें, जिससे इसकी सारी नकारात्मकता समाप्त हो जाएगी।

**पवित्र माना जाता है आम का पेड़**

धार्मिक मान्यता के अनुसार आम के पेड़ को शुभ और पवित्र माना गया है। आम की टेरी को पूजा के कलश में रखा जाता है। आम के फल को भी पूजा में प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है। इसकी लकड़ियों का प्रयोग हवन में किया जाता है और आम की पत्तियों की माला बनाकर घर के मुख्य द्वार पर लगाई जाती है।

**किस दिशा में होना चाहिए आम का पेड़**

आम का पेड़ हमेशा घर के बाहर ही लगाना चाहिए। इसके लिए नैऋत्य यानी दक्षिण-पश्चिम दिशा सबसे अच्छी मानी जाती है। इस दिशा में पेड़ लगाने से घर पर सुख-समृद्धि बनी रहती है और परिवार में खुशहाली रहती है।



## नदी–तालाब में नहीं डालनी चाहिए मूर्तियां

### फूल-पत्तियां और पूजन सामग्री, ऐसा करने से पूजा-पाठ नहीं होती है सफल

9 सितंबर को अनंत चतुर्दशी है, ये गणेश उत्सव का अंतिम दिन है। अनंत चतुर्दशी पर गणेश जी की मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। मूर्तियां नदी-तालाब में विसर्जित करने से बचना चाहिए। ऐसा करने से नदी-तालाब का पानी गंदा होता है और पूजा-पाठ का पूरा फल नहीं मिल पाता है।

स्कंदपुराण और गणेश अंक में बताया गया है कि अगर कोई व्यक्ति नदी, तालाब और कुएं का पानी गंदा करता है तो उसे दोष लगता है। नदी, तालाब और कुएं को पूजनीय माना गया है। इनका पानी पीने के काम आता है, इसलिए इन स्रोतों का सम्मान करना चाहिए।

पुराने से समय से नदियों की पूजा करने परंपरा चली आ रही है। नदियों को देवी समान माना जाता है। अगर इनका



पानी गंदा किया जाता है तो ये इनका अपमान करने जैसा ही है।

**पंच तत्वों में सबसे महत्वपूर्ण है जल**

जल, आकाश, अग्नि, पृथ्वी और वायु इन पंच तत्वों में जल का महत्व सबसे अधिक है। इन पांच तत्वों से ही हमारा शरीर बना है, ये पूरी सृष्टि इन पांच तत्वों से ही चल रही है। जल हमारे शरीर में 70 प्रतिशत से ज्यादा पानी ही है।

जल तत्व के देवता गणेश जी है। इस वजह से पानी और पानी स्रोतों को गंदा नहीं करना चाहिए, वर्ना गणेश पूजन सफल नहीं हो पाता है।


**घर में ही कर सकते हैं गणेश प्रतिमा का विसर्जन**

9 सितंबर को गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमाओं का विसर्जन नदी या तालाब में न करके अपने घर में ही करें। इसके लिए किसी साफ बर्तन में शुद्ध जल भरें और फिर गणेश जी का ध्यान करते हुए प्रतिमा जल में रख दें। कुछ समय में प्रतिमा पानी में गल जाएगी। इसके बाद ये मिट्टी घर के गमले में डाल सकते हैं।

पूजा में भगवान को दूर्वा जरूर चढ़ाएं। इसके साथ ही गणपति जी के 12 मंत्रों का जप करें। ॐ गणाधिपतयै नमः, ॐ उमापुत्राय नमः, ॐ विघ्ननाशनाय नमः, ॐ विनायकाय नमः, ॐ ईशपुत्राय नमः, ॐ सर्वसिद्धप्रदाय नमः, ॐ एकदन्ताय नमः, ॐ इभवक्त्राय नमः, ॐ मूषकवाहनाय नमः, ॐ कुमारगुरवे नमः।

## इंसान को आखिर क्यों नहीं करना चाहिए क्रोध

जीवन में हम सभी को कभी न कभी किसी न किसी बात पर क्रोध आता है। कभी किसी को अपनी बात मनवाने के लिए तो कभी किसी की बात को नहीं मानने के लिए अक्सर लोग क्रोध करते हुए देखे जाते हैं। कई बार तो लोग इसे फैशन की तरह नजर आता है, जिसे करना लोग अपनी शान समझते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि क्रोध एक ऐसा भाव है जो इंसान के अस्तित्व को ही खत्म कर देता है। क्रोध के आने पर व्यक्ति के सही-गलत सोचने की शक्ति ही खत्म हो जाती है। कहते हैं कि



क्रोध एक माचिस के समान होता है जो सबसे पहले उसी इंसान को जलाता है, जो इसके जरिए दूसरों को जलाने की चेष्टा करता है। आइए जानते हैं कि जीवन में इंसान को आखिर क्रोध से क्यों बचना चाहिए।

जीवन में एक बार टूटी हुई हड्डी ठीक हो सकती है, लेकिन गुस्से में इंसान के मुंह से निकले हुए एक शब्द द्वारा किया गया घाव कभी नही भरता है, वह हमेशा के लिए रहता है।


जीवन में जो व्यक्ति अक्सर अपने क्रोध का बखान करता हैं और जोर-जोर से गुस्सा करता है, वास्तव में वह अज्ञानी हैं, लेकिन इसके विपरीत जो शांत रहकर अपने क्रोध को वश में करता है, वही बुद्धिमान कहलाता हैं ।

जिस प्रकार उबलते हुए पानी में आप अपना प्रतिबिम्ब नहीं देख सकते हैं, बिल्कुल वैसे ही क्रोध की स्थिति में आप कभी भी सच को नहीं जान-समझ सकते हैं।

इंसान के जीवन में क्रोध तमाम बड़ी विपत्तियों का कारण है। इसके कारण व्यक्ति संसार के बंधन में बंधता है और इसी से उसका धर्म नष्ट होता है, इसलिए इंसान को हमेशा क्रोध करने से बचना चाहिए।

क्रोध से भ्रम पैदा होता है, भ्रम से बुद्धि व्यग्र होती है और जब बुद्धि व्यग्र होती है तो तर्क नष्ट हो जाता है। जब तर्क नष्ट होता है तब व्यक्ति का पतन होता है।

## वास्तु के अनुसार आपके घर में यहां होना चाहिए, टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी, वाटर फिल्टर



हमारे घर की हर एक वस्तु का वास्तु में विशेष महत्व होता है और हर चीज को रखने का एक खास स्थान और दिशा होती है। हर वस्तु को सही और उचित दिशा में रखने से घर का वास्तु सही रहती है, वरना किसी भी वस्तु को गलत दिशा में रखने से वास्तु दोष उत्पन्न होते हैं। आज हम बात कर रहे हैं घर की रोजाना में प्रयोग होने वाली वस्तुओं के वास्तु के बारे में। ज्योतिष के अनुसार घर के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामान पर राहु और शनि का प्रभाव होता है।



**कूलर एसी रखने की दिशा**

वायव्य कोण वायु की दिशा मानी जाती है। यानी उत्तर और पश्चिम के मध्य में स्थित उत्तर-पश्चिम दिशा को वायव्य कोण माना जाता है। इस दिशा में कूलर और एसी को लगाने से इसका प्रभाव और इनकी आयु बढ़ती है। अगर ऐसा संभव न हो तो तब उत्तर दिशा में इन्हें लगाएं इससे भी आप इनका बेहतर सुख पा सकेंगे।

आजकल अधिकांश लोग वाटर फिल्टर को रसोई में ही लगवाना पसंद करते हैं। ऐसा आप भी कर सकते हैं, लेकिन एक बात का ध्यान रखें कि यह किचन की उत्तर दिशा की दीवार पर लगाया जाना चाहिए। इस दिशा को जल की दिशा कहते हैं। घर में उत्तर की ओर जल से संबंधित चीजों का होना शुभ होता है। इसलिए घर में फिल्टर को उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इससे घर में रहने वालों की सेहत और आर्थिक स्थिति पर भी अनुकूल प्रभाव होता है।

**घर में टीवी की दिशा**

टीवी अधिकांश लोग अपने घर के लिविंग एरिया में लगाकर रखते हैं। टीवी को लिविंग रूम में ही पूर्व दिशा की दीवार से लगाकर रखें। इससे टीवी देखते समय आपका फेस पूर्व दिशा में रहेगा। यह आपके अंदर सकारात्मक भाव का संचार करेगा। अगर किसी वजह से ऐसा संभव न हो आप उत्तर दिशा की दीवार पर टीवी लगा सकते हैं।

**फ्रिज कहां रखें**

पश्चिम दिशा की दीवार से लगाकर फ्रिज रखें। बिजली के उपकरणों के लिए इस दिशा को उत्तम माना गया है। इस दिशा में फ्रिज को रखने से इसकी आयु लंबी होती है और फ्रिज की बेहतर सेवा का लाभ ले पाते हैं। इससे यह भी फायदा होता है कि जब भी आप डोर ओपन करते हैं तो इसका मुंह पूर्व दिशा की ओर खुलता जिससे इनमे रखे सामानों में भी पॉजिटिविटी आती है।



## घर के मंदिर में कितनी ऊंची मूर्तियां रखनी हैं सही



हिंदू धर्म में घर में मंदिर बनाने की परंपरा काफी पुरानी है। हिंदू धर्म में हर किसी के घर में मंदिर जरूर मिल जाएगा। मंदिर सजाने का हर किसी का शौक होता है। कुछ लोग घर में बड़ा मंदिर रखते हैं तो कुछ लोग छोटा मंदिर रखते हैं। मंदिर में हर तरह की भगवान की मूर्तियां होती हैं। घर में रखे मंदिर का वास्तु में विशेष महत्व बताया गया है। वास्तु के अनुसार घर के अंदर बनाए गए मंदिर की दिशा व मूर्तियों के सही आकार की जानकारी होना बेहद जरूरी है। मंदिर में पूजा करने से न सिर्फ आपके मन को शांति मिलती है, बल्कि व्यक्ति के द्वारा की गई ईश्वर की पूजा का फल भी शीघ्र प्राप्त होता है, इसलिए मंदिर में रखी हर एक चीज वास्तु के नियम के अनुसार ही होनी चाहिए।

**3 इंच से ज्यादा बड़ी नहीं होनी चाहिए मूर्ति**

ज्योतिषाचार्य पंडित गोविंद पांडे बताते हैं कि घर के मंदिर में ज्यादा बड़ी मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। शास्त्र के अनुसार घर के मंदिर में रखी जाने वाली देवी-देवताओं की मूर्ति का आकार 3 इंच से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अंगूठे की लंबाई के बराबर ही मूर्ति रखना चाहिए। अंगूठे के आकार से बड़ी मूर्तियां घर के मंदिर में नहीं रखना चाहिए। बड़ी मूर्तियों की पूजा में कई नियमों का पालन करना पड़ता है। इनकी पूजा में छोटी सी गलती अशुभ प्रभाव डालती है।

**छोटा सा रखें शिवलिंग**

कुछ लोग घर के मंदिर में शिवलिंग रखने का शौक रखते हैं। ऐसे में घर के मंदिर में शिवलिंग का आकार भी अंगूठे के बराबर ही होना चाहिए। इससे बड़ा शिवलिंग घर में नहीं रखना चाहिए। शिवलिंग बहुत ही संवेदनशील होता है। इसी वजह से घर में के मंदिर में छोटा सा शिवलिंग रखने का नियम है।

**न रखें टूटी मूर्तियां**

इसके अलावा सबसे जरूरी है कि घर के मंदिर में कभी भी खंडित मूर्ति नहीं रखनी चाहिए, जो मूर्ति खंडित हो चुकी है, उसे तुरंत ही मंदिर से हटा देनी चाहिए। उस मूर्तियों को या नदी में बहा दें या पीपल के पेड़ के नीचे रख दें। टूटी मूर्तियों को मंदिर में रखना अशुभ माना जाता है।

## दीवार पर टंगी घड़ी छीन लेगी आपका सुख-चैन

**बंद घड़ी से बढ़ेगी परेशानी**




वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में टूटी हुई घड़ी रखना अशुभ होता है। अगर घड़ी बंद भी है तो भी यह अच्छा नहीं माना जाता है। घर में बंद घड़ी रखने से परिवार में कई परेशानियां आ सकती हैं। इस वजह से परिवार को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ सकता है। कई बार मेहनत करने के बाद भी हमें मनचाहा परिणाम नहीं मिलता है। साथ ही कई बार आर्थिक समस्या खत्म नहीं होती है। इसके पीछे बंद घड़ी भी हो सकती है, इसलिए अगर दीवार पर लगी घड़ी रुक गई है तो उसे तुरंत ठीक कराएं।

**घड़ी से जुड़ी इन बातों पर भी ध्यान दें**

घर में घड़ी लगाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। वास्तु के अनुसार, कभी भी दरवाजे पर घड़ी न लगाएं। इससे कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। वास्तु शास्त्र में दरवाजे के ऊपर घड़ी रखना अशुभ माना जाता है। वहीं, भूलकर भी घर की दक्षिण दिशा में घड़ी नहीं लगानी चाहिए, क्योंकि दक्षिण दिशा शुभ नहीं होती है। इस दिशा में घड़ी लगाना शुभ नहीं माना जाता है। इससे घर में नकारात्मकता और तनाव का माहौल बना रहता है।

# बुरा लगता है जब एहसास होता है कि हमें पेरेंट्स की बढ़ती उम्र की चिंता करनी पड़ रही है

**एकता कपूर** वैसे तो बड़ी बोल्ड और वेब प्रोड्यूसर मानी जाती हैं। असल जिंदगी में भी वो कम ही मौकों पर नम आंखों में नजर आईं हैं। मगर अपनी अगली फिल्म गुडबाय के ट्रेलर लॉन्च पर उनका इमोशनल आस्पेक्ट देखने को मिला। दरअसल, फिल्म का प्लॉट बच्चों उनके पेरेंट्स के आपसी आरग्युमेंट्स का है, जो जेनरेशन गैप की वजह से आता है। इसी के इर्द गिर्द जब एकता कपूर, रश्मिका मंदाना और नीना गुप्ता से उनके पेरेंट्स से रियल लाइफ में हुई आरग्युमेंट्स के बारे में पूछा गया तो एकता कपूर इमोशनल हो गईं। सवाल का जवाब देते वक्त एकता की आंखों में आंसू आ गए। नम आंखों से उन्होंने कहा, 'हमने न सिर्फ आरग्युमेंट, बल्कि अपने पेरेंट्स को तो कई बार काफी कुछ बोला भी है। गुस्सा भी किया है। लेकिन कई बार हम डर जाते हैं। हम यकीन नहीं कर पाते कि लाइफ में कभी उनके बगैर भी रहना होगा। शायद यह हमारी ऐज है, जब हम अपने पेरेंट्स के बारे में चिंता करने लग जाते हैं। कभी कभी लगता है कि हमें क्यों अपनों की चिंता करनी पड़ रही है। वो क्यों नहीं ताउम्र स्वस्थ रहें। मुझे जब एहसास होता है कि




हमें पेरेंट्स की चिंता करनी पड़ रही है तो वो चीज मुझे बिल्कुल अच्छी नहीं लगती। मैं उस पहलू से हेट करती हूं ।'

**रश्मिका ने कहा मैं बहुत पहले मैच्योर हो चुकी थी**

रश्मिका ने कहा, 'मेरा अपने पेरेंट्स के साथ आरग्युमेंट का मौका नहीं आया, क्योंकि मैं कम ऐज से ही हॉस्टल में रही। हालांकि आप वैसों से ही झगड़ते हो, जिन्हें आप अपना मानते हो। जो आप के साथ सदा साथ रह रहें हैं। मेरे मामले में यह हुआ कि मुझे जब अपने पेरेंट्स के साथ रहने का मौका मिला तो उस वक्त तक मैं पहले से ही मैच्योर हो चुकी थी। समझने लग गई थी कि वो क्या और क्यों कह रहें हैं? तभी हमारी फिल्म स्पेशल है इस मायने में कि यह सब तो हर घर में होता है। हर किसी के मां, बाप, भाई, बहन होते हैं। लिहाजा यह फिल्म अपने सब्जेक्ट के लिहाज से लोगों के दिलों के कोर को टच करने वाली है। इसका ट्रेलर देख लोगों के चेहरे पर टियरिंग स्माइल आने वाली है।'

**नीना गुप्ता ने याद किया अपना बचपन**

नीना गुप्ता ने कहा, 'मैंने अपने बचपन में अपनी मां से बहुत मार खाई है। मैं अपनी बेटी मसाबा से कहती रहती हूं कि मैं तुम्हारी वो मम्मी नहीं हूं, जो मेरी मां हुआ करती थीं। मैं थोड़ी मॉर्डन हूं। खैर, मुझे मार पड़ती थी कि मैं बालों में तेल नहीं लगाती थी। यह बात मुझे इस वक्त याद आई है, तो जेनरेशन गैप तो होता है। एक बात मैं मसाबा से कह भी रही थी कि आप चाहे कितने भी सफल हो जाओ, अगर पारिवारिक सुख नहीं है तो सफलताएं बेईमानी हैं। मेरी जिंदगी में भी मसाबा जब नहीं थी तो तब आउटडोर शूट अच्छे लगते थे, मगर मसाबा आने के बाद वो शूट खटकते थे।'

# बॉलीवुड डीवाज की फाइट पर बोलीं हुमा कुरैशी : मेल स्टार्स की लड़ाई को कोई क्यों नहीं कहता डॉग फाइट

**आए दिन** बॉलीवुड डीवाज के बीच क्लैश हुआ करते हैं। इसे बी-टाउन की भाषा में कैटफाइट कहा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने इस शब्द पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा- फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी महिलाओं में क्लैश होना या अनबन होना आम है। ऐसा इस वजह से होता है क्योंकि दो लोगों के अलग ओपिनियन होते हैं। इसका जेंडर से कोई भी लेना-देना नहीं है।

हुमा ने कैटफाइट शब्द को गलत बताते हुए कहा - किसी भी इंडस्ट्री में दो लोगों के बीच अनबन होना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन इसे कैटफाइट कहना महिलाओं के प्रति पक्षपात करने के जैसा है। इंडस्ट्री में पुरुष एक्टर्स की भी लड़ाइयां होती हैं, लेकिन हम उसे डॉग फाइट क्यों नहीं कहते हैं। लोग लड़ते हैं क्योंकि उनकी सोच एक जैसी नहीं होती है।इससे उनके जेंडर का कोई भी संबंध नहीं होता है।

हुमा आगे कहती हैं कि जाहिर सी बात है इंडस्ट्री में कॉम्पिटिशन है, लेकिन महिलाओं की तुलना में पुरुष एक-दूसरे से ज्यादा कम्पीट करते हैं। फिट दिखने के लिए




जिम जाते हैं, लुक्स पर कम्पीट करते हैं। कोई काम करने में दिलचस्पी नहीं रखता, बल्कि लोग एक-दूसरे के लुक्स और बॉडी से ही तुलना करते रह जाते हैं।

हुमा के पास इस वक्त कई फिल्में लाइन में हैं। वो जल्द ही सोनाक्षी सिन्हा के साथ फिल्म डबल एक्सेल में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ सोनाक्षी के रयूमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल भी नजर आएंगे। कुछ समय पहले ही हुमा ने सोशल मीडिया पर फिल्म डबल एक्सेल का पोस्टर रिलीज हो चुका है। एक्ट्रेस ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा 'सोनाक्षी के साथ काम करना बेहद दिलचस्प था। मेरा मानना है कि मेकर्स के लिए दो पुरुषों को साथ कास्ट करना महिला की तुलना में ज्यादा मुश्किल होता है।' हुमा के हिस्से इस साल कई फिल्में हैं। एक्ट्रेस इस जल्द शेफ और राइटर तारा दलाल की बायोपिक में नजर आएंगी, इसके अलावा दिनेश विजन की फिल्म पूजा मेरी जान, डबल एक्सेल और मोना ओह माय डार्लिंग में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में एक्ट्रेस की वेब सीरीज महारानी 2 ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी, जिसे ऑडियंस से बेहद पसंद किया।

# अशोक सम्राट की कौरवाकी का रोल करने वाली रीम शेख? अब हो गईं इतनी ग्लैमरस, पहचान नहीं पाएंगे



**टीवी पर 2015** में एयर हुए पीरियड ड्रामा शो चक्रवर्ती सम्राट अशोक तो आपको याद ही होगा. ये सीरियल उस वक्त के सबसे महंगे बजट वाले शो में शुमार था. सीरियल में अशोक के कैरेक्टर को जहां सिद्धार्थ निगम ने निभाया था. वहीं एक्ट्रेस रीम शेख उनकी पत्नी कौरवाकी के रोल में नजर आई थीं. रीम शेख उस वक्त महज 12 साल की थीं. लेकिन अपनी एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी थी. रीम 8 सितंबर यानी आज अपना बर्थडे मना रही हैं. रीम अब 19 साल की हो चुकी हैं और कई सीरियल्स के साथ फिल्म भी कर चुकी हैं.

रीम शेख ने यूं तो एक्टिंग करियर की शुरुआत महज 6 साल की उम्र से कर दी थी. वो पहली बार इमेजिन टीवी के फेमस सीरियल देवी...नीर भरे तेरे नैना में नजर आई थीं. लीड रोल देवी का कैरेक्टर प्ले करने के लिए रीम को 2010 में न्यू टैलेंट अवॉर्ड से भी नवाजा गया था. रीम ने कई डेली शोप में बतौर चाइल्ड एक्टर के तौर पर काम किया. लेकिन उन्हें असली पहचान चक्रवर्ती अशोक सम्राट में कौरवाकी के किरदार से मिली.

इसके बाद से रीम ने कभी मुड़कर नहीं देखा. उन्होंने कई सीरियल्स में काम किया. वे 100 से ज्यादा टीवी एड में नजर आ चुकी हैं. यहां तक कि रीम ने एक फिल्म भी की है. रीम मलाला यूसुफजई पर बनी फिल्म गुल मकई में लीड रोल प्ले करती नजर आई थीं. ये फिल्म नोबेल पुरस्कार विनर मलाला की बायोपिक फिल्म थी. इस फिल्म में भी रीम को काफी सराहा गया था. रीम अब 19 साल की हो गई हैं. इसी के साथ बच्ची रीम का बचपना अब जा चुका है और ग्लैमरस रीम ने उसकी जगह ले ली है.

रीम इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं. उनके अकाउंट पर 4.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं. रीम अपने इंस्टा अकाउंट पर कई ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती हैं. रीम ने कई टीवी सीरियल्स में लीड रोल्स प्ले किए. एक्ट्रेस ने 2018 में तू आशिकी में सनाया सेठ का कैरेक्टर प्ले किया था. रीम जी टीवी के शो तुझसे है राबता में भी मेन रोल में थीं. इस शो में अपने से 17 साल बड़े को-स्टार के साथ काम करने पर रीम को ट्रोल भी किया गया था.



# ऐश्वर्या राय ने इवेंट में छुए रजनीकांत के पैर, मणिरत्नम को लगाया गले







मणिरत्नम की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म पोन्नियिन सेल्वन-1 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर साउथ इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय ने इस मौके पर सुपरस्टार रजनीकांत के पैर छुए, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में ऐश्वर्या ब्लैक सूट में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या ने पहले फिल्म के डायरेक्टर मणिरत्नम को गले लगाया उसके बाद रजनीकांत से मुलाकात की । ये फिल्म 10वीं शताब्दी के दौरान चोल साम्राज्य के संघर्ष की कहानी पर बेस्ड है। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय अहम किरदार अदा कर रही हैं। बता दें, ऐश्वर्या ने रजनीकांत के साथ फिल्म एंथिरन में एक साथ काम किया था। ऐश्वर्या इतने लंबे समय के बाद रजनीकांत के साथ मिलकर बेहद खुश नजर आईं। फिल्म को मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म 30 सितंबर को रिलीज होगी।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर को देख शर्म से लाल हुईं उर्वशी रौतेला, सोशल मीडिया पर आई मीम की बाढ़

**बॉलीवुड की ग्लैमरस** अभिनेत्रियों में गिनी जाने वाली उर्वशी रौतेला अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपने निजी जीवन को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। इन दिनों उर्वशी भारतीय क्रिकेट टीम के मैच देखने जाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि उर्वशी भारत का मैच ऋषभ और उनकी बीच छिड़ी कोल्ड वॉर के कारण देखने पहुंच रही हैं। बीते दिनों भी एक्ट्रेस भारत-पाकिस्तान का मैच देखने स्टेडियम पहुंचीं थीं, जिसके बाद अभिनेत्री सोशल मीडिया पर छा गई हैं। लेकिन हाल ही में उर्वशी द्वारा किए गए एक पोस्ट से लग रहा है कि उनका दिल पड़ोसी देश के क्रिकेटर पर आ गया है। उर्वशी के पोस्ट की वजह से सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

बॉलीवुड की ग्लैमरस अभिनेत्री उर्वशी रौतेला और भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत के बीच की लड़ाई जगजाहिर है। उर्वशी का नाम कई बार एक-दूसरे से जुड़ चुका है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर दोनों एक दूसरे से भिड़ भी चुके हैं। उर्वशी और ऋषभ की लड़ाई अभी शांत भी नहीं हुई थी कि अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस और पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह का नाम जोड़ा जा रहा है। इसकी वजह उर्वशी ने खुद सोशल मीडिया यूजर्स को दी है। दरअसल, हाल ही में उर्वशी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने एक फैन पेज की स्टोरी साझा की, जिसमें वह नसीम शाह को देख मुस्कुरा रही हैं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है।

उर्वशी के वीडियो साझा करने से ऋषभ के साथ-साथ क्रिकेटर के फैंस का दिल भी टूट गया है। दिल टूटने के बाद फैंस ट्विटर पर नसीम, उर्वशी और ऋषभ के लव ट्राएंगल को दिखाते और अभिनेत्री को ट्रोल करने वाले मीम्स साझा कर रहे हैं। एक यूजर



ने उर्वशी की इंस्टा स्टोरी की वीडियो साझा कर लिखा, 'उर्वशी ने खुदकी और नसीम की वीडियो शेयर की।' इसके साथ ही एक यूजर ने फिल्म अतरंगी रे का सीन, जिसमें सारा अली खान धनुष को किस कर रही हैं उसे इस्तेमाल करते हुए ऋषभ का मजाक बनाया।

आपको बता दें कि जहां उर्वशी रौतेला इस समय 28 साल की हैं, वहीं नसीम शाह 19 साल के हैं। और अगर हम ऋषभ पंत की उम्र की बात करें तो वह अभी महज 24 साल के हैं। एक यूजर द्वारा साझा किए गए मीम में उर्वशी की उम्र पर भी सवाल करते हुए इस लव एंगल को गलत बताया है। वहीं में लिखा गया कि, ऋषभ पंत और उर्वशी रौतेला के बीच में 'छोटू भैया' और 'दीदी' की फाइट, अब लव ट्राएंगल में बदल गई है। इसमें अब पाकिस्तानी क्रिकेटर नसीम शाह की विलेन बन एंट्री ले चुके हैं।



# अल्लू अर्जुन बने इंडिया के तीसरे हाईएस्ट पेड एक्टर

बॉक्स ऑफिस पर 'पुष्पा' की सक्सेस के बाद फिल्म के मेकर्स इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। 'पुष्पा 2' के लिए मेकर्स ने साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को मोटी रकम ऑफर की है। 'पुष्पा 2' के लिए अल्लू को 125 करोड़ फीस दी जा रही है। इतनी फीस लेने के बाद अल्लू इंडिया के तीसरे हाईएस्ट पेड एक्टर बन गए हैं। इसी के साथ अल्लू ने सलमान खान की फीस की बराबरी भी कर ली है। कहा जा रहा है कि सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' के लिए साजिद नाडियाडवाला से 125 करोड़ ले रहे हैं। वहीं फिल्ममेकर भी इतनी फीस देने के लिए तैयार हो गए हैं। ऐसे में अल्लू ने फीस के मामले में सलमान की बराबरी कर ली है।

रिपोर्ट्स में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' का बजट 450 करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जिसमें से अल्लू एक बड़ा हिस्सा ले रहे हैं। पुष्पा का पहला पार्ट ओरिजिनली तेलुगु में फिल्माया गया था और बाद में इसे हिंदी समेत दूसरी भाषाओं में डब किया गया था। 'पुष्पाः द राइज' का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन लगभग 350 करोड़ से भी ज्यादा का था। इस फिल्म की सक्सेस के बाद मेकर्स इसके सीक्वल की तैयारी कर चुके हैं। इस फिल्म की शूटिंग सितंबर के तीसरे हफ्ते से शुरू होगी। आपको बता दें 'पुष्पा द रूल' को अलगे साल दिसंबर तक बॉक्स ऑफिस पर रिलीज करने की उम्मीद लगाई जा रही है।

# जान्हवी कपूर ने 'उमराव जान' के गाने पर किया दिल चुराने वाला डांस, यूजर्स को याद आईं रेखा





बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर आए दिन किसी न किसी कारण से चर्चा में बनी रहती हैं। फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया एक्टिव रहने वाली अभिनेत्री अक्सर अपनी तस्वीरों के साथ-साथ फनी वीडियोज भी साझा करती रहती हैं। लेकिन एक्टिंग, ग्लैमरस दिखने और फनी वीडियो बनाने के साथ ही श्रीदेवी की बेटी जान्हवी कपूर अच्छी डांसर भी हैं। ऐसे में आज जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी डांस प्रैक्टिस का एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने अपने अलग-अलग मूड्स की तस्वीरें भी साझा की हैं। जान्हवी का यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है।

हाल ही में जान्हवी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक ऐसी पोस्ट साझा की है, जिसमें वह फैंस को अपने मूड स्विंग्स से भी रू-ब-रू करा रही हैं। इसके साथ ही जान्हवी ने अपनी डांस प्रैक्टिस की वीडियोज भी साझा की हैं, जिसमें वह रेखा के गाने 'दिल चीज क्या है आप मेरी जान लीजिए' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। उनका यह लेटेस्ट वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है और वह लगातार इस पर कमेंट कर रहे हैं।

साझा की गई पोस्ट में डांस वीडियो के साथ-साथ जान्हवी की तस्वीरों को भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। पहली तस्वीर में जहां जान्हवी बॉक्सिंग ग्लव्स पहने दिख रही हैं, वहीं कुछ तस्वीरों में उनका ग्लैमरस अवतार नजर आ रहा है। इस पोस्ट में उनकी बहन खुशी कपूर की भी एक तस्वीर है।

जान्हवी का डांस और उनके वीडियो पर फैंस तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने अभिनेत्री की तारीफ कर लिखा,'वीडियो एकदम उमराव जान वाइब्स दे रहा है।' दूसरे ने लिखा,'आप बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं।' वहीं एक अन्य ने खुशी की तस्वीर के बारे में लिखते हुए कहा, 'खुशी इसमें एकदम लड़का लग रही हैं।'



# कहीं आपके फोन के जरिए आप पर नजर तो नहीं रखी जा रही?

**आज की दुनिया** पूरी तरह से तकनीक से जुड़ गई है। हमारे आधार कार्ड से लेकर हमारे बैंक अकाउंट और अगले हॉलीडे के डिटेल्स तक सभी कुछ स्मार्टफोन में सुरक्षित है। फोन अगर खो जाए तो ऐसा लगता है कि दुनिया सूनी हो गई। कहीं जाना हो तो उसके लिए एप, भूख लगी है तो खाना मंगवाने के लिए एप, कपड़े चाहिए तो शॉपिंग के लिए एप, घर चाहिए तो रेंट करने के लिए अलग एप। यानी रोटी, कपड़ा और मकान की बेसिक जरूरत तो स्मार्टफोन ने पूरी कर दी। यही कारण है कि हम उसपर जरूरत से ज्यादा निर्भर हो गए हैं।

अब जरा फर्ज कीजिए कि इसी स्मार्टफोन को कोई ट्रैक कर रहा है। जी हां, ये किसी फिल्म या किसी सीरियल का प्लॉट नहीं है बल्कि आम लोगों के साथ घटने वाली घटना है। कई बार महंगा स्मार्टफोन तो हम ले लेते हैं, लेकिन उसकी सुरक्षा को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं होती। स्मार्टफोन्स ट्रैकिंग आसानी से हो सकती है। जरूरी नहीं कि कोई मास्टर माइंड हैकर ही ये काम कर रहा हो। थोड़ी सी टेक नॉलेज वाला इंसान भी इसे कर सकता है। आपने कई बार गूगल या फेसबुक के अकाउंट्स हैक हो जाने की खबरें सुनी होंगी। एप्स भी कई बार लोगों का डेटा चुराते हैं। याद कीजिए बाकायदा मुकेश अंबानी की कंपनी जियो पर डेटा चोरी का इल्जाम लग चुका है। पर



अब समस्या ये है कि आखिर पता कैसे करें कौन ट्रैक कर रहा है कौन नहीं? तो चलिए कुछ आसान से टिप्स के बारे में बात करते हैं।

### कॉल और मैसेज फॉर्वर्डिंग का पता लगाने वाला कोड-

*#21#

ये कोड अपने फोन में टाइप कीजिए और कॉल बटन दबाएं। ये बता देगा कि कहीं आपके कॉल, मैसेज आदि किसी और नंबर पर तो डायवर्ट नहीं हो रहे। किस तरह की कॉल फॉर्वर्डिंग हैं और कितने नंबर पर जा रही है जानकारी ये सब कुछ इस एक कोड की मदद से आपके स्मार्टफोन स्क्रीन पर दिखने लगेगा। जरूरी नहीं कि ये फीचर आपने ही एक्टिवेट किया हो। कई बार पार्टनर, माता-पिता या कोई परिवार वाला अपने करीबी को ट्रैक करने के लिए ऐसा कर देते हैं। इसके बारे में कई बार लोगों को भनक भी नहीं लगती। कई बार हैकर्स भी ऐसा कोड एक्टिवेट कर सकते हैं जिससे लोगों के कॉल्स फॉर्वर्ड हो सकते हैं। ऐसे में आप कहां रह रहे हैं, कहां जा रहे हैं, कॉल, मैसेज आदि से जुड़ी जरूरी जानकारी किसी और के फोन तक पहुंच सकती है।

डेटा, सिंक्रोनाइजेशन, कॉल आदि सब कुछ अगर फॉर्वर्ड हो रहा है तो उसे जानने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें-

*#62#

ये कोड अपने एंड्रॉयड फोन पर डायल कीजिए और फोन में हो रहे हर तरह के रीडायरेक्शन की डिटेल्स सामने आ जाएंगी। ये कोड इसलिए बेहतर है क्योंकि अगर स्मार्टफोन के अन्य फीचर्स यानी सेंसर वगैराह की मदद से भी कोई आपको ट्रैक कर रहा है तो इसकी जानकारी मिल जाएगी। ऐसा मुमकिन है कि आपकी सारी जानकारी सेलफोन ऑपरेटर या ISP प्रोवाइटर ट्रैक कर रहा हो। इसके लिए सभी तरह की रीडायरेक्टिंग अपने फोन से बंद की जा सकती है।

### सभी तरह की रीडायरेक्टिंग फोन से बंद करने के लिए-

##002#

ये यूनिवर्सल कोड है अपने फोन से सभी तरह की रीडायरेक्टिंग बंद करने के लिए। बेहतर है कि इस कोड को कहीं भी रोमिंग में जाने से पहले (खास तौर पर इंटरनेशनल ट्रिप) इस्तेमाल कर लें। इससे होगा ये कि मसलन आपके कॉल्स कहीं और फॉर्वर्ड हो रहे हों तो वो बंद हो जाएंगे। ऐसे में फालतू रोमिंग के पैसे भी बचेंगे और अगर आपकी जानकारी के बिना ये कॉल फॉर्वर्डिंग हुई है तो वो भी बंद हो जाएगी।

### फोन का IMEI नंबर जानने के लिए-

*#06#

ये भी एक यूनिवर्सल कोड है जो फोन का IMEI (इंटरनेशनल मोबाइल इक्यूपमेंट आइडेंटीफायर) नंबर जानने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ये नंबर बहुत काम का है और अगर फोन खो जाए तो FIR से लेकर फोन सर्चिंग एप्स तक इसी नंबर का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, इसे किसी के साथ शेयर करना अच्छा नहीं होगा।

अगर फोन खो गया है और वो स्विच ऑन होता है तो उसकी लोकेशन अपने आप नेटवर्क ऑपरेटर तक पहुंच जाएगी। अगर किसी को आपका IMEI नंबर पता होता है तो वो आपके फोन का मॉडल उसकी तकनीकी स्पेसिफिकेशन सब कुछ पता कर लेगा।

# स्किन और बालों को हेल्दी रखने के लिए सोते समय करें सिल्क पिलोकवर का इस्तेमाल

**बेहतर सेहत** के लिए रात में अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है. जब आप रात में सोते हैं तो इस समय आपकी स्किन और हेयर रिपेयर होते हैं. इस समय स्किन खुद को हील करती है. ऐसे में जरूरी है कि आप सोते समय कुछ बातों का खास ख्याल रखें ताकि आपकी स्किन और बाल दोनों ही हेल्दी रहें. तकिया और उसका कवर आपकी स्किन और बालों पर काफी असर डालता है. डॉक्टर भी अक्सर रोजाना तकिए का कवर चेंज करने की सलाह देते हैं ताकि आपकी स्किन अच्छी रह सके. ऐसे में रात के समय अच्छी नींद के लिए जरूरी है कि आप कॉटन या सिल्क के



पिलोकवर का इस्तेमाल करें. आज हम आपको सिल्क पिलोकवर का इस्तेमाल करने के कुछ स्किन व हेयर बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं, आइए जानते हैं-

एजिंग को करें स्लो- सिल्क के पिलोकवर का इस्तेमाल करने से स्किन रिंकल फ्री होती है. सिल्क के पिलोकवर स्किन की क्रीम को अब्जॉर्ब करते हैं. यह त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करता है. बालों का झड़ना करें बंद- सिल्क पिलोकवर का इस्तेमाल करने से करवट लेने के दौरान यह बालों को रगड़ने के बजाय उस पर ग्लाइड होते हैं. इसके चलते बाल घर्षण से टूटते नहीं है.

स्किन बनाएं कोमल- सिल्क एक प्राकृतिक फाइबर है. इसमें अमीनो एसिड के स्ट्रिंग होते हैं. यह हमारी स्किन के समान पीएम लेवल होता है. अमीनो एसिड त्वचा को हाइड्रेट रखते हैं जिससे त्वचा में नमी बरकरार रहती है. हाइड्रेटेड स्किन सेल्स कम झुर्रियां दिखाती हैं.

# कैसे समय में महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है खजूर

**खजूर को सू**परफूड माना जाता है. खजूर में हेल्दी फैट्स, सोडियम, डाइटरी फाइबर, नैचुरल शुगर, प्रोटीन, विटामिन डी, आयरन और पोटैशियम मौजूद होता है. यूं तो खजूर सभी के लिए फायदेमंद माना जाता है लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है. डॉक्टर्स की मानें तो खजूर लेबर पेन कम करने में काफी मदद करता है. खजूर के सेवन से ब्लड सर्कुलेशन लेवल बढ़ता है, जिससे गर्भाशय ग्रीवा में लचीलापन और फैलाव आता है और लेबर पेन के समय कम दर्द का सामना करना पड़ता है. ऐसे में गर्भावस्था में रोजाना



खजूर का सेवन करना चाहिए.

* खजूर में पाए जाने वाली पोटेशियम की भरपूर और सोडियम की कम मात्रा के कारण से शरीर के नर्वस सिस्टम के लिए बेहद लाभकारी है.

* खजूर त्वचा के लिए बहुत अच्छा है. इसे नियमित रूप से खाने झुर्रियां और झाइयां देरी से आती हैं.* खजूर में कई सारे मिनरल होते हैं, जो हड्डियों को मजबूती देते हैं. इसमें कैल्शियम, सेलेनियम, मैगनीज और कॉपर की मात्रा अधिक होती है.

* खजूर में काफी मात्रा में विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं. ये आंखों के लिए जरूरी तत्व हैं.* खजूर में शुगर, विटामिन और प्रोटीन होते हैं जो वजन बढ़ाने का काम करते हैं.

* खजूर में ढेर सारे फाइबर होते हैं. कब्ज के मरीजों के लिए खजूर फायदेमंद है.

# नौकरी नहीं मिलने का है टेंशन तो करें ये काम

**इस साल कई** लोग हैं, जिन्होंने अपनी नौकरियां गवाईं हैं। अचानक नौकरी चले जाने की वजह से कई लोग स्ट्रेस में चले जाते हैं और पूरा दिन नौकरी ढूंढते रहते हैं।

लेकिन यह सही तरीका नहीं है, इस तरह आप परेशानी से निकलने के बजाय उलझती चली जाएंगी। ऐसा कई बार होता है जब नौकरी चली जाती है तो लोग नेगेटिव सोच में डूब जाते हैं जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारे पास कई ऐसे ऑप्शन मौजूद होते हैं, जिससे खुद को इंरोल किया जा सके।

हालांकि पूरे दिन ऑनलाइन पोर्टल से चिपके रहने से भले ही आपको नौकरी मिल जाए लेकिन आप उससे खुश नहीं रहेंगी। क्वांटिटी के बजाय क्वालिटी पर ध्यान दें, और जो भी काम कर रही हैं उसे शांत मन से करने की कोशिश करें। इस आर्टिकल में हम बताएंगे नौकरी की तलाश के साथ-साथ कुछ ऐसे काम भी हैं जिसे अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए।

### एक्सरसाइज

काम के बीच में वक्त निकालना बहुत मुश्किल काम है। घंटों चेयर पर बैठकर काम करने से बॉडी शेप बिगड़ जाता है। ऐसे में चाहें तो इस खाली वक्त में एक्सरसाइज कर सकती हैं और पहले की तरह फिट हो सकती हैं। वहीं एक्सरसाइज से सिर्फ आप



शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहेंगी। दिनभर सोचते रहने से कुछ हासिल नहीं होता लेकिन अगर आप एक्सरसाइज करेंगी तो एक्टिव रहेंगी और एक्टिव रहने से आपका दिमाग भी अच्छी तरीके से काम करेगा।

### किताब को बनाए दोस्त

कई बार ऐसा होता है जब हम काम की वजह से अच्छी आदतों को करना भूल जाते हैं। उन अच्छी आदतों में से एक है किताब पढ़ना है। रोजाना किताब पढ़ने से आप न सिर्फ अपने सोचने की शक्ति को एक्सपेंड कर सकती हैं, बल्कि हर एक चीज के लिए आप अपना एक नजरिया विकसित कर सकती हैं। इसके लिए सिर्फ और सिर्फ अपनी पसंद की किताब पढ़ना शुरू कर दें।

### दोस्त और परिवार से मिलें

काम के बीच में वक्त निकालकर दोस्त और परिवार को समय कब दिया होगा, यह शायद ही आपको याद हो। इसलिए इस खाली वक्त में दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ वक्त बिताएं, इससे आपको भी खुशी मिलेगी। बुरे वक्त में फैमिली और दोस्त हमेशा साथ खड़े रहते हैं, ऐसे में आप जब चिंता में हो उनसे अपनी बातें शेयर करें।

### खुद का शुरू करें काम

हमेशा किसी के अंडर में काम करने से बोर हो गई हैं तो अपना काम शुरू करने के बारे में सोच सकती हैं। हर किसी के अंदर एक स्किल होती है, उसे सोचते हुए अपना काम शुरू कर सकती हैं। इस साल कई लोगों ने अपना काम शुरू किया है और उन्हें बेहतर रिस्पांस भी मिला है। महिलाओं को अपनी क्वालिटी को समझते हुए अपने पैशन को काम का रूप देना चाहिए।

### बेहतर हो आपका नेटवर्क

कई बार घंटों ऑनलाइन जॉब पोर्टल पर वक्त बिताने से कुछ नहीं होता। जॉब पोर्टल के अलावा अपने दोस्तों और सीनियर्स से भी बात करना शुरू करें।

कोशिश करें कि आपका नेटवर्क अच्छी तरीके से बिल्ड हो। अगर आपका नेटवर्क सही है तो नौकरी मिलने में बिल्कुल परेशानी नहीं होगी। वहीं नौकरी के अलावा भी लोगों से बातचीत करते रहें ताकी संपर्क बना रहे।

# ऑनलाइन जॉब इंटरव्यू देने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

**कोरोना वायरस** जब से पूरी दुनिया में फैला है तब से हर चीज का प्रारूप बदल गया है। पहले के मुकाबले अब बहुत कम ही लोग ऑफिस जा रहे हैं। आज कल लगभग हर कोई घर से ही काम कर रहा है। ऐसे में इस महामरी में लगभग हर कम्पनी नए लोगों की भर्ती के लिए ऑनलाइन इंटरव्यू ले रही है। ऐसे में ऑनलाइन इंटरव्यू देने के लिए कुछ महत्वपूर्ण जानकारी रखना बेहद ज़रूर हो जाता है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप आसानी से इंटरव्यू को दे सकती हैं। तो आइए जान लेते हैं ऑनलाइन इंटरव्यू देने से पहले किन बातों पर विशेष ध्यान देने की ज़रूरत है-

### इंटरनेट सही होना चाहिए

सबसे पहले तो आप ये ध्यान दें कि क्या आपका नेट सही से चल रहा है या नहीं और जिस लैपटॉप या मोबाइल से इंटरव्यू दे रही हैं



उस सिस्टम में नेट ठीक से नेट कनेक्ट है की नहीं। नेट स्पीड का भी ध्यान रखें। कभी-कभी नेट सही नहीं रहने से आप जॉब को खो भी सकती हैं। इसलिए इस बात का ज़रूर ध्यान रखें।

### सही होना चाहिए वीडियो कॉलिंग

किसी भी ऑनलाइन इंटरव्यू को देने से पहले ये ज़रूर देख लीजिए कि जिस सिस्टम या मोबाइल से आप इंटरव्यू दे रही हैं क्या उसका वीडियो कॉलिंग सही है। जल्दबाजी में कभी-कभी ये भूल जाते हैं कि उनके मोबाइल या लैपटॉप का वीडियो कॉलिंग सही नहीं है। ये भी ध्यान रखें कि क्या आपके सिस्टम में आवाज आने और जाने में कोई परेशानी तो नहीं।

### रूम में लाइट का सही होना

इन दोनों पॉइंट के बाद ये ज़रूर देखें कि जिस जगह आप इंटरव्यू दें रही हैं उस जगह या रूम में अधिक अंधेरा तो नहीं है। अंधेरे की वजह से भी कभी-कभी इंटरव्यू पर असर पड़ता है। हो सके तो आप जिस टेबल पर बैठ कर इंटरव्यू दें रही हैं उस जगह एक टेबल लैम्प जला लीजिए।

### ड्रेस चेक करें

अक्सर लोगों को लगता है कि अच्छा इंटरव्यू घर से ही तो दें रहे हैं, तो कैसी भी ड्रेस पहन के इंटरव्यू दे दीजिए भला कौन देखता है, लेकिन आपको और लोगों की तरह नहीं बनना चाहिए। ड्रेस भी कई बार आपको फ्रेश रखने में मदद करती है अंदर से आत्मविश्वास भी बरक़रार रहता है। इसके अलावा आप कंपनी के बारे में पूरी जनकारी रखें और आप जहां बैठे है उसके पीछे का बैकग्राउंड भी सही रखें।

# त्वचा को चमकदार बनाएंगे नींबू फेस पैक्स

त्वचा को साफ़ और चमकदार बनाने के लिए नींबू बेहद कारगर है। इससे फेस पैक्स बनाना आसान है। ये असरदार हैं और त्वचा में कसावट भी लाते हैं।

चेहरे पर सामान्यत हर रोज़ किसी न किसी उत्पाद का इस्तेमाल किया ही जाता है, फिर मॉइश्चराइज़र हो या अन्य कोई क्रीम व फाउंडेशन। ऐसे में त्वचा पर इनकी परतें जमती जाती हैं जो दिखाई नहीं पड़तीं। नींबू में विटामिन-सी और एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं जो त्वचा को साफ़ करने के साथ ही उम्र बढ़ने के संकेतों को भी कम करते हैं।

एक किसे हुए खीरे में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो दें। त्वचा साफ़ व चमकदार नज़र आएगी। इस पैक को हर रोज़ इस्तेमाल कर सकते हैं।

टमाटर के गूदे में आधा नींबू का रस और एक चम्मच दही मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद ठंडे पानी से धो दें। इससे त्वचा से टैनिंग भी निकल जाएगी। इस पैक को हफ्ते में दो-तीन बार लगा सकते हैं।

एक चम्मच नींबू के रस में एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो दें। इस पैक को रोज़ाना इस्तेमाल कर चमकदार त्वचा पा सकते हैं।

आधा कप पपीते का गूदा, एक चम्मच शहद, आधा नींबू का रस और एक छोटा चम्मच चंदन पाउडर मिलाएं। इस पैक को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो दें। हर दूसरे दिन इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# इन तरीकों से अपने स्मार्टफोन की बढ़ा सकती हैं स्पीड

**आज के दौर** में फोन से सिर्फ बात नहीं होती, बल्कि शॉपिंग से लेकर घर के तमाम जरूरी कामों की प्लानिंग तक सबकुछ फोन पर होता है। ऐसे में महिलाएं अपने स्मार्टफोन पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। लेकिन कई बार फोन बहुत ज्यादा हैंग होने लगता है, जिससे कई जरूरी काम अटक जाते हैं या इमरजेंसी में घर-परिवार के लोगों से बात नहीं हो पाती। कई बार ऐसा भी होता है कि कोई कॉल रिसीव नहीं हो पाती या स्क्रीन फ्रीज हो जाती है। ऐसे में फोन हैंग ना हो और उसके सभी फंक्शन ठीक तरह से काम करें इसके लिए कुछ अहम चीजों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आइए जानते हैं कि ऐसे ही पांच टिप्स के बारे में, जिन्हें अपनाने से आपका फोन अच्छा वर्क करेगा-

### कम करें ऐप्स की संख्या

इंटरनेट सर्फिंग करते हुए महिलाओं को ढेर सारे नए-नए ऐप्स के बारे में पता चलता है। ये ऐप्स कितने फायदेमंद हैं, इस बारे में सोचे बिना महिलाएं उन्हें डाउनलोड कर लेती हैं। ऐसा भी होता है कि ऐप डाउनलोड करने के बाद महिलाएं उसे बहुत ज्यादा यूज नहीं करतीं। ऐसे में फोन का डाटा भी कंज्यूम होता है और फोन में हैंग होने की समस्या भी आती है, क्योंकि फोन की रैम और प्रोसेसिंग पावर सीमित होती है। जिन ऐप्स की आपको फिलहाल जरूरत नहीं है, आप उन्हें डिलीट कर स्पेस फ्री कर सकती हैं।

### सभी ऐप्स को अपडेट करती रहें

मोबाइल ऐप डेवलपर्स अक्सर अपने ऐप्स की परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए उन्में अपडेट करते रहते हैं। ऐसे में ऐप्स सही तरीके से काम करें, इसके लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से ऐप्स को अपडेट करते रहें। इसका एक



फायदा यह भी होता है कि लेटेस्ट वर्जन रहने से मैमोरी और सीपीयू पावर कम खर्च होते हैं।

### रीस्टार्ट करें फोन

फोन में हैंग होने की समस्या ना आए, इसके लिए उसे हर कुछ समय बाद बंद करना चाहिए। Shut Down करने से फोन की मैमोरी रिफ्रेश हो जाती है। इसके साथ ही बहुत सारी कुकीज से भी फोन मुक्त हो जाता है और स्पेस होने की वजह से फोन के सभी फंक्शन भी ठीक तरीके से काम करते हैं।

### गैरजरूरी डाटा डिलीट करें


अक्सर हम सोशल मीडिया जैसे कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हॉट्सऐप के जरिए ढेर सारा डाटा डाउनलोड करते हैं। इनमें डॉक्यूमेंट्स और ढेर सारी फोटो होती हैं। अक्सर ये चीजें डाउनलोड करने के बाद इन्हें डिलीट करने या कहीं और सेव करने के बारे में ध्यान नहीं रहता, जिससे फोन की इंटरनल मैमोरी प्रभावित होती है और उसकी फंक्शनिंग स्लो हो जाती है। ऐसे में अगर फोन हैंग हो रहा है तो प्रायोरिटी पर फोन से गैरजरूरी डाटा हटा दें। लेकिन इसके बाद भी फोन ठीक से काम ना करे तो आप नया स्मार्टफोन खरीदने के बारे में सोच सकती हैं। अगर आप सस्ते में ब्रांडेड स्मार्टफोन खरीदना चाहती हैं तो घर बैठे यहां से पा सकती हैं।

### बैटरी निकालकर लगाएं

लंबे समय तक यूज में रहने के दौरान फोन के इंटरनल पार्ट्स में धूल चली जाती है। इससे फोन को बचाने के लिए अच्छा होगा कि नियमित अंतराल पर फोन को ऑफ करके उसकी बैटरी निकालकर साफ कर लें। अगर फोन बहुत ज्यादा हैंग नहीं हो रहा है तो मुमकिन है कि यह तरीका अपनाने से ठीक तरीके से चलने लगे।

### एक्सटर्नल मैमोरी में रखें ऐप्स

महिलाएं ऐप्स को डाउनलोड करते हुए अक्सर इस बात पर ध्यान नहीं देतीं कि वह इंटरनल मैमोरी में जा रहा है ये एक्सटर्नल मैमोरी में। इस बात का हमेशा ध्यान रकें कि फोन में ऐप्स डाउनलोड करते हुए आप उन्हें हमेशा एक्सटर्नल मेमोरी में सेव करें। स्मार्टफोन्स में एक्सटर्नल मैमोरी (आमतौर पर 8 GB) इंटरनल मैमोरी से ज्यादा होती है और ज्यादातर फोन में इसे बढ़ाने की सुविधा भी होती है, वहीं इंटरनल मैमोरी सिर्फ (ज्यादातर 2 GB) होती है। इसे देखते हुए ऐप्स को बिना किसी झंझट के आसानी से एक्सटर्नल मेमोरी में सेव किया जा सकता है। इससे इंटरनल मैमोरी पर बोझ नहीं बढ़ेगा और इससे भी फोन की फंक्शनिंग अच्छी रहेगी।



# सोने-चांदी में बड़ी गिरावट-फिर 50 हजार के करीब आया सोना

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। इस हफ्ते शुरुआती दो दिनों की तेजी के बाद आज यानी बुधवार को सोना-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 7 सितंबर को सर्राफा बाजार में सोना 339 रुपए सस्ता होकर 50,422 रुपए पर आ गया है। वहीं, वायदा बाजार, यानी एमसीएक्स पर दोपहर 1 बजे सोना 136 रुपए की गिरावट के साथ 50,145 रुपए पर ट्रेड कर रहा है।

**चांदी में बड़ी गिरावट**

चांदी में आज बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसके चलते ये फिर 53 हजार के नीचे आ गई है। सर्राफा बाजार में ये 880 रुपए सस्ती होकर 52,816 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। एमसीएक्स पर दोपहर 1 बजे ये 82 रुपए कमजोर होकर 53,064 रुपए पर ट्रेड कर रही थी।

**हॉलमार्क देखकर ही खरीदें सोना**

सोना खरीदते वक्त उसकी क्वॉलिटी पर जरूर गौर करें। सबसे अच्छा है कि हॉलमार्क देखकर सोना खरीदें। हॉलमार्क सरकारी गारंटी है। हॉलमार्क का निर्धारण भारत की एकमात्र एजेंसी ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड करती है। हॉलमार्किंग योजना भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम के तहत संचालन, नियम और विनियम का काम करती है।

## गडकरी इस हफ्ते करेंगे बड़ा ऐलान


# हाइवे पर कार-बाइक चलाने वालों की होगी बल्ले-बल्ले!

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेस-वे और राजमार्गों पर वाहनों की अधिकतम स्पीड लिमिट बढ़ाने के प्रस्ताव पर इस सप्ताह बेंगलुरू में परिवहन विकास परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

अगर आपको भी कार-बाइक से फर्राटा भरने का शौक है तो यह खबर आपको जरूर खुश कर देगी. जी हां, आने वाले समय में एक्सप्रेस-वे और नेशनल हाइवे पर गति सीमा बढ़ाने पर मुहर लगने वाली है. अब वह दिन भी दूर नहीं जब आपको वाहनों के हॉर्न के रूप में संगीत वाद्ययंत्र की आवाज सुनने को मिलेगी. इस बारे में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेस-वे और राजमार्गों पर वाहनों की अधिकतम स्पीड लिमिट बढ़ाने के प्रस्ताव पर इस सप्ताह बेंगलुरू में परिवहन विकास परिषद की बैठक में चर्चा की जाएगी।

**कल से शुरू होगा तीन दिवसीय सम्मेलन 'मंथन'**

गडकरी ने कहा कि भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की ध्वनि को वाहनों के हॉर्न के रूप में इस्तेमाल करने के लिए कानून लाने के एक अन्य प्रस्ताव पर भी बैठक में चर्चा की जाएगी. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी ने कहा की वह राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं को कम करने के तरीके खोजने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि कानून और व्यवस्था राज्य सरकारों के तहत आता है. गडकरी ढांचागत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों एवं चुनौतियों पर केंद्रित तीन दिन के सम्मेलन 'मंथन' का गुरुवार को उद्घाटन करेंगे।

**क्या होगी नई स्पीड लिमिट!**

मीनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवे की तरफ से अभी एक्सप्रेस वे पर कारों की अधीकतम स्पीड लीमटि 100 किमी प्रति घंटा है. वहीं वाणीज्यीक वाहनों के लिए यह सीमा 80 किमी प्रतीघंटा की है. आने वाले समय में कारों की स्पीड लिमिट को बढ़ाकर 120 किमी प्रति घंटा किया जा सकता है. इसी तरह वाणज्यिकि वाहनों के लिए यह 80 से बढ़कर 100 किमी प्रीति घंटा तक हो सकती है।

**छह 'एयरबैग' पर किया जा रहा विचार**

इसके अलावा केंद्र सरकार व्हीकल कंपनियों के लिए अक्टूबर से आठ सीट वाले वाहनों में कम से कम छह 'एयरबैग' जरूरी करने पर विचार कर रही है. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम निजी वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से उठाया जा रहा है.

साल 2022 में ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से कहा गया था कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय मोटर वाहन अधीनियम-1989 में संशोधन का फैसला किया गया है.

चालक और सवारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार वाहन निर्माताओं के लिए पिछली सीट की 'सीट बेल्ट अलार्म' प्रणाली को जरूरी करने की योजना बना रही है। फिलहाल वाहन निर्माताओं के लिए केवल आगे की सीट पर बैठे यात्रियों के लिए सीट बेल्ट 'रिमाइंडर' देना जरूरी है. आने वाले समय में पीछे बैठे यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट लगाना जरूरी होगा, ऐसा नहीं करने पर अलार्म बजेगा।

## कार की पिछली सीट पर भी नहीं लगाई सीट बेल्ट तो बजेगा अलार्म, कटेगा चालान

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। देश के बड़े कारोबारी साइरस मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत के बाद अब सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती बढ़ने लगी है. साइरस मिस्त्री की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई थी. वो कार में पिछली सीट पर बैठे थे और उन्होंने सीट बेल्ट नहीं लगा रखी थी.

इसके बाद से ही एक्सपर्ट पिछली सीट पर बैठने वाले यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट लगाने को जरूरी करने की बात कह रहे थे. अब सरकार इस संबंध में अगले तीन दिन में आदेश जारी करने वाली है। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि अब पिछली सीट पर बैठने वालों के लिए भी सीट बेल्ट लगाना जरूरी होगा. उन्होंने बताया कि पिछली सीट पर बैठने वाले यात्री अगर सीट बेल्ट नहीं लगाते हैं, तो इस पर चालान लगेगा।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान

# बोलीं-महंगाई से बड़ी प्राथमिकता रोजगार सृजन

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि मुद्रास्फीति कम होकर झेलने योग्य स्तर पर पहुंच गई है इसलिए सरकार के लिए देश की आर्थिक वृद्धि उससे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा है कि रोजगार सृजन और आय का वितरण फिलहाल महंगाई से बड़ी प्राथमिकता है।

**जॉब क्रिएशन और आय के समान वितरण पर सरकार का जोर**

'इंडिया आइडियाज समिट' के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन और धन का समान वितरण वे अन्य क्षेत्र हैं जिन पर सरकार का ध्यान है। उन्होंने कहा, 'कुछ निश्चित तौर पर प्राथमिकताएं हैं और कुछ उतनी महत्वपूर्ण नहीं हैं। महंगाई से बड़ी प्राथमिकता रोजगार, धन का समान वितरण और यह सुनिश्चित करना कि भारत विकास के रास्ते पर आगे बढ़े।

सीतारमण ने आगे कहा, महंगाई इसलिए बड़ी प्राथमिकता नहीं है क्योंकि बीते कुछ महीनों में हम इसे वहनीय स्तर (झेलने योग्य स्तर पर) पर लाने में कामयाब रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में खाद्य वस्तुओं के दाम में नरमी से मुद्रास्फीति कम होकर 6.71 फीसदी पर आ गई हालांकि यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा 6.0 प्रतिशत से लगातार सातवें महीने ऊपर बनी रही।



**वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में खुदरा महंगाई दर 7.01% रही**

जून 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 7.01 प्रतिशत जबकि जुलाई 2021 में 5.59 प्रतिशत थी। अप्रैल से जून के बीच यह सात फीसदी के ऊपर बनी रही। वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और यूरोपीयन सेंट्रल बैंक द्वारा दरों में तेज वृद्धि से उत्पन्न अस्थिरता से रिजर्व बैंक निपट लेगा। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की उपलब्धता को लेकर अनिश्चितता अब भी बनी हुई है। उन्होंने भुगतान प्रौद्योगिकी समेत हर लिहाज से भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# भारत और इस्राइल के बीच एफटीए से दोनों देशों को लाभ

## सेन फ्रांसिस्को में बोले वाणिज्य मंत्री

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और इस्राइल के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ पहुंचेगा।

अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा है कि जब तक भारत को अच्छी डील नहीं मिलेगी यह समझौता नहीं करेगा। बता दें कि भारत और इस्राइल फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के लिए वर्ष 2010 के मई महीने से ही बातचीत कर रहे हैं।

बता दें कि मुक्त व्यापार समझौते के तहत दो देश आपसी




व्यापार के तहत लिए जाने वाले सामानों की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को बहुत कम या समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को आकर्षित करने के मानदंडों को आसान बनाने की कोशिश करते हैं। बता दें कि भारत इस्राइल को प्रमुख रूप से कीमती पत्थर और धातु, रासायनिक उत्पाद और वस्त्रों का निर्यात करता है जबकि आयात में कीमती पत्थर व धातु, रसायन व खनिज उत्पाद, आधार धातु, मशीनरी और परिवहन उपकरण उपकरणों को आयात करता है।

दोनों देशों के बीच वित्तीय वर्ष 2021-22 में लगभग 8 बिलियन अमेरिकी डॉलर द्विपक्षीय व्यापार हुआ है। इससे पहले 2020-21 में दोनों देशों के बीच 4.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। भारत ने हाल ही में यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

## गौतम अदाणी ने संपत्ति के मामले में जेफ बेजोस को पछाड़ा, फिर तीसरे नंबर पर पहुंचे



नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। फोर्ब्स की अरबपतियों की लिस्ट के अनुसार भारत के दिग्गज उद्योगपति गौतम अदाणी ने अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस को पछाड़ दिया है। बीते दिनों लिस्ट में एक पायदान नीचे खिसकने वाले अदाणी ने एक बार फिर लंबी छलांग लगाई है। इस बार जेफ बेजोस को पछाड़ते हुए वे एक बार फिर दुनिया के तीसरे सबसे अमीर इंसान बन गए हैं।

**गौतम अदाणी का नेटवर्थ 148.8 अरब डॉलर हुआ**

फोर्ब्स के रियल टाइम बिलेनियर्स इंडेक्स के अनुसार गौतम अदाणी की कंपनियों के शेयरों की कीमतों में बढ़ोतरी से उनका नेटवर्थ तेजी से बढ़ा है। बुधवार को उनकी कुल नेटवर्थ 148.8 अरब डॉलर हो गई है। इस संपत्ति के साथ एक बार फिर वे दुनिया के तीसरे नंबर के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। गौतम अदाणी की संपत्ति में बढ़ोतरी से कभी दुनिया में नंबर एक अरबपति रहे अमेजन के संस्थापक और मुखिया जेफ बेजोस भी उनसे पिछड़ गए हैं। फोर्ब्स के इंडेक्स के अनुसार जेफ बेजोस की कुल नेटवर्थ कम होकर 136.7 अरब डॉलर हो गई है। संपत्ति में कमी होने से अब वे दुनिया के सबसे अमीर अरबपतियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं।

# 3 रुपए सस्ते हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल

## इंटरनेशनल मार्केट में कच्चा तेल 92 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा




कच्चा तेल 1 डॉलर प्रति बैरल महंगा होने पर देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 55-60 पैसे प्रति लीटर बढ़ जाती हैं। इसी तरह इसमें 1 डॉलर की कमी होने पर पेट्रोल-डीजल के दाम भी 55-60 पैसे प्रति लीटर कम हो जाते हैं।

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल (क्रूड) के दाम 7 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। अभी क्रूड के दाम 92 डालर प्रति बैरल पर हैं और एक्सपर्ट्स कीमतों में आगे और कटौती का अनुमान जता रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम 3 रुपए प्रति लीटर तक कम हो सकते हैं। इससे पहले फरवरी में कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब था, जो जून में 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

आईआईएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता के अनुसार आने वाले दिनों में क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल पर आ सकता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 से 3 रुपए प्रति लीटर की कमी आ सकती है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के वाइस प्रेसिडेंट और को-ग्रुप हेड प्रशांत वशिष्ठ के मुताबिक, कच्चा तेल 1 डॉलर प्रति बैरल महंगा होने पर देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 55-60 पैसे प्रति लीटर बढ़ जाती हैं। इसी तरह इसमें 1 डॉलर की कमी होने पर पेट्रोल-डीजल के दाम भी 55-60 पैसे प्रति लीटर कम हो जाते हैं।

**तीन महीने में 26% सस्ता हुआ क्रूड ऑयल**

इंटरनेशल मार्केट में क्रूड की कीमतें जून में 125 डॉलर प्रति बैरल के करीब थीं, जो सितंबर के पहले हफ्ते में 92 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं। इस हिसाब से क्रूड करीब 26% कमजोर हो चुका है। चीन और यूरोप के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं दबाव में हैं। ऐसे में आगे भी क्रूड की डिमांड कमजोर रह सकती है। 22 मई को केंद्र सरकार ने बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम की थी। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए घटा दिया गया।

## वंदे भारत ने किया कमाल! 107 मिनट में तय किया दिल्ली से आगरा का सफर



नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। स्वदेशी वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन नई दिल्ली से आगरा कैंट के बीच हुआ. देश के सबसे तेज ट्रैक पर हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का 180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रायल पुरा हुआ. नई दिल्ली से आगरा कैंट तक का सफर सिर्फ 1 घंटे 47 मिनट में पूरा हो गया. ट्रेन इतनी तेजी से चल रही थी फिर भी गिलास से पानी का एक बूंद भी नहीं छलका. देश में अभी दो वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं. भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन नई दिल्ली से वाराणसी के बीच चलाई गई थी. इसके बाद नई दिल्ली से कटरा के बीच भी एक वंदे भारत ट्रेन चलाई गई थी. हाल ही में कोटा-नागदा सेक्शन के बीच वंदे भारत का ट्रायल हुआ था, उस समय रेल मंत्री ने एक वीडियों भी शेयर किया था।

नई दिल्ली से आगरा तक 6 सितंबर को वंदे भारत का सफल ट्रायल किया गया. नई दिल्ली से आगरा सेक्शन के बीच यह पहली हाई स्पीड ट्रेन है. जो दोपहर 3.53 मिनट पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आगरा कैंट के लिए निकली. ये ट्रेन 5.11 मिनट पर मथुरा जंक्शन होते हुए 5.40 मिनट पर आगरा कैंट पहुंची. 16 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को ये सफर करने में 1 घंटे 47 मिनट लगा. आपको बता दें कि लोको पायलट वीरेंद्र कुमार और रविंद्र नेगी इसे लेकर आए. नई दिल्ली से भोपाल के लिए चलने वाली भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस की जगह अब वंदे भारत एक्सप्रेस को चलाये जाने की संभावना है.

# भारत में इस्तेमाल किए गए 47% एंटीबायोटिक फॉर्मूलेशन अस्वीकृत

## सबसे ज्यादा एजिथ्रोमाइसिन का हुआ इस्तेमाल

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारत में 2019 में निजी क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाले 47 प्रतिशत से ज्यादा एंटीबायोटिक फॉर्मूलेशन को केंद्रीय दवा नियामक द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था। इस बात का खुलासा लैंसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया में प्रकाशित एक अध्ययन में हुआ है।

शोध में पाया गया है कि एजिथ्रोमाइसिन- 500 एमजी टैबलेट भारत में सबसे अधिक खपत वाली एंटीबायोटिक फॉर्मूलेशन थी। इसका इस्तेमाल 7.6 प्रतिशत था। वहीं दूसरे नंबर पर सेफिक्साइम 200 एमजी थी, जिसका इस्तेमाल 6.5 प्रतिशत था।दरअसल, बोस्टन यूनिवर्सिटी



और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के शोधकर्ताओं ने निजी क्षेत्र के एंटीबायोटिक उपयोग की जांच की।

इसमें पाया गया कि भारत में एंटीबायोजिक फॉर्मूलेशन कुल खपत का 85 से 90 प्रतिशत है। इन आंकड़ों में सार्वजनिक सुविधाओं के माध्यम से दी जाने वाली दवाओं को शामिल नहीं किया गया था। अध्ययन में कहा गया है, भारत में एंटीबायोटिक दवाओं की प्रति व्यक्ति खपत दर कई देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। इसके बावजूद भारत बड़ी मात्रा में व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक दवाओं का उपभोग करता है, जिन्हें आदर्श रूप से कम इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

शोध में कहा गया है कि उन्होंने कहा कि 2019 में कुल परिभाषित दैनिक खुराक (डीडीडी) की खपत 5,071 मिलियन थी, जो प्रति दिन प्रति 1,000 जनसंख्या पर 10.4 डीडीडी थी।

एनएलईएम (आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची) में सूचीबद्ध फॉर्मूलेशन ने देश में 49.0% (2486 मिलियन डीडीडी) का योगदान दिया, फिक्स्ड-डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) ने 34.0% (1722 मिलियन) का योगदान दिया। इसके अलावा अस्वीकृत फॉर्मूलेशन ने 47.1% (2408 मिलियन डीडीडी) प्रयोग हुआ।

## मंत्रिमंडल ने शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर भारत, यूएई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर की मंजूरी दी

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच वर्तमान शैक्षणिक सहयोग को और मजबूत करने एवं उसका दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने को बुधवार को मंजूरी दे दी। सरकारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई । इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच वर्तमान शैक्षणिक सहयोग को और मजबूत करना एवं उसका दायरा बढ़ाना है। बयान में कहा गया है कि शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के साथ 2015 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे जो 2018 में समाप्त हो गया।

# शाकाहारी यात्रियों के लिए रेलवे का बड़ा ऐलान, सुनकर आप भी खुशी से उछल पड़ेंगे

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। यदि आप शाकाहारी खाना खाते हैं और सफर के दौरान यह आसानी से नहीं मिल पाता तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है. ट्रेन से सफर करने के दौरान यात्री को पूरी तरह सात्विक खाना मिल सकेगा. इसके लिए इंडियन रेलवे की सहयोगी कंपनी आईआरसीटीसी ने इस्कॉन के साथ करार किया है. इस करार के तहत सात्विक खाना खाने के इच्छुक पैसेंजर इस्कॉन मंदिर के रेस्टोरेंट गोविंदा से खाना मंगाकर ट्रेन में खा सकेंगे।

**दूसरी ट्रेनों में भी शुरू होगी यह सुविधा**

आईआरसीटीसी और इस्कॉन के बीच हुए करार के तहत फिलहाल दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से यह सर्विस शुरू हुई है. यहां से शुरू हुई इस सुविधा का अच्छा रजिल्ट मिलने पर इसे देश के दूसरे स्टेशनों पर भी शुरू किया जाएगा. रेलवे के अलग-अलग जोन में चलने वाली ट्रेनों में सात्वीक खाना मिलने से यात्रीयों को फायदा होगा.

**खाने पर शक करते हैं यात्री**



रेलवे बोर्ड की तरफ से कहा गया कि कई बार यह जानकारी में आया कि लंबे सफर के दौरान शाकाहारी भोजन करने वाले यात्रियों को ट्रेन के खाने पर शक रहता है. ऐसे तमाम यात्री होते हैं जो प्याज और लहसुन तक नहीं खाते, उन्हें ज्यादा दिक्कत होती है. ऐसे भी यात्री हैं जिन्हें पेंट्री कार से मिलने वाले भोजन की शुद्धता पर शक होता है और वे उस खाने से परहेज करते हैं. लेकिन अब यह सुविधा शुरू होने के बाद ऐसे यात्रियों को दिक्कत नहीं होगी।

**कैसे मिलेगा इस सर्विस का फायदा**

यदि आप रेलवे की इस सुविधा के तहत सफर में सात्विक भोजन करना चाहते हैं तो आईआरसीटीसी की ई-कैटरिंग वेबसाइट या फूड ऑन ट्रैक एप पर खाना बुक किया जा सकता है. इसके लिए यात्री को ट्रेन छूटने के समय से कम से कम दो घंटे पहले पीएनआर नंबर के साथ ऑर्डर करना होगा. इसके बाद सात्विक भोजन आपकी सीट पर पहुंच जाएगा।

**खाने में मिलेंगी ये चीजें**

आईआरसीटीसी की तरफ से बताया गया की धार्मिक यात्राओं पर जाने वालें यात्रियों को ध्यान में रखकर यह सर्विस शुरू की गई है. पहले चरण में अच्छा रिस्पांस मिलने पर इसका विस्तार किया जाएगा. मेन्यू में पुरानी दिल्ली की वेज बीरयानी, डीलक्स थाली, महाराजा थाली, दाल मक्खनी, पनीर से बनी डिशेज, नूडल्स समेत कई सात्विक डिश शामिल हैं।

# लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 168 अंक लुढ़का, निफ्टी 17625 से नीचे

नई दिल्ली, 7 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिले कमजोर रुझानों के बाद बाजार की शुरुआत भी नीचे लुढ़क कर हुई थी। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 168 अंक गिरकर 59,029 अंकों पर तो निफ्टी 31 अंक फिसलकर 17,624 के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय बाजार के प्रदर्शन पर महंगाई, ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चिंता और ग्लोबल मार्केट में आई कमजोरी का दबाव दिखा। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और ऑटो सेक्टर के शेयरों में बिकवाली दिखी



जिससे बाजार कमजोर हुआ। वहीं दूसरी ओर फार्मा, आईटी, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। बुधवार के कारोबारी सेशन में टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, मारूति और भारती एयरटेल के शेयर टॉप लूजर रहे जबकि श्री सीमेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, कोल इंडिया, ग्रासिम और ब्रिटानिया के शेयर टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल रहे।



# मंत्री राजेंद्र यादव की फैक्ट्री-घर पर इनकम टैक्स की रेड

## मिड-डे मील सप्लाई से जुड़ा मामला, पैकेजिंग कंपनी के डायरेक्टर हैं मंत्री




250 से ज्यादा इनकम टैक्स अफसर-कर्मचारी शामिल

जयपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आज सुबह देश के चार राज्यों में एक साथ छापेमारी की। राजस्थान सहित दिल्ली, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में विभाग ने रेड की है। मिड-डे मील की सप्लाई में गड़बड़ी को लेकर इस छापेमारी में विभाग के हाथ राजस्थान के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव तक भी पहुंचे हैं। मंत्री और उनके रिश्तेदारों के यहां सुबह से ही टीमें सर्च कर रही हैं। छापों को लेकर यादव ने कहा कि हमारा मिड डे मील से कोई लेना देना नहीं है।

मंत्री और उनके रिश्तेदारों की कंपनी की कोटपूतली स्थित राजस्थान फ्लेक्सिबल पैकिंग फैक्ट्री सहित अन्य ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है। गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव इस कंपनी के डायरेक्टर हैं। कम्पनी के प्रबंधक मधुर यादव है। मधुर यादव राज्यमंत्री राजेंद्र यादव का बड़ा बेटा है।

यादव और उनके रिश्तेदारों के 50 से ज्यादा ठिकानों पर विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद हैं। बुधवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे विभाग की टीमें मंत्री के जयपुर और कोटपूतली के ठिकानों पर पहुंची। यादव कोटपूतली (जयपुर) से विधायक हैं। यहां उनके रिश्तेदारों की एक फैक्ट्री पर भी छापा मारा गया है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में मिड-डे मील सप्लाई के लिए कट्टे बनाए जाते हैं। कार्रवाई में लगभग 100 वाहनों का भी इस्तेमाल किया गया है। इनकम टैक्स ने जयपुर में मंत्री के बेटों के घर सहित उत्तराखंड, गुड़गांव में भी छापा मारा है।

मंत्री के घर, ऑफिस पर भी रेड जयपुर में राज्यमंत्री यादव के सिविल लाइंस स्थित सरकारी घर और बनी पार्क के निजी आवास सहित मालवीय नगर के ऑफिस में भी इनकम टैक्स के अधिकारी पहुंचे हैं। आयकर विभाग के ऑपरेशन से अन्य कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया है। सूत्रों ने बताया है कि यह छापेमारी मिड-डे मिल और पौष्टिक आहार बनाने वाले निर्माता, सप्लाई करने वालों, उनके सहयोगियों और परिचितों के यहां की जा रही है।

जयपुर में निर्माता और सप्लायर के घर, फैक्ट्री, कार्यालय, गोदामों और कोटपूतली में सहयोगियों के ठिकानों पर जांच चल रही है। यह मामला 2018 का बताया जा रहा है। विभाग को मिली जानकारी के अनुसार ठेके लेकर घोटाला किया जा रहा था। इसमें तत्कालीन राज्य सरकारों का हाथ रहा है जिसकी एवज में राजनैतिक फंडिंग की जाती ही है।

छापों को लेकर राजेंद्र यादव ने कहा कि इनकम टैक्स जांच करे, इसमें मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मेरे पिताजी के समय से 1950 से हमारा कारोबार है। कभी कोई गलत काम नहीं किया, हमने साफ सुथरा काम किया है।

यादव ने कहा कि आयकर की कारवाई में कोई राजनीतिक दुर्भावना होगी तो वह भी सामने आ जाएगी। पॉलिटिकल फंडिंग से नाम जोड़ना गलत है। हमारा पैकेजिंग का काम है। मिड डे मील से कोई हमारा संबंध नहीं है, हम कट्टे और पैकेजिंग समान बनाते हैं। यहां से कट्टे जाने के बाद उसमें कोई क्या भरता है, इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं।

# एससी आयोग अध्यक्ष बोले- गहलोत की दिल्ली में डिमांड

## कहा- अंदर ही अंदर कुछ चल रहा है, पायलट का जोधपुर में भी क्रेज

जोधपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस में चल रही खींचतान सामने आ रही है। इसके साथ ही पायलट को सीएम बनाने की मांग भी लगातार उठ रही है। एससी राज्य आयोग खिलाड़ी लाल बैरवा ने तीसरी बार पायलट को सीएम बनाने की मांग करते हुए यह कह दिया कि सीएम अशोक गहलोत की डिमांड दिल्ली में हैं।

दरअसल, राज्य एससी आयोग अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा मंगलवार को जोधपुर दौरे पर थे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और मुख्यमंत्री सचिन पायलट बने तो फिर राजस्थान में हमें कोई नहीं हरा सकता। वे बोले- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पुराने नेता हैं और उनकी दिल्ली में डिमांड है। उन्होंने अपनी पारी खूब खेल ली है।

मीडिया से बातचीत में बैरवा ने कहा- मैं कोई मीडिया ट्रायल नहीं कर रहा हूं। पार्टी के कुछ नेता भी बोल चुके हैं कि अगर गहलोत राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इसका मतलब अंदर ही अंदर कुछ चल रहा है। प्रमोशन हो रहा है, इसलिए उन्हें वहां जाना चाहिए।



आज जितना सोशल मीडिया है, लोगों की आवाज है, उन सब में मिलाकर यही भावना आती है। मैं भी उसी भावना के बारे में बता रहा हूं। एससी आयोग का अध्यक्ष होने के नाते भावनाओं को बता रहा हूं। जनता की भावनाओं के अनुसार काम करेंगे तो फायदा होगा और अपनी मनमानी करेंगे तो नुकसान होगा।

-खिलाड़ी लाल बैरवा
SC आयोग अध्यक्ष

उन्होंने कहा कि पायलट डिप्टी सीएम रह गए। उनके साथ युवा और पूरी जनभावना है। यह सब जगह देखने को मिलती है। जोधपुर में भी उनका क्रेज है। हालांकि यह सब निर्णय आलाकमान तय करता है, फिर भी नई टीम नए सिस्टम के साथ तय की जाए, क्योंकि गहलोत ने अपनी पारी खूब खेल ली। अब आलाकमान चाहता है तो उन्हें वहां जाना चाहिए।


**अभी राजस्थान का नेतृत्व, फिर देश का नेतृत्व करेंगे**

वे बोले सीएम अभी राजस्थान का नेतृत्व कर रहे हैं, फिर पूरे देश का नेतृत्व करेंगे, हमें और फायदा मिलेगा। हालांकि गहलोत स्वतंत्र हैं और वे खुद तय करेंगे, कि उनको क्या करना है। लेकिन, जनभावना बड़ी बात है और उसके अनुरूप फैसला करना चाहिए। आलाकमान चाहता है और वे विश्वसनीय हैं। हमारी भी इच्छा है। बैरवा ने कहा कि जनता की भावना और आलाकमान के फैसले में मेरा भी मत है कि पायलट मुख्यमंत्री बने। कारण कि वे उप मुख्यमंत्री रहे हैं । आज की तारीख में ऐसा कौन सा चेहरा है, जो उनके बराबर है। राजस्थान में सोशल इंजीनियरिंग के साथ नई टीम गठित कर दें। गहलोत दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष व पायलट यहां सीएम तो फिर हमें कौन हरा सकता है।

यह पहली बार नहीं है कि जब बैरवा खुलेआम पायलट को सीएम बनाने की मांग कर चुके हैं। यह तीसरी बार है जब उन्होंने पायलट को सीएम बनाने की मांग की। पायलट को मानेसर से वादों के साथ वापस लाया गया था, अभी जो हालत है, उसमें पायलट को सीएम बनाना चाहिए। सबकी यही भावना है। मैं भी उसी भावना की बात कर रहा हूं। बैरवा ने चेतावनी देते हुए कहा- अगर इस जन भावना का आदर नहीं करके मनमानी की गई तो पार्टी को नुकसान होगा।

# 4 माह की बच्ची समेत चार की मौत

## दो बाइक आमने-सामने भिड़ीं फिर रोडवेज बस 7 लोगों को रौंदते निकल गई



अजमेर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। अजमेर जिले के सरवाड़ के निकट फतेहगढ़ चौराहे के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल पर सवार चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें 4 माह की बच्ची भी शामिल है। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रेफर किया गया है।

पहले दोनों बाइक आमने-सामने से भिड़ीं फिर रोडवेज बस की चपेट में आ गईं। बस दोनों बाइक पर सवार लोगों को रौंदते हुए निकल गई। घटना की सूचना मिलने पर केकड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम शर्मा, सरवाड़ उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हेमानी, तहसीलदार राम कल्याण मीणा भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

मंगलवार देर शाम अजमेर मार्ग पर जय भैरव पेट्रोल पंप के सामने दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए। फिर वे नसीराबाद की तरफ से आ रही मध्यप्रदेश की रोडवेज बस की चपेट में आ गए। इस भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलने पर सरवाड़ थाना एसआई गुमान सिंह पुलिस टीम के मौके पर पहुंचे और घायलों को सरवाड़ अस्पताल पहुंचाया।

वहां डॉक्टरों ने गणेश(25) पुत्र जगदीश भील निवासी छापरी, लक्ष्मी पत्नी पीरू लाल गुर्जर निवासी जडाना, लक्ष्मण पुत्र लाला राम गुर्जर निवासी ढिगारिया को मृत घोषित कर दिया। खुशी पुत्री पीरू गुर्जर निवासी जडाना, प्रधान पुत्र रामधन भील निवासी छापरी, कमलेश गुर्जर निवासी ढिगारिया, रमेश पुत्र नोरत भील निवासी छापरी को रेफर किया गया जहां अजमेर के जेएलएन अस्पताल में चार माह की खुशी गुर्जर ने भी दम तोड़ दिया।

सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही अस्पताल में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर रामकरण गुर्जर, छोटू लाल गुर्जर, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अजय पारीक सहित प्रमुख लोग सरवाड़ चिकित्सालय पहुंचे।

# पिता को बचाने भालू से भिड़ी 14 साल की बेटी



सिरोही, 7 सितंबर (एजेंसियां)। सिरोही जिले में खेत पर सो रहे किसान पर भालू ने हमला कर दिया। कुत्तों ने शोर मचाया तो खेत पर बने मकान में सो रही 14 साल की बेटी भागकर बाहर आई और भालू से भिड़ गई। करीब 7-8 मिनट के संघर्ष के बाद उसने भालू को भगा दिया और अपने पिता की जान बचा ली। घायल पिता करमा राम चौधरी का गुजरात के मेहसाणा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद उनकी बेटी जोशना और परिवार सदमे में हैं। जोशना ने बताया कि भालू से संघर्ष के दौरान मन में एक ही बात थी कि मुझे भले ही कुछ भी हो जाए, लेकिन पिता को कुछ नहीं होने दूंगी। यह पूरा मामला रेवदर कस्बे के सिलदर गांव का है, जहां सोमवार देर रात को भालू ने हमला किया। जोशना ने बताया, 'मैं अपने माता-पिता के साथ खेत पर थी। रात को पिताजी बाहर खेत में सो रहे थे, मां के पास मैं कमरे में सो रही थी। रात को करीब 3 बजे अचानक कुत्तों के भौंकने से नींद खुली। कुछ समझ पाते उसके पहले पिताजी के चिल्लाने की आवाजें सुनाई देने लगी। मैं और मां उनकी तरफ दौड़े। वहां का मंजर देख सिहरन सी दौड़ गई। एक बड़ा भालू ने पिताजी को चारपाई से नीचे गिरा दिया था और उनके ऊपर बैठकर उनके शरीर को नोच रहा था। पहले तो डर के मारे पांव कांपने लग गए, लेकिन पिताजी को बचाने का ख्याल आते ही एकदम से शरीर में नई स्फूर्ती आ गई।

इसके बाद मैंने पास में पड़ी लाठी उठाकर भालू पर ताबड़तोड़ हमले करने शुरू कर दिए।

# हनुमान बेनीवाल ने भीड़ में युवक को थप्पड़ जड़ा

## भीड़ में सेल्फी को लेकर धक्का-मुक्की से भड़के, बाद में गले लगाया



जयपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी(आरएलपी) के प्रमुख और नागौर संसद हनुमान बेनीवाल ने अपने समर्थक को जड़ दिया। वह भीड़ के बीच सेल्फी ले रहा था तभी धक्का-मुक्की से वह नाराज हो गए। युवक को थप्पड़ मारने और फिर उसे गले लगाकर पुचकारने का वीडियो भी सामने आया है। इसको लेकर बेनीवाल को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। घटना नागौर जिले के खरनाल में तेजादशमी के मेले की बताई जा रही है। बेनीवाल तेजा दशमी मेले के कार्यक्रम में गए थे। वीडियो में हनुमान बेनीवाल भीड़ में दिखाई दे रहे हैं। कई युवक उनके साथ सेल्फी ले रहे हैं। इसी बीच किसी बात पर नाराज होकर बेनीवाल ने चेक शर्ट पहने हुए एक युवक को थप्पड़ मार दिया। हालांकि तुरंत ही वह उस युवक को गले लगाकर पुचकारते हुए भी नजर आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि सेल्फी लेने को लेकर हुई धक्कामुक्की से बेनीवाल नाराज हो गए थे, लेकिन फौरन डेमेज कंट्रोल के लिए युवक को गले लगाकर पुचकारा। तब तक पूरा घटनाक्रम कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। बेनीवाल ने जिस युवक को थप्पड़ जड़ा, वह आरएलपी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है।

**बेनीवाल पहले कार्यकर्ता को गालियां देकर भी ट्रोल हुए थे**

हनुमान बेनीवाल इससे पहले भी कई बार कार्यकर्ताओं को फटकार चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान एक कार्यकर्ता को गालियां देते हुए ऑडियो सामने आया था। इस ऑडियो को लेकर बेनीवाल सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए थे। बेनीवाल अपने बयानों को लेकर भी कई बार विवादों में आ चुके हैं। पिछले दिनों उन्होंने कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा को शादी करने की सलाह देते हुए आपत्तिजनक बयान दिया था, जिस पर खूब विवाद हुआ था।

बेनीवाल के साथ हेलिकॉप्टर में बैठे युवक की फोटो भी शेयर की जा रही है, यह फोटो उसी प्रशंसक की बताई जा रही है, जिसे बेनीवाल ने थप्पड़ मारा था। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स बेनीवाल के साथ हेलिकॉप्टर में बैठे युवक की फोटो शेयर करके कई तरह के कमेंट कर रहे हैं।

वीडियो शेयर करके यूजर्स ने **निशाना साधा, लिखा- ये खुद को सीएम का दावेदार बताते हैं**

प्रशंसक को भीड़ में थप्पड़ मारने की घटना के अलग-अलग वीडियो शेयर करके सोशल मीडिया यूजर्स बेनीवाल पर निशाना साध रहे हैं। कई यूजर्स ने सवाल उठाते हुए लिखा है कि ये खुद को राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री का दावा करते हैं और लोगों से इस तरह का बर्ताव करते हैं।

# गहलोत को उनके गढ़ में घेरने की तैयारी

## अमित शाह करेंगे जनसभा, ओबीसी वोट बैंक पर नजर



जोधपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव हालांकि 2023 यानी अगले साल है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने 2023 की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। खास बात यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर से 2023 चुनाव का शंखनाद करने जा रहे हैं। 10 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर में 10 विधानसभा सीटों के कार्यकर्ताओं में चुनावी जोश भरने के साथ गहलोत को उनके ही गृह नगर में घेरने की तैयारी में जुट गए हैं। दरसअल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर जोधपुर से 2023 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर शंखनाद करने जा रहे हैं। 10 सितंबर को जोधपुर के रावण का चबूतरा मैदान में ओबीसी सम्मेलन के समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जोधपुर जिले की 10 विधानसभा सीटों के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर 2023 के चुनाव में कार्यकर्ताओं को जोड़ने का आह्वान करेंगे।

सबसे खास बात यह है कि और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विधानसभा क्षेत्र सरदारपुरा व शहर विधानसभा क्षेत्र में हो रहे ओबीसी सम्मेलन के तहत अमित शाह गहलोत के गृह नगर के कार्यकर्ताओं से बात कर उनको 2023 की तैयारियों में जुटने का आह्वान करेंगे।

वैसे तो भारतीय जनता पार्टी कई तरह के सम्मेलन प्रदेश भर में कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर जोधपुर में हो रहे ओबीसी कार्यकर्ता सम्मेलन एक तरह से ओबीसी वर्ग के वोट बैंक को साधने की कवायद मानी जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सरदारपुरा विधानसभा वह शहर विधानसभा सीट में ओबीसी वर्ग के वोटों की संख्या काफी ज्यादा है।

पिछले चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शहर विधानसभा से ओबीसी की महिला प्रत्याशी मनीषा पवार को खड़ा कर चुनावी गणित में जीत हासिल कर ली थी।

# सीएम अशोक गहलोत बोले -बधाई हो

## आचार्य प्रमोद ने बताया भावी सीएम

जयपुर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का आज जन्मदिन है। सीएम अशोक गहलोत ने सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई दी है। सीएम गहलोत ने ट्वीट कर लिखा- बधाई हो। जन्मदिन की शुभकमनाएं। आप दीर्घायु हो। स्वस्थ रहे। पायलट आज 45 साल के हो गए हैं। आज सचिन पायलट भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने कन्याकुमारी पहुंचे हैं। यही वजह रही कि उन्होंने अपने राजधानी जयपुर स्थित अपने आवास पर 6 सितंबर को यानी 1 दिन पहले ही जन्मदिन पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन कराया इस कार्यक्रम में बड़ी तादाद में पायलट समर्थक जुटे। पायलट के कार्यक्रम को शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा



गया गया। राजस्थान प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई दी है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और सीएम सलाहकार संयम लोढा ने भी सचिन पायलट को बधाई दी है। कई कांग्रेस नेताओं ने भी सोशल मीडिया के जरिए अपनी शुभकामनाएं पायलट को दी हैं। विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी और कइयों शुभकामनाएं दी हैं। निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा के ट्वीट को माना जा रहा है जिसमें उन्होंने लिखा है कि आप ऐसे ही मुस्कुराते रहें। सचिन पायलट आज सोशल मीडिया ट्रेंड कर रहे हैं।

**आचार्य प्रमोद ने बताया भावी सीएम**

सचिन पायलट समर्थक आचार्य प्रमोद ने पायलट को जन्मदिन की बधाई देते हुए भावी सीएम बताया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी आचार्य प्रमोद पायलट को सीएम बनाने की मांग का खुलकर समर्थन कर चुके हैं। सीएम गहलोत से अदावत रखने वाले और सचिन पायलट के आत्मीय आचार्य प्रमोद ने एक बार फिर बधाई देते हुए सीएम खेमे को संदेश देने की कोशिश की है। उन्होंने भी ट्वीट कर आशीर्वाद दिया है। आचार्य प्रमोद ने एक बार फिर सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई देते हुए भावी मुख्यमंत्री बताया है।

# लंपी से 10 हजार से अधिक गायों की मौत

## प्रशासन की लापरवाही से लोग परेशान



बीकानेर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। बीकानेर में लंपी बीमारी गोवंश पर कहर बनकर टूटी है। जिले में रोजाना 200 से ज्यादा गोवंश दम तोड़ रही है। वहीं अब तक 10 हजार से ज्यादा गायों की मौत हो चुकी है लेकिन प्रशासन इन आंकड़ों को छिपाने में लगा हुआ है। वहीं नगर निगम की असंवेदनशीलता भी सामने आई है। निगम प्रशासन की ओर से बीकानेर शहर से महज पांच किलोमीटर दूर जोरबीर में गायों के शव को खुले में फेंका गया है। हजारों गायों के शवों को जंगली जानवर और चील गिद्ध नोंच रहे हैं। वहीं 3 किलोमिटर तक फैली दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। लोगों पर भी संक्रमण और बीमारी का खतरा मंडरा रहा है।

दूसरी ओर निगम आयुक्त का कहना है कि लंपी से अब तक हुई गायों की मौत का आंकड़ा कम है। गोवंश के शवों को ठेकेदार से सही तरह से निस्तारित करने को कहा गया है। आयुक्त ने बताया कि जोहरबीड़ इलाका मृत पशुओं के लिए बनाया गया है। ठेकेदार के आदमी इन गोवंश की खाल निकालता है और हड्डियां सूखने के बाद बाजार में बेचता है लेकिन अब तक सबसे बड़ा सवाल यही है कि एक और प्रशासन लंपी पर काबू पाने में नाकाम साबित रहा है।

# नकली नोट छपाई के तार पंजाब के लुधियाना से जुड़े, आरोपी गिरफ्तार


बीकानेर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। बीकानेर जिले में सोमवार को नकली नोटों के कागजों के साथ पकड़े गए युवक को पुलिस ने अपराध की पुष्टि के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बज्जू खालसा हाल वैद्य मघाराम कॉलोनी निवासी मनोज पुत्र हंसराज विश्नोई के रूप में हुई है। युवक से करीब 39 हजार के अन फिनिश्ड नकली नोट बरामद हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, एक कागज पर चार नोट सेट किए गए थे। सभी पर गांधी जी का वाटर मार्क और हरी पट्टी थी। आरोपी यह नोट कोरियर के माध्यम से ग्वालियर के माफिया को सप्लाई करता था। पुलिस ने इस मामले में खुलासा किया कि आरोपी सोमवार को निजी कोरियर में एक पार्सल बुक करवाने गया था। वह पहले भी पार्सल भेज चुका था। कोरियर ब्रांच के पास ग्वालियर से सूचना थी। कोरियर ब्रांच को पिछले पार्सल के समय से ही युवक पर शक था। सोमवार को जब उससे पार्सल के बारे में सवाल पूछे तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा था। इस पर पार्सल चेक किया गया तो उसमें नकली नोटों के कागज निकले। प्रत्येक कागज में नोटों के सांचे बने हुए थे।

कोरियर वालों ने उसे बैठाकर पुलिस को सूचना कर दी। जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस आरोपी को थाने ले आई। नकली नोटों के कागजों के संबंध में पूछताछ की गई। आरोपी ने जुर्म कुबूल लिया। पुलिस इस गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगा रही है। मामले की जांच कोटगेट के कार्यवाहक थानाधिकारी राजेंद्र लेघा को दी गई है। एसपी योगेश यादव और एएसपी अमित कुमार के निर्देशन में जांच चल रही है। आईजी बीकानेर ओमप्रकाश पासवान ने भी मामले में संज्ञान लिया।

# आरती कर पुजारी मंदिर में ही फांसी पर लटका

## सुसाइड नोट में लिखा- मैं चोर नहीं हूं, मुझे बदनाम कर दिया



बाड़मेर, 7 सितंबर (एजेंसियां)। बाड़मेर में एक पुजारी ने मंदिर में आरती कर फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुजारी भीमदास (55) के पास एक सुसाइड नोट भी मिला। इसमें लिखा- मैं चोर नहीं हूं मरते समय झूठ नहीं बोल रहा हूं। सबको मेरा आखिरी सलाम। बुधवार सुबह 10 बजे मंदिर पहुंचे भक्तों ने पुजारी को फंदे से लटका देखा। नीचे उतारकर अस्पताल ले गए। तब तक मौत हो चुकी थी। दरअसल, सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात 2 बजे मंदिर में चोरी हो गई थी। इसको लेकर पुलिस ने पुजारी से पूछताछ की थी। इसके बाद से पुजारी परेशान था। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में भी इसका जिक्र किया गया। 'खत्री समाज राम राम सा मैं भीमदास आपके मंदिर का पुजारी। मैंने चोरी नहीं की है। जो भी चोर है आप उसका पता लगाना। मरते समय झूठ नहीं बोल रहा हूं। मेरे पीछे किसी को परेशान मत करना। विवेक बेटा मैंने चोरी नहीं की है। फिर भी मुझे बदनाम कर दिया। अब तक जो भी कमाया मेहनत पर पानी फेर दिया। मेरे पोते को प्यार करना। मेरे बेटे मैं मरना नहीं चाहता और मुझे बदनाम कर दिया।- भीमदास'

दरअसल, समदड़ी कस्बे के बावड़ी चौक से नजदीक खत्री पंचायत भवन में बने रघुनाथ महाराज एवं हिंगलाज माता मंदिर में चोरी हुई थी।

# विद्यार्थियों में जिजीविषा के साथ-साथ जिज्ञासा का भाव जगाएं : प्रो. सर्राजू

## हिंदीतर क्षेत्र में हिंदी शिक्षण पर विशेष व्याख्यान



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. आर.एस.सर्राजू ने कहा कि आदर्श शिक्षक वही है, जो विद्यार्थियों में जिजीविषा के साथ-साथ जिज्ञासा का भाव जगाता हो। बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए जो स्वयं अपने पैर पर खड़ा हो जाए और उसमें आमरण जानने की इच्छा बना रहे। इस तरह के विद्यार्थी ही सही मायने में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में विशेष योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को ऐसी कौशल आधारित शिक्षा दिये जाने का प्रावधान किया गया है। उच्च शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, खैरताबाद के सभागार में विशेष व्याख्यान एवं शिक्षक दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिये प्रो. आर. एस. सर्राजू ने अपने व्याख्यान में शिक्षकों के समाज-सुधार में योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भूमण्डलीकरण का दौर चल रहा है, जिसमें तकनीक बहुत ही महत्वपूर्ण है। समस्त दुनिया भाषा के माध्यम से ही जुड़ी हुई है। इसलिए व्यक्ति को बहुभाषिकता के महत्व को समझना होगा।

कार्यक्रम के आरंभ में मंचासिन सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए पी.जी विभागाध्यक्ष प्रो. संजय एल. मादार ने शिक्षकों के योगदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जीवन में शिक्षक के महत्व को प्रतिपादित किया। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, आंध्र और तेलंगाना की कोषाध्यक्ष श्रीमती शेख जमीला बेगम ने सभी शिक्षकों को बधाई दी और कबीर के दोहों के माध्यम से गुरु के महत्व को समझाया। सभा के प्रबंध निधिपालक शेख़ कासिम ने कहा कि शिक्षक का पद समाज में सर्वोपरि है। शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.एन. मुगुटकर ने सभी शिक्षकों को शुभाकामनाएँ देते हुए उनके दायित्व समझने की अपील की। डॉ. शंकर सिंह ठाकुर ने सभी शिक्षकों के योगदान की प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय भाषण में सभा की सचिव एवं संपर्क अधिकारी श्रीमती ए.जानकी ने सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन पीएच.डी शोधार्थी श्रीमती रूपा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन पीएच.डी शोधार्थी उत्तम प्रसाद ने दिया। इस अवसर पर सरस्वती वंदना एम.ए की छात्रा श्रीमती भारती ने की। इस अवसर पर पी.जी विभाग की एसोसियेट प्रोफसर डॉ. साहिराबानू बी बोरगल को साहित्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में विभाग के पूर्व शोधार्थी डॉ. एस. अमरेन्द्र को उनके उत्तम शिक्षक पुरस्कार से सरकार द्वारा सम्मानित होने पर विभाग की ओर से कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही विभाग के पत्रकारिता डिप्लोमा के छात्र धरम सिंह ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कें सफल बनाने में पीजी विभाग के डॉ. गोरखनाथ तिवारी, डॉ. शक्ति सिंह के अलावा बीएड के डीडी देशाई आदि का विशेष योगदान रहा।

## मिलावटी किराने के सामान के साथ गिरफ्तार

हैदराबाद 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टास्कफोर्स ने नल्लाकुंटा पुलिस के साथ राजस्थान से मिलावटी किराना सामान खरीद कर यहां के डीलरों को बेचने के आरोप में बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने 6.7 लाख रुपये मूल्य का किराने का सामान जब्त किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में काचीगुडा के एक व्यापारी घेवर राम (28) और बेगम बाजार के एक ऑटो चालक अर्जुन राम (21) शामिल है। पुलिस ने कहा कि राजस्थान का मूल निवासी घेवर राम कुछ साल पहले शहर आया था और कुछ समय के लिए गोशामहल के एक प्रोविज़न स्टोर में दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करता था। उन्होंने अपने दोस्त अर्जुन राम के साथ मिलावटी किराना सामान बेचने और आसान पैसा बनाने का फैसला किया। उसने राजस्थान और गुजरात के डीलरों से मिलावटी सामान जैसे चाय पाउडर, नारियल तेल, डिटर्जेंट, शैंपू, मच्छर भगाने वाले तरल पदार्थ आदि खरीदे और राज्य भर के डीलरों को आपूर्ति की।

# मुधोल में डीजे की अनुमति से शोभा यात्रा प्रारंभ



भैंसा, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंडल केंद्र मुधोल में मंगलवार की रात विनायक विसर्जन उत्सव शोभायात्रा के दौरान साउंड सिस्टम को लेकर ग्रामीणों और पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। बाद में शोभायात्रा के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच हल्की नोकझोंक हुई। ग्रामीणों और युवकों ने भगवान गणेश की शोभायात्रा को रोका। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों की एक नहीं सुनी। विसर्जन समारोह मंगलवार की रात से बंद रहा बुधवार की सुबह पुलिस व ग्रामीणों ने विनायक परिषद के सदस्यों से चर्चा की। युवाओं ने पुलिस की एक नहीं सुनी तो चर्चाओं में गतिरोध आ गया। ग्रामीणों और युवाओं ने उनकी शोभायात्रा रोकने वाले रिजर्व एसआई श्रीनिवास के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। स्थानीय शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों और युवाओं ने विशेष बैठक की। बाद में, उन्होंने रुके हुए विनायक निमाज्जनोत्सवम पर चर्चा की। उत्सव समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर अधिकारियों से कई मांगें उठाईं। यह निर्णय लिया गया कि पुलिस अधिकारी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न करें और हर साल नौ दिन साउंड सिस्टम और विसर्जन की अनुमति भी दें। पुलिस अधिकारियों ने आकर शोभायात्रा में तीन बॉक्स की अनुमति दी और युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए ग्रामीणों को बरोसा भी दिया। नतीजा यह हुआ कि समस्या का समाधान तब हुआ जब ग्रामीणों और युवकों ने कहा कि वे बुधवार की रात विसर्जन समारोह शुरू करेंगे। पुलिस अधिकारियों ने सभी को सहयोग करने की सलाह दी ताकि विनायक शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।



विट्ठलवाड़ी, हिमायतनगर में स्थापित गणेश पंडाल में पूजा-अर्चना करते हुए जैन समाज के पद्मचंद बफणा, अनिल अग्रवाल, मुकेश कुमार गोयंका, अमित बफणा, तन्वी अग्रवाल व अन्य।

## एक सप्ताह से चल रहे तनाव भूख-हड़ताल समाप्त



मदनूर, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल में एक सप्ताह से चल रहे तनाव को पूर्ण विराम मिला। मिली समाचार के मुताबित लिगायत समाज प्रतिनिधियों के साथ साथ विविध समाज के प्रतिनिधियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बुधवार के दिन बांसवाड़ा आरडीओ कार्यालय में आरडीओ राजेश्वर के नेतृत्व में महात्मा बसवेश्वर व शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थापना के बारे में विविध पार्टी के साथ विविध समाज प्रतिनिधियों की एक सभा बुलाई गई। इस सभा में बताया गया है कि मंडल केंद्र में महात्मा बसवेश्वर के चबूतरे के ऊपर बसवेश्वर की ही प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस के साथ साथ इस प्रतिमा के बाजुमे और एक नया चबूतरा बनाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की भी स्थापना की जायेगी। इस समय डोंगला सोसायटी अध्यक्ष राम पाटिल, बसंत राव पाटील लीबूर, कोग्रेज़ पार्टी युवजना जिला अध्यक्ष गजू पटेल, कृषि बाजार समिति उपाध्यक्ष अशोक पाटील, भाजपा नेता अरुण पटेल ने मंगलवार से भूख हड़ताल पर बैठे मदनूर मंडल लिगायत समाज अध्यक्ष पंडित राव पटेल को शरबत पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई।



रामदेव कीर्तन संगम मंदिर ट्रस्ट, रामदेवरा दरबार शिवरामपल्ली द्वारा विशेष सहयोग देने पर समाजसेवी धर्माराम ढाका, दोलाराम कड़वा, हणुतराम खोखर का मंदिर चेयरमैन श्यामसुंदर गिलडा ने सम्मान किया।



अलवाल कनाजीगुड़ा में आयोजित 'एक शाम गौ माता के नाम' भजन कार्यक्रम में दिनेश नाथ ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसमें उपस्थित विश्वमंगल गौशाला के मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार, दिनेश सीरवी, लुंबाराम, दुर्गाराम, शिमलाराम, चैथाराम, सजाराम व समस्त सीरवी समाज बंधु।



ऋषिश्रृंग भवन पर रामदेव बाबा के जागरण पर प्रमुख भजन गायक सुशील बजाज का सम्मान करते हुए गज्जुभाई कोलरीया, रामदेव नागला, राजेश अग्रवाल, नरपत जोशी, मूलचंद जैन व अन्य।



माधोपुर विठ्ठलराव नगर सोलिटेयर हारमोनी में गणपति भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर सामूहिक आरती की गई। इसमें भाग लेती हुईं राष्ट्रीय चेतना सेवा समीति तेलांगना प्रदेश अध्यक्षा अरुणा गुप्ता, महा आरती के लिए विशेष रुप से पधारीं परमेश्वरी शर्मा, विजया, अनिल एवं शिरिषा, नम्रता, रमा, माधवी, सरोज, वैन्नारसी श्रावंति, भाग्यलक्ष्मी व अन्य।

सुलतानशाही गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान गणेश व वल्मीकि की पूजा अर्चना करते हुए पूर्व विधायक विष्णुवर्धन रेड्डी, रामकृष्णा, पी. रजेश व अन्य।





नवयुवक समिति द्वारा स्थापित गणेश मंडप में पूजा-अर्चना करते हुए लड्डू यादव, एनआर लक्ष्मण राव, सूर्य शुक्ला, अजीत हिंदुजा, गुरु सिंह और अन्य।



मित्र यूथ एसोसिएशन, चत्रिनाका में 55वां गणेश नवरात्रि उत्सव पर गणेश जी का दीपोत्सव किया गया और बाद में विशेष पूजा की गई। इसमें भाग लेते हुए समिति के महासचिव एस.पी.क्रांति कुमार, प्रतिनिधि बी.वरुण कुमार, टी.रवि किरण, सी.रघु, कोटेश, बी.निथिन कुमार, बी.वेंकटेश चारी, बी.ललिता, बी.जया लक्ष्मी और स्थानीय भक्त।



आदर्श लारी ओनर एसोसिएशन, सिकंदराबाद द्वारा 47 वर्षो से लगातार वाईएमसीए सिकंदराबाद में गणेश पूजा की जा रही है। समाजसेवी रोहित देव शर्मा ने गणेश पूजा में भाग लिया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डी. मोतिआलो, पूर्व अध्यक्ष नरसिम्मा गौड़, महासचिव डी. पेंटस, उपाध्यक्ष विनय कुमार यादव, बिजेन्द्र गुप्ता, श्रीनिवास आदि उपस्थित रहे।



जामबाग मंडल के पार्षद राकेश जायसवाल ने आगामी गणेश विसर्जन की व्यवस्थाओं में लापरवाही बरतने पर राज्य सरकार के खिलाफ एमजे मार्केट क्रॉस रोड पर भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति द्वारा दिए गए रास्ता रोको भाग लिया। इस अवसर पर श्रीराम व्यास, शंकर यादव, वैकुंठम, शशिकला आदि ने भी भाग लिया।



राणा प्रताप युवासेना द्वारा स्थापित गणेश पंडाल में पूजा-अर्चना करने पहुंचे छावनी बोर्ड के सीईओ अजीत रेड्डी और इंजीनियर फणी कुमार, जंपन्ना प्रताप व अन्य।

## हिन्दी महाविद्यालय में मना शिक्षक दिवस



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में समिति के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, मानद मंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा, प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल, उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपुरकर तथा डॉ.बी. श्रीदेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा गुरु की महिमा के गुणगान के साथ हुआ। श्यामसुंदर मूंदड़ा ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी। कोषाध्यक्ष एस. बी. काबरा ने सभी शिक्षकों को अनुशासित रहते हुए महाविद्यालय में 'ड्रेस कोड' अपनाने का सुझाव दिया। मानदमंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सभी शिक्षकों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में प्राध्यापकों के लिए आयोजित की गई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ थीं। स्पर्धा में विजित शिक्षकों को समिति के पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक कु. लहरी तथा श्रीमती नीता कुलकर्णी ने किया तथा आभार ज्ञापन उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने किया।



एचआर सदन गणेश उत्सव समिति द्वारा घोष महल में स्थापित गणेश पंडाल में उपस्थित बिहारी सिंह, कल्पना, सुदेश सिंह, रणजीत सिंह और वीरेश सिंह।

## दूसरे पृष्ठ का शेष भाग

### कैबिनेट ने दी ...

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस संशोधन में प्रति वर्ष भूमि के बाजार मूल्य के 1.5% की दर से 35 वर्ष की अवधि तक कार्गो के लिए और कार्गो से संबंधित गतिविधियों के लिए रेलवे की भूमि की लॉन्ग टर्म लीजिंग का प्रावधान किया गया है। अगले 5 वर्षों में 300 से ज्यादा पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे। 1,25,000 से ज्यादा रोज़गार के अवसर इसमें होंगे। इससे माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी भी होगी।

### देशभर में इनकम ...

दिल्ली स्थित स्वतंत्र थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में भी आईटी ने छापेमारी की है। यह कार्वाई हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में हो रही आयकर विभाग की छापेमारी से जुड़ी है। अभी गवर्निंग बोर्ड की चेयरपर्सन मीनाक्षी गोपीनाथ हैं। राजनीतिक वैज्ञानिक गोपीनाथ जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ाती थीं और नई दिल्ली में लेडी श्रीराम कॉलेज की प्रिंसिपल रही हैं। इसकी प्रेसिडेंट और चीफ एग्जीक्यूटिव यामिनी अय्यर हैं। इसके बोर्ड मेंबर में पूर्व विदेश सचिव श्याम सरण और आईआईएम के प्रोफेसर रामा बिजापुरकर शामिल हैं। भाजपा सरकार के एक प्रमुख आलोचक और शिक्षाविद प्रताप भानु मेहता भी इस सेंटर के प्रमुख रह चुके हैं।

चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार ने रेवेन्यू डिपार्टमेंट को लिखा था कि जो राजनीतिक दल बोगस फंड्स में शामिल हैं, उनके खिलाफ एक्शन लिया जाए। ये पार्टियां नियमों का पालन किए बगैर चंदा ले रही थीं। आईटी विभाग के अनुसार 199 रजिस्टर्ड हैं, लेकिन गैर मान्यता प्राप्त 219 राजनीतिक पार्टियों ने 2019-20 में 608 करोड़ रुपए छूट का दावा आईटी विभाग में किया था।

### पहली बार सुप्रीम कोर्ट ...

तो जस्टिस एमआर शाह ने उनसे कहा कि हमें भी ट्रेनिंग मिली है, एक न एक दिन आपको भी शुरू करना ही होगा। वहीं, जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सेक्रेटरी जनरल और आईटी सेल के हेड टेक्नोलॉजी के उस्ताद हैं। वे शनिवार को इसका इस्तेमाल सिखाने के लिए सीनियर्स को ट्रेनिंग देने तैयार हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि "यदि आप कोर्ट में बहस कर सकते हैं, तो आप इसे भी आसानी से अपना सकते हैं।

कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच ने राजधानी में आईएएस पर कंट्रोल को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद मामले में सुनवाई शुरू करने 11 अक्टूबर की डेट दी है। बेंच ने आदेश में कहा कार्यवाही पेपरलेस होनी चाहिए। रजिस्ट्री को पेपरबुक्स को स्कैन करके बेंच और पार्टियों को देने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली-एलजी मामले के अलावा यह संविधान पीठ शिवसेना विवाद, नागरिकता कानून की धारा 6ए की वैधता और अनुच्छेद 334 के तहत लोकसभा और विधानसभा में एससी/एसटी को दिए गए आरक्षण से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है।

# श्रीलंका से हार पर रोहित का अटपटा बयान

## भारत–पाकिस्तान फाइनल के सवाल पर इंडियन कैप्टन बोले– होगा, टेंशन क्यों ले रहे हो

दुबई, 7 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप में श्रीलंका से मिली हार के बाद भारत की फाइनल में पहुंचने की उम्मीद करीब-करीब खत्म हो गई है, लेकिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इस पर हुए एक सवाल का अटपटा जवाब दिया है। मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे टीम की हार, परफॉर्मेंस और टी-20 वर्ल्ड कप पर बात कर रहे थे। इस दौरान उनसे पूछा गया कि एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के फाइनल को फैंस अब मिस कर रहे हैं। इस पर रोहित ने जवाब दिया- होगा ना, टेंशन क्यों ले रहे हो।

रोहित ने हार के बाद तनाव और निराशा पर कहा- मुझे नहीं लगता कि कुछ गलत है। बाहर से ऐसा लग सकता है, लेकिन हम इसे इस तरह से नहीं देख रहे हैं। मैं कई प्रेस कॉन्फ्रेंस में रह चुका हूं। जब आप हारते हैं तो आपसे सवाल पूछे जाते हैं। ये नॉर्मल है। जहां तक टीम की बात है तो आप ड्रेसिंग रूम जा सकते हैं और देख सकते हैं कि लड़के शांत हैं और रिलैक्स हैं। आप जीतें या हारें... हमें ऐसा ही माहौल चाहिए।

वर्ल्ड कप से पहले यह जरूरी है कि ऐसा वातावरण हो, जिसमें हार-जीत, परफॉर्मेंस या फेलियर से खिलाड़ियों का आकलन न किया जाए] क्योंकि जो यहां तक पहुंचे हैं वो सभी अच्छे हैं। हमें उनके साथ चलना होगा।




छठा बॉलिंग ऑप्शनः रोहित ने कहा- 'यह एक अच्छा कॉम्बिनेशन है। हमने इस कॉम्बिनेशन के साथ मैच भी खेले हैं। जब हम वर्ल्ड कप में जाएंगे तो यह हमारी सोच रहेगी कि हमें ऐसे कॉम्बिनेशन के साथ खेलना है, जिसमें छठा बॉलिंग ऑप्शन आपके पास हो। ऑप्शन भी है हमारे पास और जब हम वर्ल्ड कप में जाएंगे तो इस कॉम्बिनेशन के साथ खेलने की कोशिश करेंगे।

कमी कहीं नहीं है, क्वॉलिटी तो टीम में है। इतने मैच खेले। जीते भी। मुझे लगता है कि आईसीसी में अपोजिशन अलग-अलग होते हैं। जबकि द्विपक्षीय सीरीज में हम एक ही अपोजिशन के खिलाफ खेलते हैं, तो हमें पता होता है कि पिछले मैच में उसके क्या प्लान थे और वह क्या कर सकता है।

90-95% एक्सपेरिमेंट हो चुके, कुछ बदलाव होंगेः वर्ल्ड कप से पहले एक्सपेरिमेंट के सवाल पर रोहित ने कहा- 90-95% एक्सपेरिमेंट हो चुके हैं, कुछ बदलाव होंगे। हम कुछ चीजें ट्राई करना चाह रहे थे खास कॉम्बिनेशन पर। एशिया कप की शुरुआत से पहले हम 4 सीमर्स, 2 स्पिनर्स (जिसमें दूसरा स्पिनर ऑल राउंडर था।) के साथ उतरे। हम जानना चाह रहे थे कि किस कॉम्बिनेशन का क्या रिजल्ट निकलता है। हमने 3 स्पिनर्स भी खिलाए, जिसमें तीसरा स्पिनर ऑल राउंडर था।

टीम में एक्सपेरिमेंटः कैप्टन ने कहा, 'जब आप बड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ होते हैं, तब आप खुद को चैलेंज करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि यही चीजें मिस हो रही थीं।

हमने पहले ऐसा कॉम्बिनेशन यूज नहीं किया। हम देखना चाह रहे थे कि क्या होता है। पिछली कुछ सीरीज में भी हमें सवालों के जवाब मिले हैं। हमने बदलाव भी किए हैं। एक-दो सीरीज और बची हैं, उनमें भी प्रयोग हो सकते हैं। फिर वर्ल्ड कप। हालांकि अभी मुझे नहीं पता है कि टीम कब डिक्लेयर होगी।'

सुपरलीग के 2 मैचों में हारः मुझे नहीं लगता कि इन 2 हार की वजह से हमें चिंता करनी चाहिए। हाल ही में हमने बहुत सारे मुकाबले जीते हैं। एक्सीपीरियंस प्लेयर्स का आउट होना या रन खाना। यह सब नॉर्मल है, होता रहता है। भुवी ने हमें डेथ ओवर्स में बहुत सारे मैच जिताए हैं। मुझे नहीं लगता कि एक-दो मैच हारने से उनको जज करना चाहिए।

श्रीलंका के खिलाफ मैचः श्रीलंका के खिलाफ मैच पर बोले- 10-15 रन कम बने थे। शुरुआत उतनी अच्छी नहीं मिली, क्योंकि विकेट गिर गए थे। बीच के ओवर में हमने अच्छा खेला, लेकिन आखिर में हमारी बैटिंग स्कोर को फिनिश नहीं कर सकी। हमारे स्पिनर्स ने जरूर कम बैक करने का एक मौका दिया, लेकिन हम भुना नहीं सके। डेथ ओवर्स में हमने अच्छा किया।

# वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका टीम का ऐलान

## चोट के कारण रासी वान डर दुसेन हुए बाहर, वर्ल्ड कप से पहले भारत के खिलाफ अफ्रीका खेलेगी सीरीज

जोहान्सबर्ग, 7 सितंबर (एजेंसियां)। इस साल अक्टूबर में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम से स्टार बल्लेबाज रासी वान डर दुसेन चोट के कारण बाहर हो गए हैं। वहीं, टीम की कमान टेम्बा बावुमा को दी गई है। वहीं, कोलपैक डील से वापसी करने वाले रिली रोसो भी टीम का हिस्सा होंगे। टीम ने दो फॉस्ट बॉलिंग ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस और वेन पार्नेल को भी टीम का हिस्सा बनाया है।




वहीं, एंडिले फेहलुकवायो, जॉर्न फॉर्टुइन और मार्को जानसेन रिजर्व प्लेयर होंगे।

साउथ अफ्रीका की पूरी टीमः टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रीजा हैंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वेन पार्नेल, लुंगी एनगिडी,एनरिक नॉर्त्या, ड्वेन प्रिटोरियस, कगिसो रबाडा, रिली रोसो, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**सितंबर के अंत में भारत से टी-20 सीरीज**

साउथ अफ्रीका सितंबर के अंत में 3 टी-20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलने के लिए भारत का दौरा करेगी। इस सीरीज के लिए अभी टीम का ऐलान नहीं किया गया है।

**इंग्लैंड के दौरे पर है साउथ अफ्रीका**

अभी साउथ अफ्रीका इंग्लैंड के दौरे पर है। साउथ अफ्रीका को इस दौरे पर कुल 9 मुकाबले खेलने है। इन 9 मैचों में 3 मुकाबले टी-20 के थे। सीरीज को साउथ अफ्रीका ने 2-1 से जीता था। रीजा हेंड्रिक्स ने 60 की औसत से 180 रन बनाए थे और इस सीरीज मे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। रीजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का भी खिताब दिया गया था।

# चैंपियंस लीग में पहला मैच हारने पर चेल्सी ने कोच को हटाया, ग्राहम पॉटर बन सकते हैं नए मैनेजर

लंदन, 7 सितंबर (एजेंसियां)। टुचेल को जनवरी 2021 में फ्रैंक लैंपार्ड की जगह टीम का मैनेजर बनाया गया था। उन्होंने मई में क्लब को चैंपियंस लीग में चैंपियन बना दिया। इसके अलावा वह सुपर कप और क्लब वर्ल्ड कप भी जीतने में कामयाब रहे थे। यूईएफए चैंपियंस लीग में मंगलवार (छह सितंबर) को पहले मैच में मिली हार के बाद इंग्लैंड के क्लब चेल्सी ने कोच थॉमस टुचेल को बर्खास्त कर दिया है। क्लब ने बुधवार को इसकी घोषणा की। चेल्सी को क्रोएशिया के क्लब डिनामो जगरेब ने 1-0 से हराकर चौंका दिया। टुचेल पर यह भारी पड़ गई। प्रीमियर लीग में चेल्सी फिलहाल टॉप-5 से बाहर है। वह छह मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। टीम का एक मैच ड्रॉ रहा था। चेल्सी के 10 अंक हैं।



टुचेल को जनवरी 2021 में फ्रैंक लैंपार्ड की जगह टीम का मैनेजर बनाया गया था। उन्होंने मई में क्लब को चैंपियंस लीग में चैंपियन बना दिया। इसके अलावा वह सुपर कप और क्लब वर्ल्ड कप भी जीतने में कामयाब रहे थे। टुचेल को बाहर किए जाने की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी। नए सह-मालिक टॉप बोएहली के साथ उनके रिश्ते अच्छे नहीं थे। दोनों के बीच खिलाड़ियों की ट्रांसफर पॉलिसी पर मतभेद था। बोएहली ने क्लब खरीदने के 100 दिन बाद टुचेल को हटा दिया।

चेल्सी ने इस बार ट्रांसफर मार्केट में नौ खिलाड़ियों के लिए 250 मिलियन यूरो खर्च किए थे। इनमें आर्सेनल और बार्सिलोना के पूर्व खिलाड़ी पियरे-एमेरिक आउबामेयांग भी शामिल हैं। टुचेल और आउबामेयांग बोरुसिया डॉर्टमंड में एक साथ काम कर चुके थे। चेल्सी टुचेल की जगह ब्राइटन के मैनेजर ग्राहम पॉटर को नया कोच बनाना चाहता है। इसके लिए उसने ब्राइटन से संपर्क भी किया है।

टुचेल को हटाने के बाद चेल्सी ने अपने बयान में कहा, "चेल्सी एफसी में सभी की ओर से क्लब थॉमस और उनके कर्मचारियों को क्लब के साथ अपने समय के दौरान उनके सभी प्रयासों के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहता है। अपने समय में यहां चैंपियंस लीग, सुपर कप और क्लब विश्व कप जीतने वाले थॉमस का चेल्सी के इतिहास में याद किए जाएंगे।"

# नेपाल के कप्तान संदीप लामिछाने पर लगा दुष्कर्म का आरोप

## 17 साल की नाबालिग ने लगाया आरोप; पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

काठमांडू, 7 सितंबर (एजेंसियां)। नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान संदीप लामिछाने पर दुष्कर्म के आरोप लगे हैं। एक 17 साल की नाबालिग युवती ने उन पर आरोप लगाया है। मामले की जांच जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, काठमांडू में मेडिकल जांच के बाद लामिछाने पर मामला दर्ज किया है। फिलहाल वे नेपाल की ओर से केन्या में क्रिकेट खेल रहे हैं।

22 साल के लामिछाने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से IPL में हिस्सा ले चुके हैं। उन्हें उभरता सितारा बताया जा रहा था।

**आईपीएल में ले चुके हैं 13 विकेट**



संदीप एक लेग स्पिनर हैं। वे आईपीएल खेलने वाले नेपाल के पहले खिलाड़ी बने हैं। लामिछाने IPL के 9 मुकाबलों में 13 विकेट चटका चुके हैं। लामिछाने ने साल 2018 में दिल्ली की ओर से भारतीय लीग में डेब्यू किया था।

दाएं हाथ के गेंदबाज 20 लाख के प्राइस पर बिके थे। 2016 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में संदीप ने शानदार प्रदर्शन किया था। तब नेपाल की टीम वर्ल्ड कप के 8वें नंबर पर रही थी।

**4 साल के इंटरनेशनल करियर में 23 टीमों से खेल चुके हैं**

संदीप अपने 4 साल के इंटरनेशनल करियर में 23 टीमों से खेल चुके हैं। इसमें भारत, पाकिस्तान, नेपाल और ऑस्ट्रेलिया की लीग के अलावा दुनियाभर की लीगों का अहम हिस्सा है। संदीप ने अब तक नेपाल के लिए 30 वनडे और 44 टी-20 खेले हैं। 30 वनडे में उनके नाम 69 विकेट और 44 टी-20 इंटरनेशनल में 85 विकेट हैं।

**136 टी-20 में 193 विकेट ले चुके हैं**

अलग-अलग लीग और टूर्नामेंट में संदीप ने दुनियाभर की लीगों को मिलाकर कुल 136 टी-20 खेले हैं। इसमें उन्होंने 193 विकेट चटकाए हैं। उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में तीन विकेट और लिस्ट-ए में उनके नाम 115 विकेट हैं।

# इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए किया प्लेइंग XI का ऐलान, हैरी ब्रुक करेंगे डेब्यू

लंदन, 7 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार (8 सितंबर) से शुरू वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी प्लेइंग XI की घोषणा कर दी है।



दोनों टीमों के बीच अंतिम टेस्ट लंदन के ओवल मैदान पर खेला जाएगा। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रुक इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने जा रहे हैं।

उन्हें चोटिल जॉनी बेयरस्टो की जगह टीम में चुना गया है। 23 साल के ब्रुक ने काउंटी चैंपियनशिप में 107.44 की औसत से 967 रन बनाए हैं। इसमें उनके खाते में तीन सेंचुरी भी दर्ज है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में 140 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी।

दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट पारी और 12 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन इसके बाद इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट मे बेहतरीन वापसी करते हुए पारी और 85 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया था। दोनों टीमों के इस समय सीरीज में 1-1 की बराबरी पर है।

तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवनः एलेक्स लीस, जैक क्रॉली, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स (विकेटकीपर), स्टुअर्ट ब्रॉड, ओली रॉबिन्सन, जैक लीच, जेम्स एंडरसन।

# केएल राहुल-अथिया अगले साल शादी करेंगे

## टी–20 वर्ल्ड कप के बाद जनवरी में विवाह बंधन में बंधेंगे, बीसीसीआई को खुद क्रिकेटर ने दी जानकारी

मुंबई, 7 सितंबर (एजेंसियां)। अथिया शेट्टी और भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल अपने रिलेशन की खबरों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आए दिन दोनों की शादी की खबरें भी आती हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि केएल राहुल अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड से अगले साल जनवरी में शादी करेंगे।

सूत्र के मुताबिक, केएल राहुल ने बीसीसीअई को बताया कि वे अगले साल अथिया से शादी करेंगे। कपल टी-20 वर्ल्ड कप और न्यूजीलैंड टूर के बाद महाराष्ट्र में शादी करेगा। यही बात अथिया के परिवार की तरफ से भी बताई गई है। इसके पहले रिपोर्ट्स में बताया गया था कि राहुल-अथिया की शादी सुनील शेट्टी के खंडाला स्थित बंगले जहान में होगी। बता दें, कपल 3 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।




अथिया और राहुल मुंबई के बांद्रा स्थित पाली हिल में संधु पैलेस नाम की बिल्डिंग में सी-फेसिंग 4BHK अपार्टमेंट में साथ रह रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ दिनों पहले इसी घर में वेडिंग ऑर्गनाइजर्स भी रेकी के लिए गए थे। कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि कंपनी ने तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के कुछ फंक्शन इस घर में होगें। हालांकि अभी तक शादी की तारीख तय नहीं हुई है।

केएल राहुल इन दिनों एशिया कप में बिजी हैं। हालांकि राहुल यहां अपने खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। मंगलवार को श्रीलंका के साथ हुए मैच में उन्होंने 7 बॉल का सामना किया और सिर्फ 6 रन बना पाए। दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर राहुल आगे बढ़ के बड़ा खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल जाकर उनके जूते पर लगी। श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने जोरदार अपील की और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। 4 मैचों में उन्होंने कुल 70 रन ही बनाए हैं। वहीं उनका स्ट्राइक रेट 104.47 का रहा।

कुछ दिनों पहले एक इवेंट में पहुंचे सुनील से रिपोर्टर ने अथिया और केएल राहुल की शादी के बारे में पूछा था। इसका जवाब देते हुए सुनील ने कहा, मुझे लगता है जैसे ही बच्चे तय करेंगे तभी शादी होगी। राहुल का शेड्यूल अभी बहुत बिजी है। अभी एशिया कप है, वर्ल्ड कप फिर साउथ अफ्रीका टूर और ऑस्ट्रेलिया टूर है।

# जीत के बाद पगला गई महिला बॉक्सर

## टीशर्ट ऊपर कर मनाया जश्न



खेल डेस्क, 7 सितंबर (एजेंसियां)। अकसर जीत के बाद आपने एक से बढ़कर एक जश्न देखे होंगे. कभी खिलाड़ी मैदान में फिसलते हैं, तो कभी डांस करते हैं. लेकिन एक महिला बॉक्सर ने तो जश्न मनाने की सारी हदें ही तोड़ दी. वो जीत के बाद इस कदर पगला गई कि उसने अपनी टीशर्ट ही उठा दी.

बात हो रही है किक बॉक्सर ताय एमिरी की जिन्होंने बेयर नकल फाइटिंग चैंपियनशिप में अपना डेब्यू किया और शानदार जीत दर्ज की. 35 साल की इस खिलाड़ी ने एक अपरकट लगाकर अपनी विरोधी को नॉक आउट कर दिया और जीत के बाद वो रिंग के ऊपर चढ़ गई और फिर जो हुआ उसे देख सब दंग रह गए. ताय एमिरी ने अपनी टीशर्ट ऊपर कर दी और उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. बता दें ताय एमिरी पिछले एक साल से बेयर नकल फाइटिंग चैंपियनशिप में खेलना चाह रही थीं लेकिन उन्हें स्पॉन्सर नहीं मिल पा रहा था. इसके बाद ताय एमिरी को केंड्रा लस्ट ने स्पॉन्सर किया जो कि एक पॉर्न स्टार हैं.

ताय एमिरी की जीत के बाद केंड्रा लस्ट ने उन्हें बधाई दी. केंड्रा ने कहा, 'जीत के लिए मुबारकबाद ताय एमिरी. बीकेएफसी में आपकी जीत कमाल है. पहला ही राउंड नॉक आउट. आपको स्पॉन्सर करना सौभाग्या की बात है और जीत के बाद आपका जश्न किसी भी खेल में बेस्ट था.'

ताय एमिरी ने भी केंड्रा लस्ट का शुक्रिया अदा किया. उन्होंने लिखा, 'आपकी वजह से मैं ट्रेनिंग कर पा रही हूं. आपकी वजह से मेरे सिर पर छत है और मैं खाना खा पा रही हूं. मैं हमेशा लस्ट आर्मी की सिपाही रहूंगी. शुक्रिया.'

# वसीम और वकार ने प्लेन को कहा रिक्शा

## पाकिस्तान के पूर्व पेसर्स बोले– पेट्रोल–डीजल चेक हो चुका और अब ड्राइवर ऑयल चेक करेगा




पायलट के साथ वसीम और वकार की मस्ती

दुबई, 7 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम, वकार युनुस और एक्टर व पायलट फक्र-ए-आलम के साथ मस्ती करते दिखे हैं। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे साथी गेंदबाज और एक्टर के साथ मस्ती कर रहे हैं और पीछे एक एयरक्रॉफ्ट दिखाई दे रहा है। इस वीडियो में वकार प्लेन की ओर इशारा करके वसीम से पूछते हैं- 'भाई जान इस रिक्शे का ड्राइवर कौन है?' जवाब में वसीम जवाब देते हैं- 'रिक्शे का ड्राइवर मिल जाए तो उससे चेक करा लें, कि इसमें पेट्रोल डाला जाएगा या डीजल। वो ये भी चेक कर लें कि ऑयल है या नहीं।' जिसके बाद दोनों हंसने लगते हैं।

तभी फक्र की एंट्री होती है। वो कहते हैं- 'भाईजान इस रिक्शे का ड्राइवर मैं हूं, लेकिन अगर आपने मेरे ऊपर हाथ हौला नहीं रखा तो याद रखिए मैं ही आपको इस रिक्शे में लेकर जाने वाला हूं।'

जवाब में वसीम भी हंसते हुए कहते हैं 'मैं दुआ कर रहा हूं अपने लिए।' यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब पसंद किया जा रहा है।

**एक साथ बड़े पर्दे पर दिखेंगे वसीम-फवाद**

अकरम फवाद खान की फिल्म मनी बैक गारंटी में नजर आने वाले हैं। एक दिन पहले इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ था। वसीम ने मंगलवार को यह फोटो भी पोस्ट की थी। फवाद इस फिल्म में लीड रोल प्ले कर रहे हैं।

# गर्सिया और रूड की एकतरफा जीत

## पहले ग्रैंड स्लैम खिताब के करीब पहुंचे

खेल डेस्क, 7 सितंबर (एजेंसियां)। यूएस ओपन के महिला एवं पुरुष वर्ग में जिन 16 खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई उनमें से 15 खिलाड़ियों ने अभी तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीता है.



कैरोलिन गर्सिया और कैस्पर रूड ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर यूएस ओपन 2022 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली.

दोनों ही खिलाड़ियों ने एकतरफा अंदाज में जीत हासिल की. हैरानी की बात यह है कि इस बार क्वार्टरफाइनल में कोई भी बड़ा खिलाड़ी नहीं पहुंच पाया था. 23 ग्रैंड स्लैम जीतने वाली सेरेना विलियम्स, महान खिलाड़ी राफेल नडाल भी पहले ही बाहर हो चुके हैं.

**कोको गॉफ को मिली हार**

गर्सिया ने आर्थर ऐस स्टेडियम में अमेरिका की कोको गॉफ को 6-3, 6-4 से पराजित किया. फ्रांस की या खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची है. उन्होंने इस साल अभी तक फ्लशिंग मीडोज में एक भी सेट नहीं गंवाया है.

गर्सिया 2018 में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई थी लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और पिछले सत्र में और 74 वें स्थान पर खिसक गई थी. उनके अगले सप्ताह जारी होने वाली रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने की संभावना है.

**पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची जला टॉमलजानोविच**

यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाने के लिए गर्सिया का सामना अब ट्यूनीशिया की विंबलडन की उपविजेता ओंस जाबूर से होगा. जाबूर ने तीसरे दौर में सेरेना विलियम्स को हराने वाली अजला टॉमलजानोविच को 6-4, 7-6 (4) से हराकर पहली बार यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई.

ेपुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नार्वे के पांचवीं वरीयता प्राप्त रूड ने 13वें वरीय माटेओ बेरेटिनी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 7-6 (4) से हराया और अब उनका सामना 23वें वरीय निक किर्गियोस या 27वें वरीय करेन खाचानोव से होगा.

## तेलंगाना उच्च न्यायालय का राज्य सरकार को आदेश, स्नो वर्ल्ड को मालिकों को सौंपे

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी. विजयसेन रेड्डी ने बुधवार को राज्य सरकार को स्नो वर्ल्ड की सील को हटाने और लाइसेंसधारी को फिर से सौंपने का निर्देश दिया। लाइसेंसधारी ने 30 साल बाद उक्त थीम पार्क के संचालन और हस्तांतरण के लिए एक समझौता किया, जो मूल रूप से एक एकीकृत परिसर का हिस्सा है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि जब स्नो वर्ल्ड को ऑपरेशन के लिए दिया गया था, तो इसमें फूड कोर्ट, बुटीक, होटल और बहुमंजिला पार्किंग भी शामिल थी। आसपास के कूड़े के ढेर को हटाने पर भी सहमति बनी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि समाप्ति का एक पूर्व आदेश एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण के समक्ष लिया गया था जिसमें लाइसेंसधारी को 11 करोड़ रुपये का भुगतान करने और सरकार को स्नो वर्ल्ड को फिर से खोलने की आवश्यकता थी। उक्त आदेश के विरुद्ध एक अपील वाणिज्यिक न्यायालय में विचाराधीन है। वर्तमान रिट याचिका में, न्यायाधीश ने कहा कि यदि रकम बकाया है, तो प्रथम दृष्टया, सरकार को आगे बढ़ना चाहिए और मध्यस्थता अधिनियम के तहत अपने उपायों पर काम करना चाहिए और परिसर को सील नहीं करना चाहिए।

तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी. विजयसेन रेड्डी ने बुधवार को वर्ष 1998 में भूमि अधिग्रहण पर एक मामले की अनिर्णायक सुनवाई की। न्यायाधीश नागोले निवासी डंडा माधव रेड्डी और 25 अन्य लोगों द्वारा अपनी भूमि के अधिग्रहण को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। एसवाई नंबर .326 भूपालपल्ली गांव, जयशंकर भूपालपल्ली जिले में 5 एकड़ में फैला हुआ है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 1998 में विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास केंद्र के निर्माण के लिए उनकी भूमि ली गई थी, लेकिन तब से भूमि को खाली रखा गया और उपयोग में नहीं लाया गया। इस आधार पर याचिकाकर्ताओं ने अपनी जमीनों की अधिसूचना रद्द करने की मांग की। न्यायाधीश ने यह देखते हुए कि याचिकाकर्ताओं ने एक वैध कानूनी सवाल उठाया, याचिकाकर्ताओं के वकील को अतिरिक्त सामग्री दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले को 10 अक्टूबर को स्थगित कर दिया।

# एमएलसी कविता ने बीजेपी व निर्मला सीतारमण पर साधा निशाना

### केंद्र पर लगाया केसीआर सरकार की प्रमुख योजनाओं का समर्थन न करने का आरोप



निजामाबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गरीबों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए, एमएलसी के. कविता ने लोगों की जरूरतों को पूरा करने में केंद्र सरकार की विफलता पर नारा दिया। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र लोगों की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता या उन राज्यों का समर्थन नहीं कर सकता जो अपना कर्तव्य निभा रहे हैं, तो भाजपा को अन्य नेताओं की आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है।

बुधवार को निजामाबाद के राजीव गांधी सभागार में आयोजित आसरा योजना पेंशन वितरण कार्यक्रम में भाग लेने वाली कविता ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का उपहास किया, जिन्होंने उचित मूल्य की दुकानों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर नहीं होने पर स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठाया था।

उसने उन्हें एलपीजी सिलेंडर, यूरिया बैग, पेट्रोल पंप और तेल और दाल के पैकेट सहित अन्य वस्तुओं पर रखने का आश्वासन दिया, जिनकी कीमतें केंद्र की अक्षम नीतियों के कारण आसमान छू गई हैं।

एमएलसी ने कहा कि सीतारामन जी, यदि आप चाहते हैं कि प्रधानमंत्री की तस्वीरें लगाई जाएं, तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। जहां भी सामानों की कीमतें बढ़ रही हैं, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें लगाएंगे। हालांकि, उन्होंने याद दिलाया कि देश के इतिहास में कभी भी प्रधानमंत्री की तस्वीरें पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) की दुकानों के बाहर नहीं लगाई गई। उन्होंने कहा कि नेहरू के समय में नहीं, मनमोहन सिंह या यहां तक कि वाजपेयी, किसी ने भी अपनी तस्वीरें नहीं लगाई हैं।

इसके अलावा, एमएलसी कविता ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सभी वर्गों के लोगों के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन केंद्र प्रयास कर रहा है राज्य सरकार पर ऐसी योजनाओं को मुफ्त के रूप में ब्रांडिंग करने से रोकने का दबाव है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं मुफ्त नहीं हैं, लेकिन कॉरपोरेट्स द्वारा लिए गए भारी कर्ज को माफ करना वास्तविक मुफ्त उपहार है। उन्होंने केंद्र सरकार पर चंद्रशेखर राव सरकार की प्रमुख और लाभकारी योजनाओं का समर्थन नहीं करने का आरोप लगाया, जो इस इरादे को दर्शाती है कि सरकार वास्तव में समाज के बड़े अच्छे की परवाह करती है।

## तेदेपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ नारा लोकेश का 'चलो कवाली' दौरा शुरू

विजयवाड़ा, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेदेपा के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश कवाली के लिए रवाना हो गए, जबकि भीड़ ने 'चलो कवाली' के नारे लगाए। तेलुगुदेशम एससी सेल के नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक बड़ा समूह लोकेश के साथ 500 कारों में एक रैली में आगे बढ़ा। एतुकुरु बाईपास, गुंटूर जिले के तेलुगु देशम नेताओं ने लोकेश का खुले हाथों से स्वागत किया। 79 फुट ऊंचे अभयंजनेस्वामी मंदिर में लोकेश ने विशेष पूजा-अर्चना की। लोकेश मुसुनूर गांव में करुणाकर दुग्गीरा परिवार से मिलने जाएंगे। वे नेल्लोर जिले के कवाली निर्वाचन क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। एससी युवक दुग्गीराला करुणाकर का हाल में ही निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वाईएसआरसीपी नेता उसे कथित रूप से परेशान कर रहे थे।

## पुडुचेरी के पुलिसकर्मी ने हैदराबाद की मेडिकल छात्रा से की छेड़छाड़

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर की एक मेडिकल छात्रा पुडुचेरी में एक पुलिसकर्मी और उसके रिश्तेदार ने छेड़छाड़ की। वह एक विश्वविद्यालय में एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए गई थी। छात्रा का दावा है कि उसके साथ एक पुलिस वाले सहित दो लोगों ने कथित रूप से छेड़छाड़ की। हैदराबाद के जुबली हिल्स के एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा पुडुचेरी में कार्यक्रम स्थल से लौट रही थी। इसी बीच कन्नन नाम के एक पुलिस कांस्टेबल और उसके रिश्तेदार ने कथित तौर पर शराब के नशे में बाइक चला रहे थे और उसे टक्कर मार दी। पुडुचेरी के पुलिस सूत्रों ने कहा कि घटना के समय पुलिसकर्मी ड्यूटी पर नहीं था। उसने कथित तौर पर छात्रा को गाली देना शुरू कर दिया। दोनों लोगों ने उसके साथ अभद्रता की। पुडुचेरी पुलिस ने एक शिकायत के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बंडी ने सदन में राजनीति करने पर विस अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और अध्यक्ष पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी पर जमकर निशाना साधा और अध्यक्ष द्वारा राजनीतिक आलोचना करने की कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने कहा कि सदन के अध्यक्ष को विधानसभा में बड़े भाई की भूमिका निभानी चाहिए। बंडी ने मांग की कि अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने यह टिप्पणी पार्टी के संसद संयोजकों, संयुक्त संयोजकों और जिला प्रभारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए की। संजय ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सात दिन पहले नवरात्रि उत्सव शुरू होने के बाद भी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की पूरी व्यवस्था नहीं की है और कहा कि संबंधित अधिकारियों ने इस मुद्दे पर कोई चर्चा भी नहीं की। उन्होंने कहा कि अधिकारी अदालत के आदेशों का हवाला दे रहे हैं जब उन्होंने उनसे अब तक की गई व्यवस्थाओं के बारे में बात करने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी कोई हिंदू त्योहार होता है तो मुख्यमंत्री और राज्य सरकार को अदालती आदेशों की याद दिलाई जाएगी और दावा किया कि जब भी अन्य समुदायों का त्योहार होता है तो राज्य सरकार अदालत के आदेशों के बारे में बात नहीं करती है। संजय ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के अधिकारी हिंदुओं के बीच उनके त्योहारों के महत्व को कम करने के लिए भ्रम पैदा करने की साजिश कर रहे हैं और कहा कि किसी भी तरह के हिंदू त्योहार के आयोजन की अनुमति से इनकार करना उसी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीएम केसीआर हिंदू समाज की एकता को रोकने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हैदराबाद और अविभाजित रंगा रेड्डी जिले में मूर्तियों के विसर्जन के लिए राज्य सरकार से तत्काल व्यवस्था करने की मांग करते हुए सफलतापूर्वक विरोध प्रदर्शन किया।

बंडी संजय ने यह भी आरोप लगाया कि सीएम केसीआर भाजपा से डरे हुए हैं और उन्होंने कहा कि उन्हें सदन में भाजपा विधायकों के सवालों का डर है, जबकि यह दावा करते हुए कि सीएम केवल दो दिनों के लिए सत्र आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

# तेलंगाना में भव्यता से मनेगा राष्ट्रीय एकता दिवस : सोमेश कुमार

### सीएस ने वरिष्ठ अधिकारियों को दिये कार्यक्रम के आयोजन के लिए पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीआरएस सरकार द्वारा 16 सितंबर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में अधिकारी अब कार्यक्रम की विस्तृत व्यवस्था करने के लिए कमर कस रहे हैं। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने बुधवार को यहां बीआरकेआर भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम की विस्तृत व्यवस्था करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि तीन दिवसीय कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होना चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव 17 सितंबर को तेलंगाना राष्ट्रीय एकता दिवस के हिस्से के रूप में सार्वजनिक उद्यान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और शहर में बंजारा और आदिवासी भवनों का भी उद्घाटन करेंगे। नेकलेस रोड से एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 30 विभिन्न कला रूपों जैसे गुसाड़ी, गोंड और लम्बाडी नृत्य रूपों का प्रदर्शन करने वाले कलाकार भी भाग लेंगे।

इसके बाद मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। बैठक के दौरान अधिकारियों को 16 सितंबर को सभी विधानसभा क्षेत्रों में छात्रों, युवाओं और महिलाओं के साथ सामूहिक रैलियां करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह 18 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

बैठक में जीएडी सचिव शेषाद्री, सचिव पीआर एंड आरडी संदीप कुमार सुल्तानिया, सचिव कपड़ा ज्योति बुद्ध प्रकाश, सचिव आदिवासी कल्याण क्रिस्टीना जेड चोंगतू, सचिव टीआर एंड बी श्रीनिवास राजू, सचिव वित्त रोनाल्ड रोज, प्रोटोकॉल अतिरिक्त सचिव अरविंदर सिंह, आयुक्त पीआर एंड आरडी हनमंथा राव और अन्य अधिकारी बैठक में शामिल रहे।

## एजेंसी क्षेत्रों में युवाओं को गुमराह कर रहे माओवादी : मुलुगु एएसपी



मुलुगु, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुधीर रामनाथ केकन ने आरोप लगाया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी निर्दोष लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर रहे हैं, उन्होंने लोगों से जिले में माओवादी गतिविधियों के प्रसार को रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से माओवादी नेताओं और कैडर के आंदोलन के बारे में जानकारी प्रदान करने का भी आग्रह किया है।

बुधवार को एएसपी ने मुलुगु जिले में कथित रूप से घूम रहे माओवादियों की तस्वीरों वाले पोस्टर जारी किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दशकों से संभावित नई लोकतांत्रिक क्रांति की आड़ में कई हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने वाले माओवादी नेता गरीब आदिवासी और आदिवासी क्षेत्रों के विकास में बाधक बन गए हैं।

तेलंगाना पुलिस समाज की मदद से अपराध की बेहतर निगरानी और रोकथाम के लिए विभिन्न उपाय कर रही है और सीसीटीवी कैमरों जैसे नए विकास उपकरणों का उपयोग कर रही है। एजेंसी क्षेत्र और आदिवासी क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने के इरादे से पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं का पता लगाने और उन्हें हल करने का काम कर रही है। माओवादी इन कार्यक्रमों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं और लोगों में अशांति पैदा करने के आरोप लगा रहे हैं।

माओवादियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए लोग नीचे दिए गए पुलिस के फोन नंबरों पर कॉल कर सकते हैं। एसपी मुलुगु 7901100333, ओएसडी मुलुगु 9440795202 और एएसपी मुलुगु 9440795243। पासरा सीआई शंकर, मुलुगु सीआई श्रीधर, एसआई सीएच करुणाकर, सीएच वेंकटेश्वर राव, ओमकार यादव, ताजोद्दीन और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# नगर में भारी बारिश, स्टोर और मॉल्स में फंसे रहे लोग

### शहर भर में लगा ट्रैफिक जाम * शनिवार तक के लिए येलो अलर्ट जारी



हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार को शहर में भारी बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, राजेंद्रनगर में सबसे अधिक 58.3 मिमी बारिश हुई, इसके बाद बहादुरपुरा (28.5 मिमी) और सैदाबाद (28.0 मिमी) का स्थान रहा। बारिश के कारण शहर भर में जाम की स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार तक मध्यम से भारी बारिश / गरज के साथ सामान्य रूप से बादल छाए रहने की भविष्यवाणी की है। हालांकि शनिवार को भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। शहर में शनिवार तक के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, संभावित प्रभाव में सड़कों और निचले इलाकों में पानी जमा होना, अधिकांश स्थानों पर यातायात की भीड़, गीली और फिसलन वाली सड़कें, पेड़ और बिजली के खंभे गिरना, बिजली, पानी और अन्य सामाजिक गड़बड़ी शामिल हैं। अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान 30 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

राज्य के कई स्थानों पर शनिवार तक लगभग ऐसा ही मौसम का मिजाज जारी रह सकता है और पीले और नारंगी रंग के अलर्ट जारी किए गए हैं, जो क्रमशः भारी और बहुत भारी बारिश का संकेत देते हैं।

आईएमडी ने तीन दिनों के लिए पूर्वानुमान लगाया है। इसी के तहत 8 सितंबर को आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु और भद्राद्री कोठागुडेम जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, महबूबाबाद, जनगांव, सिद्दीपेट, हैदराबाद, विकाराबाद, संगारेड्डी और मेडक जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 9 सितंबर को मंचेरियल, जगत्याल, राजन्ना सिरसिला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु और भद्राद्री कोठागुडेम जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद, निर्मल, निजामाबाद, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी और नागरकुरनूल जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। 10 सितंबर को मंचेरियल, निजामाबाद, जगत्याल, राजन्ना सिरसिला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, महबूबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, जनगांव, सिद्दीपेट और कामारेड्डी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। आदिलाबाद, कुमारम भीम आसिफाबाद, निर्मल, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी, संगारेड्डी और मेडक जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

# दिल्ली शराब घोटाले के आरोपों पर दें जवाब दे मंत्री : जगन

### सीएम ने मंत्रियों को बर्खास्त करने की दी चेतावनी



अमरावती, हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां सीएम कैंप कार्यालय में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सीएम ने कैबिनेट में दिल्ली शराब घोटाले का मुद्दा उठाया। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि शराब घोटाले में एपी मंत्रियों के हाथ होने की चर्चा पर किसी ने तेजी से प्रतिक्रिया नहीं दी। जगन रेड्डी ने कथित तौर पर आरोपों पर प्रतिक्रिया देने में विफल रहने पर दो या तीन मंत्रियों को कैबिनेट से बर्खास्त करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रियों को आरोपों का खंडन करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले पर स्थिति साफ करनी होगी। कैबिनेट ने कई फैसलों को मंजूरी दी। राज्य में 1.26 लाख करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी गई, जिसमें से 81,000 करोड़ रुपये अकेले हरित ऊर्जा परियोजनाओं में हैं। भवनपाडु बंदरगाह के विस्तार और सचिवालय में 85 पदों को पदोन्नत कर्मचारियों से भरने की स्वीकृति दी गई।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com

Epaper :
epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement :
swadds1@gmail.com

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी मे झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहकलेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।



9810940158
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी

## रोबोट टिप्पणी विवाद : विधायक इटेला को नोटिस दे सकते हैं स्पीकर पोच्चारम

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष पोच्चाराम श्रीनिवास रेड्डी भाजपा विधायक इटेला राजेंद्र को उनके खिलाफ टिप्पणी के मामले में नोटिस दे सकते है। अफवाहें व्याप्त हैं कि पहले ही इटेला को नोटिस दिया गया था। पोच्चाराम भाजपा विधायक से स्पष्टीकरण मिलने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि टीआरएस सरकार इटेला को 12 और 13 सितंबर को विधानसभा के मानसून सत्र में शामिल होने से रोकने की साजिश कर रही है। मंगलवार को इटेला ने कहा था कि विधानसभा में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को 'हां' कहकर पोच्चारम रोबोट की तरह काम कर रहे है। उन्होंने बीजेपी विधायकों को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक में आमंत्रित नहीं करने के लिए स्पीकर को दोषी ठहराया।

## तिरुपति में देखा गया चड्डी गैंग, लोगों में दहशत

तिरुपति, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में चड्डी गैंग की घटना की खबर मिलने के बाद तिरुपति के निवासियों में दहशत का माहौल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संदिग्ध चड्डी गैंग तिरुपति के तिरुचनूर में एक घर में घुस गया और घर को लूटने की काफी कोशिश की। पता चला है कि चड्डी गिरोह के सदस्य धारदार हथियारों के साथ घर घुसे और सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया, ताकि कुछ रिकॉर्ड न किया जा सके। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। स्थानीय लोग पुलिस से अनुरोध कर रहे हैं कि कुख्यात चड्डी गिरोह के सदस्यों को तुरंत पकड़ा जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

# नगर पुलिस आयुक्त ने की कल यातायात नियम मानने की अपील



बुधवार को टैंकबंड पर गणेश विसर्जन के लिए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए नगर पुलिस आयुक्त सीवी आनंद, जीएचएमसी आयुक्त लोकेश व अन्य।

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद ने आम जनता से 9 सितंबर को गणेश विसर्जन जुलूस के संबंध में भीड़ को दूर करने, यातायात के सुचारू प्रवाह को बनाए रखने और सार्वजनिक सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कई यातायात नियमों को मानने की अपील की। उन्होंने बताया कि जुलूस मार्ग मुख्य जुलूस केशवगिरी से शुरू होता है और चंद्रयानगुट्टा-लेफ्ट टर्न- एमबीएनआर एक्स रोड-फलकनुमा आरओबी-अलीयाबाद-नागुलचिंटा-चारमीनार-मदीना-अफजलगंज-एसए बाजार-एमजे मार्केट-एबिड्स-बशीरबाग-लिबर्टी-अंबेडकर स्टैच्यू से होकर एनटीआर मार्ग, पीवीएनआर मार्ग (नेकलेस रोड) की ओर जाता है। सिकंदराबाद क्षेत्र से जुलूस आरपी रोड-एमजी रोड-कर्बला मैदान-कावाडीगुडा-मुशीराबाद एक्स रोड-आरटीसी एक्स रोड-नारायणगुडा एक्स रोड-हिमायतनगर 'वाई' जंक्शन से होकर गुजरता है और लिबर्टी में मुख्य जुलूस में शामिल होता है। चिलकलगुडा एक्स सड़कों से आने वाली मूर्तियाँ गांधी अस्पताल के माध्यम से 'एक्स' सड़कें मुशीराबाद में शामिल होती हैं

## तालाबों और झीलों में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर यातायात पर प्रतिबंध

हैदराबाद, 7 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट की सीमा में 9 और 10 सितंबर को विभिन्न टैंकों / झीलों में गणेश मूर्तियों के विसर्जन के मद्देनजर, यातायात के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे। विसर्जन स्थानों में और उसके आसपास की सड़कें आईडीएल टैंक, कुक्कटपल्ली रोड पर यातायात का विनियमन 9 सितंबर को विसर्जन जुलूस की सुविधा के लिए सामान्य यातायात के लिए आईडीएल टैंक प्रवेश द्वार से इंद्रधनुष विस्टा टी-जंक्शन तक सड़क बंद कर दी जाएगी।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.